CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

हल्द्वानी, शनिवार 2 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 245 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 | 14 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केन्द्र सरकार मनरेगा को बहाल करे और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाए: खड़गे पेज 2



17 विकेटों के साथ पर्पल कैप आई भुवनेश्वर के पास खेल टाइम्स



शरीर पर चढ़ाना है मांस, तो मोरिंगा के पत्तों का करें इस्तेमाल सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में 90 प्रतिशत घटी जहाजों की आवाजाही पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस बात पर बहस छिड़ गई है कि क्या सैन्य अभियानों के लिए तय 60 दिनों की कानूनी समय सीमा खत्म हो गई है। इस विवाद ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में नए कानूनी और संवैधानिक सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने तर्क दिया कि फिलहाल इस सैन्य अभियान के लिए संसद से अलग से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी कोई सक्रिय लड़ाई नहीं हो रही है। उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मुझे नहीं लगता कि अभी कहीं बमबारी या गोलीबारी जैसी कोई सक्रिय सैन्य गतिविधि चल रही है। फिलहाल हम शांति समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं, हम युद्ध में नहीं हैं।

### बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया

**ढाका।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कथित बयान को लेकर बांग्लादेश ने कड़ी आपत्ति जताई है। गुरुवार को ढाका ने भारतीय कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाधे को विदेश मंत्रालय में तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। बांग्लादेश के अधिकारियों ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों पर संयम बरतना जरूरी है और इस तरह की सार्वजनिक टिप्पणियां दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित कर सकती हैं।

### मुंबई में 1745 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑपरेशन व्हाइट स्ट्राइक के अंतर्गत बड़े अंतर्राष्ट्रीय कोकीन तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है और मुंबई एवं आसपास के लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से लगभग 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है जिसकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,745 करोड़ रुपये है। ब्यूरो ने शुक्रवार को बताया कि यह सफलता उसके छह महीने लंबे उच्च स्तरीय ऑपरेशन के तहत निरंतर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और निगरानी से मिली है।

### ई-कॉमर्स खाद्य नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** उपभोक्ताओं की सेहत की सुरक्षा के लिए एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के लिए एक ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटर पर छह लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एफएसएसएआई के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के आईपीएस अधिकारी देवेश कुमार महला के पर्यवेक्षण में की गई। यह कदम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से मियाद खत्म होने और खराब खाद्य उत्पादों की बिक्री के संबंध में कई उपभोक्ता शिकायतों के बाद उठाया गया।

# होर्मुज से भारतीय जहाजों के गुजरने पर रोक नहीं: ईरान

■ कहा: 10 हजार भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता, चाबहार रेलवे लाइन का 90 प्रतिशत काम पूरा

**तेहरान/वाशिंगटन।** भारत में ईरान के राजदूत डा. मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि संघर्ष के बावजूद ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही तय कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सहित सभी दोस्त देशों के जहाजों पर किसी तरह की रोक नहीं है। एक इंटरव्यू में फतहाली ने कहा कि जो देश ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की कार्रवाई में शामिल नहीं हैं, उनके जहाज सामान्य तरीके से होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकते हैं। कई भारतीय जहाज इस रास्ते से गुजर भी चुके हैं। उन्होंने चाबहार पोर्ट को रीजनल कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहद अहम बताते हुए कहा कि यह परियोजना लगातार आगे बढ़ रही है और कभी रुकी नहीं है। फतहाली के मुताबिक चाबहार-जोहेदान रेलवे लाइन का लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और जल्द ही रेल लाइन बिछाने का काम खत्म हो जाएगा। फतहाली ने यह भी कहा कि ईरान में रहने वाले करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तय करना सरकार की प्राथमिकता है। ईरान भारतीयों और अपने नागरिकों में कोई भेदभाव नहीं करता है।

## ईरान पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला कर सकता है अमेरिका

■ बचे हुए ईरानी नेता टारगेट पर, सेना ने ट्रम्प को प्लान बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका पहली बार ईरान के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित हमला करने के विकल्पों की जानकारी दी है।

एडमिरल ब्रैड कूपर ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ट्रम्प के साथ बैठक में ये विकल्प पेश किए। इसमें बताया गया कि अगर ट्रम्प दोबारा हमले का फैसला लेते हैं, तो एक 'छोटा लेकिन बहुत ताकतवर हमला' किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में ईरान की बची हुई सैन्य ताकत, उसके नेता और अहम ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को निशाना बनाया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय कुछ नए और एडवांस हथियार इस्तेमाल करने पर भी विचार कर रहा है। इनमें 'डार्क ईगल' नाम की हाइपरसोनिक मिसाइल भी शामिल है। यह मिसाइल करीब 2,000 मील (करीब 3,200 किमी) दूर तक निशाना साध सकती है और ईरान के बचे हुए बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चरों को टारगेट कर सकती है। इसके अलावा, बी-1बी लांसर बॉम्बर विमानों की मौजूदगी भी इलाके में बढ़ाई जा रही है।

# चुनाव हुआ खत्म

# कमर्शियल सिलेंडर ₹ 993 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो





**नई दिल्ली।** देश में सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है।

होटलों और रेस्त्राओं में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक ही झटके में 993 रुपये की बढ़ोतरी एक रिकॉर्ड है। स्थानीय करों को मिलाकर दिल्ली में इसकी कीमत अब 2,078.50 रुपये से बढ़कर 3,071.50 रुपये हो गई है। गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से अब तक कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर के दाम में यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले, एक अप्रैल को 195.50 रुपये, सात मार्च को 114.50 रुपये और एक मार्च को 28 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी। इसके साथ ही, दो महीने में कीमतों में कुल 1,331 रुपये की वृद्धि हुई है। घरेलू इस्तेमाल वाले 14 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें सात मार्च को 11 महीने बाद 60 रुपये की वृद्धि की गई थी। फिलहाल दिल्ली में इसकी कीमत 913 रुपये प्रति सिलेंडर है। ईरान पर फरवरी में अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति बाधित हुई है और कीमतें उछाल पर हैं। सरकार ने फिलहाल राजकोषीय समायोजन के जरिये डीजल और पेट्रोल के दाम नहीं बढ़ने दिए हैं। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में भी वृद्धि सीमित रखी गई है।

**होटलों में इस्तेमाल होने वाले सिलेंडर की कीमत अब 2078.50 रुपये से बढ़कर 3071. 50 हुई**

### अब झेलो महंगाई की मार: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को लेकर नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई बढ़ेगी और अब वही हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में एक ही दिन में 993 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिसे उन्होंने चुनावी बिल करार दिया।

# अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के भाषण हेट स्पीच नहीं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को राहत दी है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया। अदालत ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट का अंतिम निष्कर्ष सही था, लेकिन उसकी तर्क प्रक्रिया (सैंक्शन के आधार पर) पूरी तरह उचित नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि एफआईआर दर्ज करने के लिए पहले से सरकारी अनुमति (सैंक्शन) जरूरी नहीं है। ऐसी अनुमति की आवश्यकता केवल उस चरण में होती है, जब अदालत मामले का संज्ञान लेती है। यदि जांच शुरू करने से पहले ही सैंक्शन को अनिवार्य कर दिया जाए, तो इससे जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

**दोनों भाजपा नेताओं को शीर्ष अदालत से मिली बड़ी राहत**



अदालत ने कहा कि हेट स्पीच संविधान की भाईचारे की भावना के खिलाफ है और समाज की नैतिक संरचना को कमजोर करती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी माना कि मौजूदा कानून इस मुद्दे से निपटने के लिए पर्याप्त हैं और नए कानून बनाने की जरूरत नहीं है। मामला 2020 में दिल्ली के शाहीन बाग में हुए एंटी-सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान दिए गए कथित भाषणों से जुड़ा था। अनुराग ठाकुर ने जहां देश के गद्दारों को वाली बात कही थी, वहीं प्रवेश वर्मा ने चेतावनी दी थी कि अगर शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों को नहीं रोका गया, तो वह आखिरकार घरों में घुसकर बलात्कार और हत्या करेंगे। जिसके बाद सीपीआई (एम) नेताओं बृंदा करात और के एम तिवारी ने आरोप लगाया था कि 27 और 28 जनवरी 2020 को अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा ने भड़काऊ भाषण दिए थे। इसके बाद उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। हालांकि, ट्रायल कोर्ट ने अगस्त 2020 में इस शिकायत को खारिज कर दिया था। इसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने भी 2022 में याचिका को खारिज कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें फर्जी दस्तावेज और मानहानि से जुड़े एक मामले में अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए, लेकिन फिलहाल गिरफ्तारी से राहत दी जाती है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एएस चंदूरकर की पीठ ने यह राहत कुछ शर्तों के साथ दी। अदालत ने कहा कि यदि खेड़ा की गिरफ्तारी होती है, तो उन्हें जमानत दी जाएगी, लेकिन उन्हें जांच में पूरा सहयोग करना होगा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि खेड़ा जब भी पुलिस बुलाए, उन्हें उपस्थित होना होगा और मामले से जुड़े किसी भी सबूत से छेड़छाड़ या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। साथ ही, बिना अदालत की अनुमति के वे देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के पहले के आदेश पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसमें सभी तथ्यों का सही आकलन नहीं किया गया था और कुछ निष्कर्ष गलत प्रतीत होते हैं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहुल गांधी को राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जिले की चंदौसी कोर्ट के आदेश की चुनौती याचिका पर फैसला सुनाते हुए नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश विक्रम डी. चौहान की एकल पीठ ने खुली अदालत में यह फैसला सुनाया है। याचिका खारिज होने के बाद अब राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज होगा और आपराधिक केस भी नहीं चलेगा। फिलहाल ऑर्डर अपलोड होने के बाद आगे की चीजें पता चलेंगी। याचिका पर बहस पूरी होने के बाद आठ अप्रैल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। याचिकाकर्ता सिमरन गुप्ता ने संभल कोर्ट के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सात नवम्बर 2025 को संभल की चंदौसी कोर्ट द्वारा याची की राहुल गांधी के खिलाफ निगरानी याचिका खारिज हुई थी। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछले वर्ष कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन के दौरान विवादित बयान दिया था। जिसमें उन्होंने भाजपा और आरएसएस के साथ-साथ 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज्य) से लड़ने की बात कही थी।

# यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा का परिणाम जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 2856 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया

**प्रयागराज।** उप्र लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है।

यह परीक्षा 22 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। आयोग के मुताबिक इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 93,419 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिनमें से 50,795 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। कुल 182 पदों के सापेक्ष प्रारंभिक परीक्षा के आधार पर 2,856 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह परिणाम पूर्णत: अस्थायी (प्रोविजनल) है। आयोग ने यह भी बताया कि मुख्य परीक्षा के कार्यक्रम एवं उसके लिए ऑनलाइन आवेदन से संबंधित विस्तृत सूचना अलग से जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं कट-ऑफ अंक अंतिम चयन परिणाम घोषित होने के बाद ही उपलब्ध कराए जाएंगे।

### भारत में चीनी दूतावास ने मानसरोवर यात्रा को शुरू करने का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत में चीनी दूतावास ने वर्ष 2026 के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा को भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए फिर से शुरू करने का स्वागत किया है। दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि इस वर्ष 1,000 भारतीय तीर्थयात्रियों को यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। सुश्री जिंग ने अपनी पोस्ट में लिखा कि हमें इस वर्ष 1,000 भारतीय तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करते हुए खुशी हो रही है।

# अमेरिका ने भारत को लौटाई 650 से ज्यादा प्राचीन कलाकृतियां

## कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से जुड़े गिरोह से की गई बरामद

न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिका ने** भारत को करीब 1.4 करोड़ डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटाते हुए कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है।



■ न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में भारत को सौंपा गया

■ भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने अमेरिकी एजेंसियों को सराहा

प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। ये वस्तुएं कई तस्करी गिरोहों की जांच के बाद बरामद की गईं, जिनमें कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से जुड़े गिरोह भी शामिल हैं। इन वस्तुओं को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में भारत को सौंपा गया। ब्रैग ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को निशाना बनाने वाले तस्करी गिरोह का दायरा बहुत बड़ा है। यह 650 से अधिक वस्तुओं की वापसी से स्पष्ट होता है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय, अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्रालय और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सतत सहयोग की सराहना भी की। गणेश प्रतिमा मप्र से लूटी: एक अन्य वस्तु नृत्य करते हुए गणेश की बलुआ पत्थर की प्रतिमा है, जिसे कपूर के सहयोगी रंजीत कंवर ने 2000 में मध्य प्रदेश के एक मंदिर से लूटा था। बुद्ध की 75 लाख डॉलर की मूर्ति: लाल बलुआ पत्थर की 'बुद्ध' प्रतिमा में बुद्ध अपना दाहिना हाथ अभय मुद्रा में उठाए खड़े हैं। इस प्रतिमा के घुटनों के नीचे के पैर टूटे हैं और सिर के पीछे का आभामंडल भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है। अमेरिका द्वारा लौटाई वस्तुओं में अवलोकितेश्वर की 20 लाख डॉलर की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है। शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था। यह प्रतिमा 1939 में लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के एक बड़े भंडार का हिस्सा थी। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने 2012 में सुभाष कपूर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

### जीएसटी संग्रह अप्रैल में 2,42,700 करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सकल राजस्व संग्रह अप्रैल 2026 में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 2,42,702 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अप्रैल में घरेलू जीएसटी संग्रह 1,85,122 करोड़ रुपये और आयातित वस्तुओं पर जीएसटी राजस्व 57,580 करोड़ रुपये रहा। इनमें क्रमश: 4.3 प्रतिशत और 25.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष के पहले महीने में जीएसटी के मद में सरकार ने 31,793 करोड़ रुपये का रिफंड भी दिया है जो सालाना आधार पर 19.3 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार रिफंड घटाने के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर 2,10,909 करोड़ रुपये पर रहा। इसमें घरेलू संग्रह 0.3 फीसदी की मामूली वृद्धि के साथ 1,65,126 करोड़ रुपये और आयातित वस्तुओं पर 42.9 प्रतिशत बढ़कर 45,784 करोड़ रुपये हो गई।

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उठाई हज यात्रियों की आवाज

**लखनऊ।** मध्य पूर्व में चल रहे संकट के कारण विमानन टर्बाइन ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि के चलते भारत के हज तीर्थयात्रियों पर इस वर्ष आर्थिक बोझ बढ़ गया है। इसकी वजह से हज यात्रियों के हवाई किराए में वृद्धि कर दी गई है।अब इस मामले पर नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को चिट्ठी लिखी है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा हज यात्रा 2026 में हवाई किराए की अचानक वृद्धि से हज यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि हज यात्रा 2026 के दौरान विमान ईंधन (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में वृद्धि के कारण हवाई किराए में प्रति हज यात्री 10,000 रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी कर दी गई है।

## शाह के लद्दाख दौरे पर कांग्रेस ने साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लद्दाख दौरे को लेकर प्रतिक्रिया में कहा कि श्री शाह शुक्रवार को पिपरहवा के बौद्ध अवशेषों की ष्महिमाष में व्यस्त हैं, जबकि लद्दाख के लोगों की राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची का दर्जा और भूमि एवं रोजगार की सुरक्षा जैसी अहम मांगों पर चुप्पी साधे हुए हैं। श्री रमेश ने कहा कि लद्दाख में इस तरह के धार्मिक और ऐतिहासिक प्रदर्शनों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिससे गृह मंत्री शायद अनभिज्ञ हैं। उन्होंने 14 जनवरी 1949 की एक ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि उस दिन भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों सारिपुत्र और महा मोग्गलान के पवित्र अवशेष, जिन्हें 1851 में विक्टोरिया और अलबर्ट संग्रहालय ले गए थे, उन्हें वापस भारत लाया गया था।

## मजदूर दिवस पर मुख्यमंत्री की फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों को सख्त चेतावनी

# काम का दाम नहीं दिया, तो होगी कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों के हितों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों से काम लेकर भुगतान में टालमटोल या कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि श्रमिक ने काम किया है, तो उसे उसका पूरा दाम मिलना ही चाहिए, अन्यथा सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'श्रमवीर गौरव कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने



■ श्रमवीर गौरव कार्यक्रम में बोले सीएम पहले होता था श्रमिकों का शोषण, अब नहीं

कहा कि पहले श्रमिकों का शोषण होता था, लेकिन अब सरकार उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में नोएडा में हुए श्रमिक प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में औद्योगिक अशांति किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में श्रमिकों के ठहरने के लिए डोरमेट्री और सस्ती कैंटीन की व्यवस्था की जाएगी, जहां उन्हें किफायती भोजन, स्नानघर, मनो. रंजन और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

सरकार ने श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री के अनुसार अब तक 12 लाख 26 हजार श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं, जबकि शेष 15 लाख 83 हजार निर्माण श्रमिकों को भी आज से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे करीब 80 लाख लोगों को हर साल 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा।

### यूपी में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है, जबकि 65 लाख लोगों को नया रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू राज्य' की छवि से निकलकर देश की अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजन' बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के हर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं, जहां श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। प्रत्येक विद्यालय में एक हजार विद्यार्थियों के पढ़ने की व्यवस्था है। इन संस्थानों में केंद्रीय, नवोदय और सैनिक विद्यालयों के स्तर के शिक्षक नियुक्त किए गए हैं, ताकि श्रमिकों के बच्चे भी भविष्य में उच्च पदों तक पहुंच सकें।

# गंगा एक्सप्रेस-वे 15 दिन टोलमुक्त रहेगा

### आमजन को मुफ्त यात्रा का अवसर मिलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को कमर्शियल ऑपरेशन डेट (सीओडी) से 15 दिनों तक टोल-फ्री रखने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत आमजन उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे और आधुनिक एक्सप्रेसवे पर बिना किसी शुल्क के यात्रा कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 15 दिनों तक टोल वसूली स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अवधि में किसी भी वाहन से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह फैसला उस समय प्रभावी हुआ जब इंडिपेंडेंट इंजीनियर द्वारा कंसेशन एग्रीमेंट के तहत प्रोविजनल सर्टिफिकेट जारी किया गया, जिससे एक्सप्रेसवे की कमर्शियल ऑपरेशन डेट निर्धारित हो गई। इसके साथ ही



■ टोल वसूली स्थगित रखने के निर्देश जारी

एक्सप्रेसवे को आम जनता के उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार घोषित कर दिया गया। करीब 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे पर टोल-मुक्त यात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इसकी गुणवत्ता, गति और सुविधाओं से परिचित कराना है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि एक्सप्रेसवे के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। यह डीबीएफओटी मॉडल पर विकसित किया गया है, जिसमें कन्सेशनैयर्स को 27 वर्षों तक टोल वसूली का अधिकार दिया गया है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रशिक्षण कमान का दौरा किया

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी), शिमला के मुख्यालय का दौरा किया और राष्ट्र को सुरक्षित तथा सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवींद्र गुप्ता तथा एआरटीआरएसी के जनरल ऑफिसर कमांडिग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति को जीओसी-इन-सी द्वारा एआरटीआरएसी के विकास, सैन्य कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर परिचालन दक्षता बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा एआरटीआरएसी की प्रमुख पहलों



■ प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर की चर्चा

के बारे में जानकारी दी गई।

जीओसी-इन-सी ने ड्रोन प्रशिक्षण को बढ़ावा, विशेष प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए उठाए गए कदम, 'रेड टीमिंग' की अवधारणा की शुरुआत व सेना में डिजिटलीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। युद्ध की अवधारणाओं , सेना के लिए संसाधन विकास तथा मित्र देशों और सहयोगी सेनाओं के साथ व्यापक सहभागिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## सत्य, अहिंसा व मानवता के मार्ग पर चलें

### बुद्ध पूर्णिमा पर बसपा मुखिया मायावती ने जारी किया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए गौतम बुद्ध के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा और मानवता की ज्योति को पूरे विश्व में फैलाकर भगवान बुद्ध ने भारत को जगद्गुरु के रूप में प्रतिष्ठा और सम्मान दिलाया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि तथागत गौतम बुद्ध की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए उनके अनुयायियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक बधाई दी जाती है। साथ ही सभी के जीवन में सुख, शांति और सौहार्द बना रहे, ऐसी कामना की। मायावती ने कहा कि गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर लोगों के जीवन को सुखी



और समृद्ध बनाना ही सच्चा राजधर्म है। इसकी सफलता तभी संभव है जब सभी सरकारें अपनी कथनी और करनी में अंतर न रखें तथा जो कहें, वही करें और जो करें, वही कहें। तभी समाज को सही दिशा और प्रेरणा मिल सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारों को विशेष रूप से सभी धर्मों के मानने वाले लोगों के जान-माल और उनके मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यही तथागत गौतम बुद्ध के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### सिलेंडर महंगे नहीं, रोटी की थाली महंगी: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रीपेड मीटर पर विरोध प्रदर्शन को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार बिजली को लेकर भ्रष्टाचार रैकेट चला रही है, जनता ने चोरी पकड़ ली है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रीपेड मीटर की आड़ में टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल करके जनता को लूट रही है। इस बार स्मार्ट मीटर तोड़े जा रहे हैं, अगली बार ईवीएम तोड़ी जाएगी। इससे पहले लखनऊ में यादव ने कहा कि लोगों ने समय-समय पर जो ज्ञान दिया है, उसमें सबसे बड़ा योगदान भगवान बुद्ध का रहा है।

## आंधी-तूफान से नुकसान का 24 घंटे के अंदर मुआवजा पहुंचाएं अधिकारी: सीएम

**लखनऊ।** यूपी में भारी बारिश, तेज आंधी और आकाशीय बिजली ने पिछले दो दिनों में भारी तबाही मचाई है, जिसमें 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हुए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और 24 घंटे के भीतर मुआवजा व राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा 16 पशुओं की भी मौत हो गई है. प्रदेश के कई जिलों में बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की घटनाएं भी दर्ज की गईं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जानकारी के अनुसार कई जिलों में खेतों में काम कर रहे किसान, खुले स्थानों पर मौजूद लोग और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि राज्य सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों को तुरंत बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए और सभी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। जनहानि, और घायलों को 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76913.50
निफ्टी 23997.55

सोना 148652 प्रति 10 ग्राम
चांदी 236882 प्रति किलो

## वित्तीय अपराधों के खिलाफ मजबूत ढाल है ईडी: चौधरी

नई दिल्ली, वार्ता

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) देश में वित्तीय अपराधों के खिलाफ एक मजबूत ढाल के रूप में कार्य कर रही है और आम नागरिकों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

चौधरी ने शुक्रवार को यहां आयोजित 70वें प्रवर्तन दिवस समारोह में ईडी की भूमिका और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईडी देश में वित्तीय अपराधों के खिलाफ एक मजबूत ढाल के रूप में कार्य कर रही है और आम नागरिकों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ईडी को दी गई शक्तियां किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला, बेनामी संपत्ति, बैंक घोटाले और आतंकवाद की फंडिग जैसे गंभीर अपराधों को रोकने के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये अपराध देश और समाज के लिए कैंसर के समान हैं, जिनसे सख्ती से निपटना

■ नागरिकों के हितों की रक्षा में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका: वित्त राज्य मंत्री

आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक ईडी ने लगभग 2.36 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं, जिनमें से करीब 63 हजार करोड़ रुपये वास्तविक मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। उन्होंने इसे एजेंसी की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे बैंकों, निवेशकों और आम लोगों को सीधा लाभ मिला है। श्री चौधरी ने साइबर धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट और क्रिप्टो करंसी से जुड़े अपराधों को नई चुनौतियों के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ इन अपराधों में भी वृद्धि हुई है, जिनसे निपटने के लिए ईडी और अन्य एजेंसियां लगातार समन्वय के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने न्याय प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि जांच एजेंसियों को समय पर अदालतों में अभियोजन प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

### यात्री वाहनों की बिक्री में अप्रैल में जारी रहा उछाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में भी सालाना आधार पर यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। यात्री वाहनों में कार, वैन और उपयोगी वाहन आते हैं। देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी की बिक्री में अप्रैल में 33 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 2,39,646 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इसमें घरेलू बिक्री में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ और यह 1,91,122 इकाई पर पहुंच गई। इसके अलावा उसने भारत में दूसरी कंपनी के भी 8,470 वाहन बेचे। मारुति सुजुकी का निर्यात 40,054 इकाई रहा जो अप्रैल 2025 की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है।

## मदरसा पाठ्यक्रम में सुधार की जरूरत आधुनिक शिक्षा समय की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया उत्तर प्रदेश, कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के एक होटल में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के जनरल सेक्रेटरी मौलाना दीवान साहब जमा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था की है, लेकिन इसमें मदरसा शिक्षकों को शामिल नहीं किया गया है, जबकि सरकार ने संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को इस योजना में शामिल किया है, ऐसे में मदरसा शिक्षकों को योजना से बाहर रखना दुर्भाग्यपूर्ण है।



बैठक में मदरसा पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम में परिवर्तन आवश्यक है, जो समय और समाज की मांग भी है। इसके लिए जिला स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी और राज्य स्तर पर भी एक कमेटी बनाई जाएगी। इस पर मदरसा बोर्ड को निर्णय लेना चाहिए, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो संगठन स्वयं इस दिशा में पहल करेगा। मौलाना दीवान साहब ने मदरसों में लगातार हो रही जांच पर भी सवाल उठाए और कहा कि अनावश्यक जांच के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और मदरसा संचालकों को प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, इस पर कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए ऐसी जांचों पर रोक लगाने की बात कही है। उन्होंने कामिल और फाजिल डिग्री को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की और कहा कि अदालत ने इन डिग्रियों को असंवैधानिक नहीं बताया, बल्कि मदरसा बोर्ड के अधिकार क्षेत्र पर टिप्पणी की थी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## कमर्शियल एलपीजी कीमतों में भारी बढ़ोतरी पर बिफरी सीपीआई

### सरकार की नीति ने देश को असुरक्षित छोड़ा

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्यसभा सांसद पी संदोष कुमार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है।

कुमार ने कहा कि यह बढ़ोतरी सरकार की असफल कूटनीतिक विदेश नीति का सीधा परिणाम है, जो वैश्विक ऊर्जा अस्थिरता के बीच भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में नाकाम रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईंधन की आपूर्ति और कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के बजाय सरकार की

■ गोमती यूपी के संस्कृति व आस्था की प्रतीक

नीतियों ने देश को असुरक्षित स्थिति में छोड़ दिया है। इसका सीधा असर अब रेस्टोरेंट, ढाबों, छोटे भोजनालयों, हॉस्टल, पीजी आवास और अन्य छोटे कारोबारों पर पड़ रहा है।

कुमार ने कहा कि इस बढ़ोतरी का तत्काल प्रभाव खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों और जीवनयापन के खर्च में वृद्धि के रूप में सामने आएगा, जिससे आम जनता सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान के ठीक एक दिन बाद हुई यह बढ़ोतरी उनकी पार्टी की उस चेतावनी को सही साबित करती है, जिसमें कहा गया था कि चुनाव खत्म होते ही एलपीजी और अन्य ईंधन के दाम बढ़ाए जाएंगे। भाकपा के अनुसार, सरकार का ध्यान जनता के कल्याण पर नहीं, बल्कि चुनावी छवि पर केंद्रित है। पार्टी ने कहा, ष्जैसे ही मतदान समाप्त होता है, सरकार का असली चेहरा सामने आ जाता है और बोझ आम लोगों पर डाल दिया जाता है,ष श्री कुमार ने इस कदम को ष्शर्मनाकष बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि ऐसी जनविरोधी नीतियों का देशभर में विरोध किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत इस बढ़ोतरी को वापस ले और आम जनता को राहत प्रदान करे।

## मनरेगा की बहाली और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाए केंद्र: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को फिर से शुरू करने और श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की मांग की है।

खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बढ़ती बेरोजगारी सरकार की नीतियों का परिणाम है और सरकार ने जो श्रम संहिता लागू की है उससे कामगारों की स्थिति कमजोर हुई है। इसके अलावा ठेका श्रमिक व्यवस्था तथा 'हायर एंड फायर' जैसी नीतियों को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन श्रम कानूनों की समीक्षा की जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया है, जिससे राज्यों



मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया, जिससे राज्य परेशानी में आ गए

के लिए योजना को प्रभावी ढंग से चलाना कठिन हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण श्रमिकों को असंगठित और गिग कार्य की ओर धकेला जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई को ध्यान में रखा जाए तो पिछले वर्षों में मजदूरी वृद्धि बहुत कम रही है। श्री खड़गे ने शिक्षित युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी पर भी चिंता जताई और कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश तथा सरकारी रिक्त पदों को न भरने से रोजगार के अवसर घटे हैं। कांग्रेस ने कामगारों के हित में पांच प्रमुख मांगें दोहराईं। इनमें मनरेगा को पुनः लागू कर शहरी क्षेत्रों तक विस्तार करना, राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन निर्धारित करना, श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य अधिकार कानून लागू करना, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराना तथा रोजगार में ठेकेदारी व्यवस्था पर रोक लगाने के साथ नए श्रम कोड की समीक्षा करना शामिल है।

### एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। श्री वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में करीब एक हजार रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर उन करोड़ों लोगों पर पड़ेगा जो छोटे ढाबों और रेस्टोरेंट्स से भोजन पर निर्भर हैं। इसके साथ ही छोटे खाद्य व्यवसायों पर भी इसका अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की आम लोगों की परेशानियों के प्रति संवेदनशीलता केवल चुनावी समय तक सीमित रहती है, जबकि चुनाव खत्म होने के बाद जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों से जारी ईरान युद्ध के चलते अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव की आशंका थी, ऐसे में सरकार को पहले से ठोस योजना बनाकर राहत देनी चाहिए थी। लेकिन सरकार ने सीधे तौर पर कीमतों का बोझ जनता पर डाल दिया। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर एलपीजी की कीमतों में राहत दे । गौरतलब है कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई है वहीं 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी शुक्रवार से 261 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है।

CMYK



# सीएम ने विकास योजनाओं को दी 1252 करोड़ की मंजूरी



■ आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा पेयजल एवं बाढ़ सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को सशक्त करने में मिलेगा महत्वपूर्ण सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों के साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 1252 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया है। इन निर्णयों से आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा पेयजल एवं बाढ़ सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने नियोजन विभाग द्वारा स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो यथा ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना में त्रिवेणी घाट पुनरूद्धार के लिए 115 करोड़ तथा हरिद्वार गंगा कॉरिडॉर परियोजना के अन्तर्गत नोर्थ हर की पौडी डवलपमेंट के लिए 69.06 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल में टिहरी झील के चारों और रिंग रोड (28.605 किमी) तक मोटर मार्ग निर्माण के लिए तहसील टिहरी/मदननेगी के अन्तर्गत अधिग्रहित 18 ग्रामों में अर्जित भूमि के प्रतिकर का भुगतान के लिए ₹ 25.13 करोड़ एवं जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रताप. नगर/टिहरी के अन्तर्गत टिहरी झील के चारों और रिंग रोड निर्माण कार्य (पूर्व निर्मित मोटर मार्ग का चौडीकरण एवं सुधारीकरण) के वन भूमि हस्तान्तरण के एनपीवी भुगतान के लिए 10.94 करोड़ तथा अन्य विभागों के एनपीवी का भुगतान/भूमि अधिग्रहण हेतु प्राप्त कुल मांग 20 करोड़ अर्थात प्राविधानित धनराशि 100 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त में 56.07 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड धारचूला में कैलाश मानसरोवर मार्ग में गब्यांग के चम्फू नाले के पास नवीन डेस्टिनेशन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सामुदायिक सहभागिता के आधार पर एस्ट्रो टूरिज्म/पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से 08 नग इग्लू डोम हटों के निर्माण के लिए 4.67 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित माध्यमि, प्रारम्भिक विद्यालय शिक्षक शिक्षा की स्थापना (90 प्रति के.पो) वेतन का भुगतान के अन्तर्गत वेतन भत्तों, चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि के लिए प्राविधानित धनराशि 446 करोड़ तथा उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत 21 अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के वेतन भुगतान हेतु चालू वित्तीय वर्ष में आय-व्ययक में प्राविधानित धनरा. शि 155.37 करोड़ के सापेक्ष प्रथम छः माह (अप्रैल, 2026 से सितम्बर, 2026) के लिए 77.69 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र योजना की वित्तीय वर्ष 2023-24 की अनुमोदित कार्ययोजना के लिए भारत सरकार से प्राप्त 56.35 करोड की धनराशि अपरिहार्य परिस्थितियों एवं सर्वथा कार्यहित में वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य आकस्मिकता निधि से अंतरित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा अकादमी के वैभरली कम्पाउण्ड में टाईप-4 एवं टाईप-5 के आवासों के निर्माण के लिए शेष धनराशि कुल 1.90 करोड को आकस्मिकता निधि से स्वीकृत/अवमुक्त किये जाने के साथ ही जनपद हरिद्वार की शाखा हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार नगरीय पेजयल योजना में शिवलोक एवं आर्यनगर में क्षतिग्रस्त वितरण प्रणाली की प्रतिस्थापन कार्य हेतु ₹ 4.86 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने हेतु का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत हरिद्वार में पाइपलाइन बिछाने और वितरण के लिए पंपिंग जल आपूर्ति योजना के प्रतिस्थापन के लिए 06 करोड की योजना स्वीकृत किये जाने के साथ ही जनपद हरिद्वार के बहादराबाद विकासखण्ड में हरकी पौडी क्षेत्र, कनखल क्षेत्र एवं गौरीशंकर क्षेत्र में पूर्व निर्मित सड़कों की मरम्मत एवं सुधारीकरण कार्य के लिए 06 करोड तथा विद्युत विभाग को लाईन शिफ्टिंग किये जाने के लिए 99 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमा. ेदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपद में आयी दैवीय आपदा से जन, धन एवं परिसम्पत्तियों की हानि की रोकथाम एवं आपदा से सम्भावित क्षति को न्यून किये जाने हेतु आपदा न्यूनीकरण निधि (राज्य सेक्टर) में प्राविधानित कुल धनरा. शि 28.00 करोड़ के सापेक्ष प्रति जनपद 01 करोड अर्थात कुल 13 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### लोहाघाट में सरफेस पार्किंग निर्माण के लिए 39 लाख की धनराशि अवमुक्त

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चम्पावत के अन्तर्गत लोहाघाट में सरफेस पार्किंग निर्माण के लिए 39 लाख, थाना टनकपुर में टाईप द्वितीय के 20, टाईप तृतीय के 04 आवासों के निर्माण हेतु ₹9.43 करोड के सापेक्ष प्रथम किश्त में 3.77 करोड तथा जनपद देहरादून के विधानसमा क्षेत्र रायपुर के अन्तर्गत लोहे के पुल से सौंग पुल तक बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए 4.22 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य वित्त पोषित योजना ''विधायक निधि योजनान्तर्गत'' चालू वित्तीय वर्ष के आय-व्ययक में प्रावधानित धनराशि से 70 मा० विधायकगणों को उनके विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए निर्धारित विधायक निधि 5 करोड प्रति विधायक की दर से कुल 350 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# बौद्ध सर्किट कॉरिडोर में उत्तराखंड को शामिल कराने का होगा प्रयास: महाराज

■ बुद्ध पूर्णिमा के भव्य समारोह में किया प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आज के समय में जब समाज को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और विश्व में युद्ध के हालात बने हुए हैं ऐसे समय में भगवान बुद्ध के विचार और भी प्रासांगिक हो जाते हैं। हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए।

उक्त बात प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने बौद्ध उत्सव मेला समिति, कालसी द्वारा शुक्रवार को विकास नगर स्थित हैरिटेज डी. एस. में आयोजित बैसाखी बुद्ध पूर्णिमा समरोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कहीं। उन्होंने कार्यक्रम आयोजकों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्वोत्तर के 5 राज्यों में 'बौद्ध सर्किट कॉरिडोर' बनाने की घोषणा की है। हमारा प्रयास होगा कि उत्तराखंड को भी इसमें शामिल किया जाये। देहरादून स्थित बुद्धा टेंपल बौद्ध धर्म का एक बड़ा केंद्र है। माइंडरोलिंग मठ, बुद्धा टैम्पल, एशिया का सबसे बड़ा स्तूप यहाँ है। इसमें शाक्यमुनि बुद्ध की विशाल मूर्ति और भित्ति चित्र हैं।

कैबिनेट मंत्री महाराज ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध उत्सव मेला समिति द्वारा आयोजित समारोह पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि मानवता, शांति और करूणा का संदेश देने वाला एक प्रेरणादायक समारोह है।

उन्होंने कहा कि समिति ने इस आयोजन के माध्यम से समाज में भगवान बुद्ध के विचारों और सिद्धान्तों को जागृत करने का प्रयास किया है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं और हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री खजान दास, विकास नगर विधायक, मुन्ना सिंह चौहान, राज्य मंत्री श्यामवीर सिंह सैनी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री धर्मवीर सैनी, हरबर्टपुर नगरपालिका अध्यक्ष नीरू देवी, वीरेंद्र सैनी, गुरु दयाल सैनी, चौधरी इंद्राज सिंह सैनी एवं बौद्ध उत्सव मेला समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# केदारनाथ धाम पहुंचे उद्योगपति गौतम अडानी




■ रोपवे परियोजना पर भी किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** देश के अग्रणी उद्योगपति गौतम अडानी ने हिमालय की गोद में स्थित पवित्र केदारनाथ धाम में पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना और जलाभिषेक कर देश और समाज की समृद्धि की कामना की। इस आध्यात्मिक यात्रा में उनकी पत्नी प्रीति अडानी भी उनके साथ मौजूद रहीं।

धाम पहुंचने पर बीकेटीसी के अध्यक्ष हेंमत द्विवेदी ने उनका स्वागत किया और दर्शन उपरांत भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। मंदिर परिसर में इस दौरान श्रद्धा और व्यवस्थाओं का संतुलित माहौल देखने को मिला। अडानी निजी हेलीकॉप्टर के माध्यम से धाम पहुंचे, जिसके मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि आम श्रद्धालुओं की यात्रा और दर्शन व्यवस्था प्रभावित न हो। दर्शन के पश्चात उन्होने ने सोनप्रयाग केदारनाथ रोपवे परियोजना को लेकर विशेष रुचि दिखाई और इसके एरियल सर्वे की योजना पर चर्चा की। यह महत्वाकांक्षी परियोजना अडानी ग्रूप द्वारा विक. सित की जानी प्रस्तावित है, जो केदारनाथ यात्रा को अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। बीकेटीसी अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में यह रोपवे परियोजना न केवल यात्रा को सरल बनाएगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को नई गति देगी। इससे स्थानीय व्यापार, रोजगार के अवसर और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर बीकेटीसी के अधिकारी, पुजारीगण और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। केदारनाथ धाम में अडानी का यह दौरा आस्था और विकास के समन्वय का प्रतीक बनकर सामने आया है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष संग 27 की चुनाव रणनीति पर होगा मंथन: भट्ट



■ 27 में एकतरफा जीत की दृष्टि से मिलेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन
■ 3 दिवसीय प्रवास को लेकर जबरदस्त उत्साह, शानदार स्वागत की तैयारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के दौरे में सरकार और संगठन पर विस्तृत चर्चा के साथ 27 के चुनाव रणनीति पर होगा मंथन। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बताया कि शीघ्र होने वाले इस पहले प्रवास में राष्ट्रीय अध्यक्ष मंडल से लेकर प्रदेश और सरकार में कैबिनेट मंत्रियों की बैठक लेंगे। जी के भव्य स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। इसी तरह यात्रा प्रबंधन को लेकर स्पष्ट किया कोई वीआईपी दर्शन नहीं, भगवान के सबको समान दर्शन हो रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रभारी के दौरे पर तंज कसा कि किसी के दौरे से फर्क नहीं पड़ने वाला, अब स्वयं कांग्रेस पार्टी ही प्रदेश की उम्मीदों के लिए भारी हो गई है।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के विभिन्न मुद्दों पर पूछे गए सवालों के जबाब में श्री भट्ट ने ये बात कही। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रस्तावित दौरे को लेकर बताया कि शीघ्र 5 राज्यों के परिणामों के बाद वे 3 दिवसीय प्रवास पर उत्तराखंड आयेंगे। जिसको लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है और एयरपोर्ट से लेकर पार्टी मुख्यालय तक वे जगह-जगह पर उनका शानदार स्वागत करने को उत्सुक हैं। अपने प्रवास में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक लेंगे। जिसमें मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद समेत कोर कमेटी के सदस्य मौजूद रहेंगे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा होगी। प्रदेश संगठन द्वारा राज्य के वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य का खाका खींचते हुए, विधानसभावार पार्टी की तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार के कामों का जनता पर प्रभाव, विधायकों के प्रदर्शन और क्षेत्रवार मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसी तरह जिन सीटों पर पार्टी जनता का विश्वास हासिल नहीं कर पाई थी उसके लिए विशेष रणनीतिक योजना का खाका तैयार किया जाएगा। इस बार भाजपा सभी विधानसभाओं को जीतने की दृष्टि से बनने वाली चुनावी योजनाओं पर राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

**एक जिले और एक मंडल स्तर की पदाधिकारी बैठक लेकर जमीनी तैयारी भी परखेंगे:** इसके अतिरिक्त पार्टी पदाधिकारियों की बैठक भी वह लेने वाले हैं। जिसमें सांगठनिक कार्यक्रमों की समीक्षा और 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर आवश्यक रणनी. तिक विशेष सुझाव भी दिए जायेंगें। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात के साथ साथ एक जिले और एक मंडल स्तर की पदाधिकारी बैठक लेकर वह जमीनी तैयारी को भी परखेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्य के मंत्रिमंडल सदस्यों की बैठक भी लेंगे, जिसमें केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वहन और उसके प्रभाव पर विस्तृत जानकारी की जाएगी। सरकार के कामों को युद्ध स्तर पर पूरा कर 27 चुनावों के लिए कमर कसने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए जाएंगे।

### प्रभारी के दौरे से फर्क नहीं पड़ेगा, स्वयं कांग्रेस पार्टी ही जनभावनाओं पर भारी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कांग्रेस प्रभारी के गढ़वाल दौरे को लेकर कहा कि यह कांग्रेस का निजी मामला है। लेकिन इतना जरूर है कि उनका पिछला कुमायूं दौरा बहुत अच्छे परिणाम वाला नहीं रहा, ठीक ऐसा ही कुछ गढ़वाल में भी रहने वाला है। अभी तो यह भी तय नहीं है कि वे धार्मिक यात्रा पर हैं या राजनीतिक। फिलहाल तो उनके प्रभारी के आने से कांग्रेस की स्थिति में कोई सुधार नहीं आने वाला है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता जनता के अरमानों पर ही बहुत भारी पड़ रहे हैं, जिसे वह जल्द से जल्द उतारना चाहती है। लिहाजा उनके आने जाने से प्रदेश की राजनीति में कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है।

# पिथौरागढ़ नृशंस हत्याकांड पर महिला आयोग सख्त, कड़ी कार्रवाई के निर्देश



■ पुलिस क्षेत्राधिकारी धारचूला से आयोग अध्यक्ष ने की वार्ता; आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश ■ हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं कानून हाथ में लेने वालों पर होगी कठोरतम कार्रवाई: कुसुम कंडवाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने पिथौरागढ़ जनपद के अस्कोट क्षेत्र में पति द्वारा अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर की गई निर्मम हत्या के प्रकरण का अत्यंत गंभीरता से स्वत: संज्ञान लिया है। श्रीमती कंडवाल ने इस जघन्य अपराध के संदर्भ में पुलिस क्षेत्राधिकारी धारचूला से दूरभाष पर वार्ता कर घटना की वस्तुस्थिति और अब तक की गई पुलिसिया कार्रवाई की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

आयोग की अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया है कि इस वीभत्स हत्याकांड की विवेचना त्वरित और पारदर्शी ढंग से की जाए तथा अभियुक्त के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे कठोरतम दंड दिलाया जाए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी पति ने पत्नी के किसी अन्य युवक के साथ अनैतिक संबंधों से क्षुब्ध होकर इस नृशंस हत्या को अंजाम दिया है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कुसुम कंडवाल ने कहा कि कथित अनैतिक संबंधों का तर्क देकर किसी की जीवनलीला समाप्त कर देना कानून का घोर उल्लंघन और अमानवीय कृत्य है।

उन्होंने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि वैवाहिक अथवा पारिवा. रिक कलह की स्थिति में हिंसा को समाधान मानना एक संकुचित और अपराधी प्रवृत्ति का परिचायक है। क्योंकि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, कानून हाथ में लेने वालों पर होगी कठोरतम कार्रवाई होगी।

उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि नागरिक कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पूर्ण सहयोग करें और किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें।

हिंसा किसी भी समस्या का तार्किक समाधान नहीं हो सकती और कानून हाथ में लेने वाले व्यक्ति को संवैधानिक तंत्र की कठोरता का सामना करना ही होगा।

अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि यदि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से संबंधों में दरार आ गई है और आपसी सामंजस्य संभव नहीं रह गया है, तो सभ्य समाज में विधिक सहायता लेते हुए सम्मानजनक तरीके से संबंध विच्छेद कर लेना ही एकमात्र उचित मार्ग है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि इस प्रकार की निर्मम हत्या करने वाले अपराधियों को विधिक प्रक्रिया के तहत ऐसी कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए, जो समाज में एक शनिवारकश के रूप में कार्य करे। उन्होंने कहा कि न्याय कठोरता ऐसी होनी चाहिए जिससे समाज में भविष्य में कोई भी अपराधी ऐसे कदम उठाने से पूर्व सौ बार सोचने पर विवश हो जाए।

राज्य महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और इस मामले में न्याय मिलने तक निरंतर अनुश्रवण करता रहेगा।

# चरस व अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

■ आरोपी पूर्व में कई बार जा चुका है जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को साकार करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले भर में श्ऑपरेशन प्रहारश तेजी से चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दून पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से भारी मात्रा में चरस और अवैध शराब बरामद हुई है।

कोतवाली सहसपुर पुलिस द्वारा 30 अप्रैल को सभावाला क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने 22 वर्षीय मौ0 अबुजर पुत्र जहीर हसन (निवासी बड़ा रामपुर) को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से 179 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस जांच में सामने आया है कि अबुजर एक शातिर किस्म का अपराधी है, जिस पर पहले से ही सहसपुर और विकासनगर थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट और मादक पदार्थों की तस्करी के आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। वह पूर्व में भी कई बार जेल की हवा खा चुका है।

### क्लेमेंट टाउन में शराब तस्कर दबोचा

वहीं, दूसरी कार्रवाई थाना क्लेमेंट टाउन पुलिस द्वारा की गई। औसला लाइन छोटा भारुवाला क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने सुनील पुत्र मामचंद (निवासी टर्नर रोड) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 56 टेट्रा पैक अवैध देशी शराब माल्टा बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में सत्यापन और चेकिंग अभियान में कोई ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जा रही है ताकि देवभूमि को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाया जा सके।

# एनआईटी श्रीनगर में 60 सीटों पर होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

■ छात्र 30 मई तक कर सकते हैं आवेदन 15 जून को होगी प्रवेश परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) श्रीनगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। एनआईटी प्रशासन ने इसके लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर दिए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 मई तक आवेदन कर सकते हैं। एनआईटी की डीन एकेडमिक डॉ. जागृति सहारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि संस्थान में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के साथ ही ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंस विषयों में पीएचडी के लिए प्रवेश दिए जाएंगे। डॉ. सहारिया ने बताया कि इस वर्ष कुल 60 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी, जिनका निर्धारण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। इसके अतिरिक्त, कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए पार्ट-टाइम पीएचडी का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा, जिससे वे अपनी नौकरी के साथ शोध कार्य जारी रख सकें। बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा 15 जून को आयोजित की जाएगी और उसी दिन साक्षात्कार भी संपन्न कराया जाएगा। परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम 22 जून को संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। एनआईटी प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने और विस्तृत जानकारी के लिए एनआईटी श्रीनगर की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करने की अपील की है।

# नागरिक प्रशासन व सशस्त्र बलों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी: राज्यपाल



■ लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित 32वें संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/मसूरी।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित 32वें संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। 12 दिन तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर की 31 विभिन्न सेवाओं एवं संस्थानों के 82 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें 14 महिला अधिकारी भी शामिल रहीं।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए नागरिक प्रशासन एवं सशस्त्र बलों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एकजुटता और तालमेल ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, जिसे हर स्तर पर सशक्त करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि नागरिक-सैन्य समन्वय राष्ट्रशक्ति का अभेद्य कवच है। एक सैनिक का साहस और एक प्रशासक की रणनीतिक क्षमता जब एक साथ आती है, तो राष्ट्र की सुरक्षा और प्रगति को नई दिशा मिलती है। उन्होंने प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए इसे अत्यंत महत्वपूर्ण और उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में नागरिक-सैन्य समन्वय की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक सुरक्षित और स्थिर राष्ट्र का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब आंतरिक और बाह्य सुरक्षा मजबूत होती है, तभी विकास की योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो पाती हैं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचता है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर है और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर दिशा प्रदान करने वाला देश बन रहा है। राज्यपाल ने अधिकारियों से समन्वय, संवाद और संपर्क को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बने आपसी संबंध भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्रियाकलापों में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम में अकादमी के निद. ेशक श्रीराम तरणिकांति, संयुक्त निदेशक षणमुख प्रिया मिश्रा, कोर्स समन्वयक डी. महेश सहित विभिन्न सेवाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खेल विभाग में कॉन्ट्रैक्ट प्रशिक्षकों की निरंतरता बढ़ाने के निर्देश

■ विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा ने जारी किए निर्देश, प्रशिक्षकों को निरंतरता प्रदान करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी

**खेल संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड शासन ने खेल विभाग में कार्यरत कॉन्ट्रैक्ट खेल प्रशिक्षकों की सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस संबंध में विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, जनपदों में तैनात कॉन्ट्रैक्ट खेल प्रशिक्षकों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निरंतरता प्रदान किए जाने तथा उनके कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

शासन ने इस विषय में पूर्व में जारी आदेशों और संशोधनों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया है कि प्रशिक्षकों की नियुक्ति एवं सेवाओं का विस्तार नियमानुसार किया जाएगा। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि खेल विभाग के अंतर्गत वर्तमान में कार्यरत कॉन्ट्रैक्ट प्रशिक्षकों, जिनकी सेवा अवधि पूर्ण हो चुकी है, उनके मामलों में भी शासनादेश दिनांक 11 जुलाई 2024 के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। इसके तहत योग्य प्रशिक्षकों को निरंतरता प्रदान करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इस निर्णय से प्रदेश में खेल गति. विधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद है और खिलाड़ियों को निरंतर प्रशिक्षण उपलब्ध हो सकेगा।

CMYK

# चार लोगों को लगाया एक करोड़ का चूना

## करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी में पहले भी जेल जा चुका है आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बैंक कंपनी का झांसा देकर कमेटी का व्यवसाय करने वाले एक व्यक्ति ने चार लोगों से करीब एक करोड़ रुपये हड़प लिये। मामले की तहरीर दो लोगों द्वारा कोतवाली पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। आरोपी पूर्व में मोटी धोखाधड़ी के आरोप में जेल जा चुका है।

आर्यनगर निवासी गौरव अरोरा पुत्र जयप्रकाश अरोरा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि उसकी व उसके साथियों भूप सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम बघेलेवाला और विनोद अरोरा पुत्र मोहन लाल निवासी वार्ड नंबर-14 मौहल्ला टांडा उज्जैन काशीपुर की पहचान वर्ष 2023 में शुगर फैक्ट्री राजेन्द्र नगर कॉलोनी खड़कपुर देवीपुरा रोड काशीपुर निवासी व्यक्ति से डॉक्टर लाईन



स्थित दुकान पर हुई। उसके द्वारा बताया गया कि उसकी खुद की बैंक कम्पनी है जो केन्द्र सरकार से मान्यता प्राप्त है और वह कमेटी व्यवसाय का कार्य करता है। गौरव के मुताबिक वह लोग उक्त व्यक्ति के झासे में आ गये। इसके उपरान्त गौरव ने दिसम्बर 2023 से अगस्त 2024 तक कई बार में नगद एक लाख सत्तर हजार रूपये एवं भूप सिंह ने नवम्बर 2023 से मार्च 2024 तक नगद साढ़े सात लाख रूपये एवं विनोद अरोरा ने नगद व बैंक माध्यम द्वारा साढ़े पांच लाख रूपये उक्त व्यक्ति को दे दिये किन्तु काफी समय व्यतीत होने के बाद भी उक्त व्यक्ति ने उसे व उसके दोनों साथियों को कोई भी रूपया वापस नहीं लौटाया। जांच पड़ताल की तो ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्ति के पास कोई भी बैंक कम्पनी नहीं है। उक्त व्यक्ति ने उसके व उसके साथियों के साथ धोखाधड़ी कर सारे रूपये हड़प लिये हैं। आरोप है कि रूपयों का तकादा करने पर उक्त व्यक्ति जान से मारने की धमकियां दे रहा है। उधर, मौहल्ला कटरामालियान निवासी शिवम अरोरा पुत्र स्व. सतीश अरोरा ने भी उक्त व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली पुलिस को इसी तरह की तहरीर सौंपकर बताया कि मई 2023 से जून 2024 तक कई बार नकद व बैंक माध्यम से उसने 78,46,620 रुपये अपनी मां और चचेरे भाई से लेकर उक्त व्यक्ति को दिये, जो उसने हड़प कर लिये। पीड़ितों ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। बताते चलें कि आरोपी पूर्व में मोटी धोखाधड़ी के आरोप में जेल जा चुका है।

# महापौर बाली ने मुख्यमंत्री को दिया मांग पत्र, मिली स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने खटीमा पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हेलीपैड पर स्वागत किया और उसके बाद उन्होंने



मुख्यमंत्री आवास पर, काशीपुर नगर निगम में शामिल किए गए नए ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए राज्य सरकार से शहरी अवसरंचना विकास निधि से 23 करोड 44 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत करने हेतु मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा जिसे मुख्यमंत्री ने तत्काल स्वीकृति देकर शहरी विकास निदेशक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए। महापौर दीपक बाली द्वारा दिए गए मांगपत्र में कहा गया है कि वर्ष 2018 में नगर निगम काशीपुर के विस्तार के बाद 8,546 हेक्टेयर क्षेत्र के लगभग 40 गांव 20 नए वार्डो के रूप में निगम सीमा में शामिल किए गए थे। इन क्षेत्रों को भी विकास से जोड़ने में अभी भी आधारभूत सुविधाओं जैसे सड़क, नाली, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और पेयजल की कमी बनी हुई है, जिसके लिए 23 करोड़ 44 लाख रुपये की धनराशि की आवश्यकता है। महापौर दीपक बाली ने कहा है कि काशीपुर के विकास के प्रति मुख्यमंत्री श्री धामी जिस तरह से समय-समय पर अपना आशीर्वाद देकर साफ स्वच्छ और सुंदर तथा विकसित काशीपुर बनाने में सहयोग दे रहे हैं उससे स्पष्ट है कि उन्होंने काशीपुर को काशी की तरह सजाने की जो बात कही थी वह सार्थक सिद्ध हो रही है।

## एक नजर....

### स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी: महापौर

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित काशी विश्वनाथ टैक्सटाइल मिल लि. में एसपीएनजी तथा कुमायूं वैश्य महासभा के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर दीपक बाली ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री बाली व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक काशीपुर ने शिविर के सकारात्मक भाव के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। शिविर में हृदय, आंखें, नाक कान गला, हड्डियों में कैल्शियम समेत अनेक रोगों की जांच कर उनके उपचार की सलाह दी गई। वहीं एसपीएनजी चेयरमैन योगेश कुमार जिंदल ने चिकित्सा शिविर में विभिन्न रोगों की जांच कर रहे केव.ीआर हास्पिटल के चिकित्सकों तथा उनकी टीम समेत नगर के गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसपी गुप्ता, कपिल अग्रवाल, प्रांशु बंसल, मनोज कुमार अग्रवाल, कौशलेश गुप्ता, शेष कुमार सितारा, केसी बंसल, अजय अग्रवाल, ईश्वर चंद्र गुप्ता, बीके गुप्ता, अभिषेक गोयल, डॉ. अभिषेक सर्राफ, डॉ. कुशाल अग्रवाल, डॉ. कनिका अग्रवाल, डॉ. नैना अग्रवाल, सौरभ गुप्ता सहित वैश्य बंधु समेत अनेक लोग मौजूद थे।

### रानी मणिमाला सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनाई

**काशीपुर।** कुमाऊँ नरेश एवं पूर्व सांसद राजा करन चन्द सिंह 'बाबा' की धर्मपत्नी स्व. रानी मणिमाला सिंह की प्रथम पुण्यतिथि एवं वार्षिक श्राद्ध आज कटोराताल स्थित छावनी चिल्ड्रन्स एकेडमी परिसर में श्रद्धापूर्वक मनाया किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, राजपरिवार के सदस्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों ने स्व. रानी मणिमाला सिंह को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्व. रानी मणिमाला सिंह सरल, सौम्य एवं समाजहित के कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाली व्यक्तित्व थीं। उन्होंने राजपरिवार की गरिमा के अनुरूप सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन किया। उनके निधन से काशीपुर क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हुआ था और आज भी लोग उन्हें श्रद्धा एवं सम्मान के साथ याद करते हैं। इस अवसर पर केसी सिंह बाबा, नरेन्द्र चन्द सिंह, कामाक्षी सिंह, विरेन्द्र चन्द सिंह, काजल सिंह, उदभान नारायन सिंह (रामगढ़) एवं दिव्या सिंह सहित काशीपुर राजपरिवार के अन्य सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

### काम कराने के बाद रुपये न देने का आरोप

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर स्थानीय एक नेता पर काम कराने के बाद रुपए न देने का आरोप है। सरवरखेड़ा क्षेत्र निवासी शफीक नामक व्यक्ति ने आज कोतवाली पहुंचकर कोतवाल हरेन्दर चौधरी को तहरीर सौंपते हुए बताया कि उसने स्थानीय एक नेता, जो पूर्व में छात्रसंघ पदाधिकारी भी रह चुके हैं के फिजियोथैरेपी लैब पर हार्डवेयर से संबंधित काम किया था, जिसमें कुछ भुगतान बाद में देने को कहा था। आरा.ेप लगाया कि बार-बार बकाया रूपये मांगने पर भी उक्त नेता ने भुगतान नहीं किया और रूपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने की स्थिति स्पष्ट

**काशीपुर।** जनपद में भारतीय जनता पार्टी के भीतर चल रही चर्चाओं के बीच भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने काशीपुर निवासी गगन कांबोज को लेकर बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गगन कांबोज ने निर्धारित समय सीमा के भीतर पार्टी को कोई जवाब नहीं दिया, जिससे उनकी स्थिति स्पष्ट हो गई है। जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने बताया कि पार्टी की ओर से गगन कांबोज को पत्र भेजकर सात दिन का समय दिया गया था, ताकि वे अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट कर सकें, लेकिन तय अवधि में कोई प्रतिक्रिया न मिलने के कारण यह माना गया है कि वे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य या कार्यकर्ता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और प्रत्येक व्यक्ति की संगठनात्मक स्थिति स्पष्ट होना आवश्यक है।

### बैंक में अचानक बजा फायर अलार्म, अफरा-तफरी

**बागेश्वर।** तहसील रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में शुक्रवार देर शाम करीब चार बजे अचानक फायर अलार्म बजने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। अलार्म की आवाज सुनकर आसपास के लोग घबरा गए और तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। चूंकि छुट्टी होने के कारण बैंक बंद था, इसलिए बैंक कर्मचारियों को बुलाया गया। पुलिस की मौजूदगी में बैंक का ताला खोलकर अंदर जांच की गई। हालांकि बैंक परिसर के भीतर कोई आग या अन्य संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली। स्थानीय लोगों के अनुसार अचानक लगातार अलार्म बजने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई थी। बैंक कर्मचारियों ने पूरे बैंक परिसर की बारीकी से जांच की, लेकिन कहीं कोई खतरे जैसी स्थिति सामने नहीं आई।

### शिक्षक नेता को मिली जान से मारने की धमकी

**अल्मोड़ा।** राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री को जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। मामले में शिक्षक नेता ने दन्या थाने में तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार राशिसं के जिला मंत्री राजू महरा ने दन्या थाने में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि चन्द्रशेखर भट्ट ने फेसबुक के माध्यम से उनको और उनके परिवार को कई बार जान से मारने की धमकी दी। वहीं, बार-बार अशब्दों का प्रयोग किया गया। उन्होंने खुद और परिवार को जान का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। मामले में दन्या पुलिस को तहरीर सौंपी है।

# सरकार आध्यात्मिक पर्यटन को दे रही बढ़ावा: धामी

## श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्री पीठम स्थापना महोत्सव में मुख्यमंत्री ने प्रतिभाग किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जनपद के डोल स्थित श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास में आयोजित श्री पीठम स्थापना महोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 1100 कन्याओं का पूजन कर मां राजेश्वरी का अभिषेक एवं विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में स्थापित श्रीयंत्र एवं यहां संचालित आध्यात्मिक गतिविधियों का अवलो.कन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कल्याणदास की साधना एवं तपस्या के कारण यह स्थान आज पूरे



विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यहां स्थापित दुनिया के सबसे बड़े श्रीयंत्र को देखकर एक विशेष आध्यात्मिक अनुभूति होती है। वहीं, यह धाम आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। साथ ही उन्होंने बाबा कल्याणदास की ओर से वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आश्रम धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक साधना एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। कहा कि राज्य सरकार आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कहा कि चारधाम यात्रा में प्रतिवर्ष बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या प्रदेश में विक.सित हो रही बेहतर व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का परिणाम है। डोल आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने 1100 कन्याओं का पूजन किया। उन्होंने यहां मां राजेश्वरी का अभिषेक व पूजा-अर्चना की और देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई दी और महात्मा बुद्ध के धर्म, शांति एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने को कहा। डोल आश्रम में श्री पीठम् स्थापना महोत्सव पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कलाकारों ने डोल दमाऊ के थाप पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं, आश्रम के विद्यालय के छात्रों ने भी भजन कीर्तन की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जबकि छोलिया कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, मेयर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, डीएम अंशुल सिंह, एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के, सीडीओ रामजीशरण शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक, गौरव पांडे, ललित लटवाल, किरन पंत, विनीत बिष्ट, पार्षद अर्जुन बिष्ट, नवीन बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, नरेंद्र बिष्ट समेत कई मौजूद रहे।

### व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने थोक व रिटेल व्यापारियों को बदनाम करने का आरोप लगाया। मामले में डीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि पान, गुटखा, तम्बाकू, सिगरेट व अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम से अधिक मूल्य लेने के लिए व्यापारियों को बदनाम करने करने षडयंत्र रचा जा रहा है। जिससे व्यापारियों में खासा रोष व्याप्त है। उन्होंने डीएम से मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में देवभूमि उद्योग नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साह रिक्खू, सुधीर गुप्ता, राजेश बिष्ट, जीवन भट्ट, हरी कृष्ण, रंजन गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, मनीष मल्होत्रा, हिमांशु बिष्ट, गिरीश पंत, अक्षत अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, तुषार गुप्ता, रमेश समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस आगबबूला

## केन्द्र सरकार व पीएम का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में लगभग 993 रुपये तक की बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलेभर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन कर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लेने की मांग की। अल्मोड़ा में गांधी पार्क क्षेत्र में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे छोटे व्यापारियों, होटल संच.ालकों और आम जनता पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर केवल राजस्व बढ़ाने में लगी है। कमर्शियल



सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट और ढाबों की लागत बढ़ेगी, जिसका बोझ अंततः उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले से ही बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रही जनता के लिए यह फैसला आग में घी डालने जैसा है। कांग्रेस पाट ने इस निर्णय को जनविरोधी बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। यहां महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अरविंद रौतेला, उपाध्यक्ष विनोद वैष्णव, यूथ जिलाध्यक्ष विक्रम फर्त्याल, दीप डांगी, गोविंद बाल्टयाल, नारायण दत्त पांडे, वीके पांडे, शरद साह, दीपा साह, निर्मल रावत, दिनेश पिलख्वाल, पार्षद मुकेश कुमार, विकास कुमार, वैभव पांडे, देवेंद्र धौनी, किरन आर्या, प्रवीण भोज, जगदीश पांडे, गोपाल भट्ट, इसरार अहमद, रवींद्र कुमार टम्टा, भैरव गोस्वामी, वकुल साह, अजय नेगी, पंकज भैसोड़ा, कार्तिक साह, सुशील साह, पारस डसीला, महेश चंद्र आर्या, अमरजीत सिंह भाकुनी, अनूप सिंह, राज चौहान, अजय नेगी, दीपेश कांडपाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी क्रम में हवालबाग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में खूंट स्थित गोविंद बल्लभ पंत स्मारक के पास दोपहर 12 बजे पुतला दहन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए गैस कीमतों में बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की। वहीं सोमेश्वर में भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष राजू भट्ट ने कहा कि एक ओर सरकार नारी शक्ति वंदन जैसे कार्यक्रम आयोजित करती है, वहीं दूसरी ओर गैस के दाम बढ़ाकर महिलाओं की बचत पर चोट कर रही है। उन्होंने इसे महिला विरोधी कदम बताया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतें शीघ्र वापस नहीं ली गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष किशोर नयाल, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश खाती, राहुल आर्या सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वनाग्नि मामलों में जीरो टॉलरेंस अपनाएं: बीजू लाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में वन अग्नि घटनाओं के निरीक्षण एवं प्रबंधन को लेकर वन संरक्षक एवं वन अग्नि नोडल अधिकारी टीआर बीजू लाल ने शुक्रवार को कौसानी एवं वज्यूला स्थित फायर क्रू स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वनाग्नि घटनाओं में लिप्त पाए जाने वाले संदिग्धों के प्रति जीरो टोलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वनाग्नि रोकथाम में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने क्रू स्टेशन में संधारित पंजिकाओं, संचार उपकरणों तथा अग्निशमन संसाधनों की क्रियाशीलता की जांच की। उन्होंने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संवेदनशील क्षेत्रों में वनाग्नि घटनाओं के प्रति त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना और जमीनी तैयारियों की समीक्षा करना है।उन्होंने कहा कि वनाग्नि घटनाओं के न्यूनीकरण में फायर वाचरों की तत्परता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके लिए ग्रामीणों का सहयोग लेना भी आवश्यक है। उन्होंने वन कर्मियों को सूचना तंत्र को और मजबूत बनाने, संचार उपकरणों की नियमित जांच करने तथा अग्नि शमन किट एवं अन्य सुरक्षा उपायों के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए। जिसके पश्चात उन्होंने जिला मुख्यालय में पहुंचकर बाबा बागनाथ जी के दर्शन किये। उन्होंने भगवान शंकर से सुख और शांति की कामना की। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्न, वन क्षेत्राधिकारी बैजनाथ महेंद्र गुसाईं, वन क्षेत्राधिकारी गढ़खेत प्रदीप कुमार कांडपाल, वन क्षेत्राधिकारी बागेश्वर केवलानंद पांडे सहित अन्य वन कर्मी मौजूद थे।

# बुद्ध पूर्णिमा: बागनाथ मंदिर में उमड़ी भीड़, सरयू घाटों पर स्नान-पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बागनाथ मंदिर सहित जिलेभर के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों और सरयू स्नान के लिए घाटों में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने सरयू नदी के पावन जल में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और मां सरयू की पूजा की। इसके बाद बागनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में पुरोहितों ने श्रद्धालुओं से विधिवत पूजा-पाठ और मनोकामना पूर्ति के लिए अनुष्ठान कराए। भक्तों ने परिवार की खुशहाली, सुख-शांति और सौभाग्य की कामना की। इसी क्रम में जिले के गरुड़, दुग नाकुरी, कांडा, काफलीगैर सहित अन्य क्षेत्रों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। वहीं कपकोट सरयू घाटी के भद्रतुंगा और तप्तकुंड में बुद्ध



पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन हुआ, जहां दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान कर जनेऊ, श्राद्ध और तर्पण जैसे धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न किए। कपकोट तहसील से तप्तकुंड की दूरी लगभग 12 किलोमीटर तथा भद्रतुंगा की दूरी 28 किलोमीटर है। दोनों स्थानों पर सरयू नदी के किनारे भगवान शिव के प्राचीन मंदिर स्थापित हैं, जहां बुद्ध पूर्णिमा पर हर वर्ष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। **बागेश्वर।** जनपद में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, सादगी और सामाजिक सरो.कारों के साथ मनाया गया। नगर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के जीवन, उनके आदर्शों और उपदेशों को याद करते हुए शांति, करुणा और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। जिला अस्पताल के समीप आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद वक्ताओं ने बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में अहिंसा, सत्य, करुणा और मध्यम मार्ग का जो संदेश दिया, वह आज के दौर में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। वक्ताओं ने कहा कि समाज में बढ़ती असहिष्णुता और तनाव के बीच भगवान बुद्ध के विचार मानवता को सही दिशा दिखा सकते हैं। उन्होंने लोगों से बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद और असहाय लोगों को खाद्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर किशन सिंह मालडा, रमेश पर्वतीय, संजय कुमार टम्टा, घनश्याम पाठक, संजय कुमार, गो.विंद मर्तोलिया, हरीश कालाकोटी, भरत साह, धीरज नगकोटी, किरन राम, गोकुल चंद, सुनील कांडपाल, विमला देवी, अर्जुन देव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा कार्यशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन (नमामि गंगे) उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग में तीन दिवसीय योग, प्राकृतिक एवं वैकल्पिक चिकित्सा कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डा. नवीन चंद्र भट्ट के संरक्षण में किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं मंत्रोच्चारण के साथ हुई। इस अवसर पर डा. नवीन चंद भट्ट ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केवल उपचार नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतु.लित जीवनशैली का आधार है। प्रथम सत्र में डा. गिरीश अधिकारी ने आकाश तत्व एवं उपवास चिकित्सा पर जानकारी देते हुए इसके लाभ बताए। द्वितीय सत्र में सूर्य किरण रंग चिकित्सा का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें छात्रों ने रंगीन बोतलों के माध्यम से उपचार विधियां सीखीं। तृतीय सत्र में वायु चिकित्सा, प्राणायाम एवं मसाज थेरेपी के जरिए विभिन्न रोगों में लाभ के उपाय बताए गए। हेमलता अवस्थी एवं लल्लन कुमार सिंह ने भी प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने पर बल दिया। कार्यशाला के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। आयोजन समिति के अनुसार आगामी सत्रों में भी प्रशिक्षण जारी रहेगा।

# परिवार के संस्कार ही अनुशासन की धुरी: प्रो. कश्यप

## कुलपति ने विवि की छात्राओं को किया सम्बोधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को गांधी हाल सभागार में संबोधित किया। उन्होंने पंतनगर विश्वविद्यालय की विशेषताओं के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में व्यक्तिगत अनुशासन का बहुत महत्व है और परिवार के संस्कारों का इसमें अहम भूमिका होती है। विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ अन्य सार्थक गतिविधियों जैसे खेल-कूद, व्यायाम, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी नियमित रूप से प्रतिभाग करना चाहिए, जिससे कि व्यक्तित्व का



सर्वांगीण विकास होता है और इससे उच्च शिक्षा विशेष रूप से विदेशों में प्रवेश पाने हेतु शैक्षणिक क्षमता के साथ एक्स्ट्रा क्यूरिकुलर एक्टीविटीस का बहुत महत्व होता है। अतः प्रसन्न मन से अध्ययन के साथ अन्य सार्थक गतिविधियों में प्रतिभाग कर ज्ञान और कौशल क्षमता दोनों में वृद्धि कर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्ति के बाद विद्यार्थियों की सारी जिम्मेदारी कुल.पति की होती है। अतः विद्यार्थियों को तनाव रहित होकर अध्ययन का कार्य सुचारू रूप से करना चाहिए। पंतनगर विश्वविद्यालय में एडवाइजरी सिस्टम एक अनूठी व्यवस्था है और एडवाइजर विद्यार्थियों का ख्याल रखते हैं और विद्यार्थियों को चाहिए कि नियमित रूप से अपने एडवाइजर से मिलते रहें। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सर्वप्रथम कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा कुलपति का स्वागत करते हुए उनके जीवन परिचय एवं उपलब्धियों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण, संचार निद.ेशक, विभिन्न छात्रावासों के वार्डन एवं सहायक वार्डन उपस्थित थे।

### बीयर बार खुलने की सुगबुगाहट पर आक्रोश

**बागेश्वर।** नदी गांव सैम मंदिर वार्ड में बीयर बार की दुकान खुलने की सुगबुगाहट को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। सभासद विजय पाल सिंह मटियानी के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वार्ड में बीयर बार खोलने की अनुमति न देने की मांग की। लोगों का कहना है कि वार्ड में बीयर बार खुलने से क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। साथ ही आसपास कई शिक्षण संस्थान स्थित हैं, जिससे विद्यार्थियों और सामाजिक माहौल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा बीयर बार खोलने की अनुमति दी जाती है तो समस्त क्षेत्रवासी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जगदीश रावल, उमा उपाध्याय, गीता रावल, नीमा देवी, पुष्पा राना, कमला राना, पुष्पा रावल, निर्मला, दुर्गा थे।

# पारंपरिक ऐपण कला की बारीकियां सीखीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** सांस्कृतिक समिति रानीखेत के तत्वावधान में मिशन इंटर कालेज में दो दिवसीय कुमाऊँनी ऐपण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षिकाओं एवं नगर की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पारंपरिक ऐपण कला की बारीकियां सीखीं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए समिति के अध्यक्ष विमल सती ने कहा कि ऐपण कुमाऊं की प्राचीन लोक कला है, जो चंद राजवंश के काल से प्रचलित है। उन्होंने बताया कि यह कला विशेष रूप से त्योहारों एवं मांगलिक अवसरों जैसे विवाह, जन्म एवं यज्ञोपवीत संस्कारों में घर की देहरी, आंगन और पूजा स्थलों पर गेरू व बिस्वार से बनाई जाती है, जो सौभाग्य और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यशाला में प्रशिक्षक ज्योति साह ने ऐपण को लोक आस्था और आध्यात्म से जुड़ी कला बताते हुए कहा कि यह नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने प्रतिभागियों को उंगलियों की सहायता से विभिन्न ज्यामितीय आकृतियां बनाना सिखाया। साथ ही धूली अर्घ्य चौकी, सरस्वती चौकी और शिव पीठ सहित कई पारंपरिक चौकियां बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला शनिवार को भी जारी रहेगी। इस अवसर पर समिति के गौरव भट्ट, गीता जोशी, सोनू सिद्दीकी, विनीता खाती, दीपक पंत, राजेंद्र पंत, अभिषेक कांडपाल और गौरव तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# घर के आंगन में बैठा था गुलदार

## काठगोदाम की घनी आबादी में गुलदार की दस्तक, बालिका की सूझबूझ से टली बड़ी घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरुवार रात हुई तेज बारिश के बाद जहां एक ओर पूरे शहर में बिजली गुल हो गई, वहीं दूसरी ओर काठगोदाम की घनी आबादी वाली नई बस्ती में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक गुलदार (तेंदुआ) रिहायशी इलाके में घुस आया। घटना ने स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। काठगोदाम नई बस्ती निवासी दीपेंद्र चौहान के घर में यह घटना उस समय हुई जब उनकी आठ वर्षीय बेटी रितिका चौहान रात करीब नौ बजे शौच के लिए आंगन में निकली। अंधेरे के बीच जैसे ही उसने आंगन में नजर डाली, वहां गुलदार को बैठे देख उसकी चीख निकल गई। घबराई बच्ची तुरंत घर के अंदर भागी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। बच्ची की चीख सुनकर घर के लोग और आसपास के पड़ोसी मौके पर एकत्र हो गए। लोगों की भीड़ और हलचल बढ़ते देख गुलदार मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गया। हालांकि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घटना ने इलाके के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि रात करीब नौ बजे हुई इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी जा रही है। काठगोदाम क्षेत्र में गुलदार की सूचना मिलते ही फतेहपुर रेंज के रेंजर प्रदीप असगोला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग के कर्मचारियों ने पूरे क्षेत्र में सघन कांबिंग अभियान चलाया, लेकिन देर रात तक गुलदार का कोई सुराग नहीं मिल सका। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से सतर्क रहने, रात के समय अनावश्यक बाहर न निकले।

## रानीबाग इंद्रानगर में गुलदार पिंजरे में कैद, कुत्तों को बना रहा था निवाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रानीबाग के इंद्रानगर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बना गुलदार आखिरकार वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार लगातार क्षेत्र में घूमकर कुत्तों को अपना शिकार बना रहा था, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। लगातार बढ़ रही घटनाओं और लोगों की शिकायतों के बाद मनोरा रेंज की ओर से क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था। शुक्रवार सुबह वन विभाग को बड़ी सफलता मिली जब गुलदार उसी पिंजरे में फंस गया। जैसे ही गुलदार के पकड़े जाने की खबर फैली, मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि गुलदार के पकड़े जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन क्षेत्र में अभी भी डर का



माहौल पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बीते कुछ समय से इलाके में वन्य जीवों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे भविष्य में फिर ऐसी घटनाओं की आशंका बनी हुई है। इधर मनोरा रेंज के रेंजर नितिन पंत ने बताया कि रानीबाग इन्द्रानगर में जो गुलदार पिंजरे में कैद हुआ वह करीब 10 वर्ष का है और उसे सुरक्षित रूप से रेस्क्यू सेंटर रानीबाग भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि गुलदार को पकड़ने के बाद उसकी निगरानी और स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, क्षेत्र में अन्य वन्यजीवों की गतिविधियों पर भी वन विभाग की टीम लगातार नजर बनाए हुए है। रेंजर नितिन पंत ने स्पष्ट किया कि यदि क्षेत्र में इस तरह की कोई अन्य गतिविधि सामने आती है, तो वन विभाग पूरी तरह से सक्रिय है और तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते संघर्ष को रोकने के लिए सरकार और वन विभाग को ठोस एवं कड़े कदम उठाने होंगे। केवल गुलदारों को पकड़कर पिंजरे में कैद करना इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। क्षेत्र में लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं, जहां गुलदार घनी आबादी में घुसकर लोगों में दहशत फैला रहा है। प्रशासन को प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, जागरूकता अभियान चलाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए ताकि स्थानीय लोगों को भय के माहौल से राहत मिल सके।



**संजय साह, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य**

# हाथी के हमले में महिला की दर्दनाक मौत

## टांडा रेंज में तीन दिन में दूसरी दर्दनाक घटना, शाह पठानी में दहशत, पहले भी दो लोगों की गई थी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** तराई केंद्रीय वन प्रभाग अंतर्गत टांडा के जंगल में एक हाथी ने शुक्रवार को महिला को पटक-पटक कर मार डाला। पिछले 72 घंटे के भीतर हाथी के हमले की यह दूसरी घटना है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का



पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शाह पठानी खत्ते से पंतनगर की ओर जाने वाले रास्ते में तीन महिलाएं जंगल में लकड़ी बीनने गई थीं। बताया जा रहा कि इसी दौरान डेड दांत वाला एक हाथी अचानक उनकी ओर दौड़ पड़ा। हाथी को आता देख महिलाएं जान बचाने के लिए जंगल की ओर भागने लगीं, लेकिन हाथी ने 60 वर्षीय मैना देवी पत्नी स्व. बाबूलाल निवासी झा कालोनी, पंतनगर का पीछा किया और उसे सूंड से पकड़कर पटक दिया और पैरों से कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथ गई अन्य महिलाएं किसी तरह जान बचाकर कालोनी पहुंचीं और लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला दम तोड़ चुकी थी और हाथी जंगल की ओर निकल गया था। बताया जा रहा है कि मृतका के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर लालकुआं कोतवाल बृजमोहन सिंह राणा, टांडा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम सहित पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। गौरतलब है कि दो दिन पहले भी इसी हाथी ने शाह पठानी क्षेत्र में खेत में सो रहे दो लोगों को कुचलकर मार डाला था। इनमें से एक मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। लगातार हो रहे हाथी के हमलों से क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश दोनों बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी को जल्द पकड़ने या क्षेत्र से खदेड़ने की मांग की है। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# युवतियों से यौन शोषण का आरोपी यूनुस गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** भीमताल क्षेत्र में अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर अलग-अलग नामों से महिलाओं से संपर्क कर उनको शादी का झांसा देकर यौन शोषण कर धीरे-धीरे धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने वाले आरोपी मोहम्मद यूनुस उर्फ एमडी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बता दें कि दो सप्ताह से भीमताल क्षेत्र में हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने भीमताल कोतवाली पहुंच क्षेत्र में मोहम्मद यूनुस उर्फ एमडी पर हिंदू युवतियों का शारीरिक शोषण व ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए थे। इसे लेकर क्षेत्र में काफी हंगामा भी हुआ था। लोगों की मांग पर जब पुलिस ने मोहम्मद यूनुस उर्फ एमडी के कमरे की तलाशी ली तो वहां कई आपत्तिजनक सामान बरामद होने पर कमरा सील कर दिया था। लेकिन मामले में किसी महिला के शिकायत नहीं देने के कारण युवक के विरुद्ध कोई मुकदमा अथवा अन्य कार्रवाई नहीं की गई। इधर बीते दिन नैनीताल निवासी एक युवती ने कोतवाली में तहरीर देकर युवक पर पहचान छिपाकर शारीरिक शोषण, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने व ब्लेकमेल करने के संगीन आरोप लगाए है। तहरीर में युवती ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसका संपर्क मोहम्मद युनूस से 2020 में एमडी के नाम से एक फोटोशूट के सिलसिले में हुआ था। शुरुआती समय से ही वह अपना पूरा नाम व पुष्ठभूमि छिपाता रहा। रिश्ते में रहते हुए भरोसा कर उसने अब तक 17 लाख रुपये, कैमरा लेंस, मिनी डेस्कटाप, मानीटर व फोन पर खर्च कर दिए। शादी की इच्छा जताने पर आखिरकार जब उसके दस्तावेज देखे, तो उसकी असल पहचान सामने आ सकी। आरोप है कि आरोपित ने उसे बहला फुसला कर मेकअप न करने, तथा धर्म परिवर्तन सहित कई मांगों को उसके समक्ष रखकर उसे मजबूर किया गया। जब विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट भी की। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा कि आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट की शरण ली, लेकिन उसे कोर्ट से किसी भी प्रकार की राहत नहीं मिली। बीते गुरूवार की रात पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। एसपी क्राइम जगदीश चंद्र ने बताया कि शिकायत पर कुंआताल भीमताल निवासी मोहम्मद यूनुस उर्फ एमडी के विरुद्ध



बीएनएस की धारा 115, 319, 69 व उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधि. नियम की धारा 3 व 5 के तहत मुक. दमा दर्ज कर नैनीताल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। टीम में भवानी सीओ अंजना नेगी, भीमताल कोतवाल राज. ेश कुमार यादव, भवाली कोतवाल प्रकाश मेहरा, थानाध्यक्ष बेतालघाट विजय नेगी, तल्लीताल थानाध्यक्ष मनोज नयाल, एसआई मोहन सोन, एसआई महेन्द्र राज, महिला एसआई सुनीता कुमार, एसआई आशा बिष्ट, कांस्टेबल हरीश बिष्ट, विरेंद्र गोले, प्रकाश चन्द, राहुल राणा, ललित आगरी, एसओजी हेड कांस्टेबल कुंदन कठैत, कांस्टेबल अरविन्द बिष्ट, भूपेन्द्र जेठा शामिल रहे।

## नाबालिग पर धर्मांतरण का दबाव और एआई वीडियो से धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** नाबालिग लड़की से छेड़छाड़, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और एआई तकनीक के जरिए अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी युवक को लालकुआं पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 78/79 बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी देते



हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि लाल. कुआं थानाक्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने 29 अप्रैल को ल ा ल कु अ ा कोतवाली में तहरीर दी कि करीब दो माह पूर्व इंस्टाग्राम पर लड़की की फोटो लगी एक फर्जी आईडी के माध्यम से उससे संपर्क किया गया। बातचीत के दौरान आरोपी ने निजी जानक. ारी हासिल कर उसका मोबाइल नंबर ले लिया और बाद में फोन पर लगातार संपर्क बढ़ाने लगा। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरन छेड़छाड़ की तथा उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने एआई तकनीक की मदद से अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने और बदनाम करने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए कोतवाल बृजमोहन सिंह राणा के नेतृत्व में एक टीम गठित की और सर्विलांस के माध्यम से टीम ने आरोपी युवक इब्राहिम पुत्र नजीर अहमद निवासी ग्राम सरकरा थाना बाजपुर, ऊधमसिंह नगर, को लालकुआं क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने कहा कि जनपद नैनीताल में धर्मांतरण से जुड़े किसी भी अपराध पर पूर्णत: जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। ऐसे कृत्य किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 78/79 बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। इसके साथ ही पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर धारा 3(1)/5(1) उत्तराखण्ड धर्म स्वतंत्रता संशोधन अधिनियम-2022 की भी बढ़ोतरी की गई। टीम में एसआई वन्दना चौहान, एसआई जोगेन्द्र यादव, कांस्टेबल दिलीप कुमार, कमल बिष्ट, अशोक कम्बोज, जितेन्द्र बिष्ट शामिल रहे।

# डीके और जीएनजी ने जीता मुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच के शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुक. ाबला जीएनजी क्रिकेट एरैना में डीके स्पोर्ट्स और बीसीए बिंदुखत्ता के बीच खेला गया। बीसीए बिंदुखत्ता की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। डीके स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 308 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीसीए बिंदुखत्ता की पूरी टीम 21वें ओवर में 48 रन बनाकर आल आउट हो गई, और 260 रनों से मैच हार गई। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज देवांग नेगी ने अपनी टीम के लिए पांच विकेट लिए, और मैन ऑफ-द मैच पुरस्कार अपने नाम किया।



जबकि दूसरा मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड में जीएनजी और नर सिंह क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ। नर सिंह क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवरों में 77 रन बनाकर आल आउट हो गई। जीएनजी के गेंदबाज वेदांत यादव ने अपनी टीम के लिए चार व शिवांश ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनजी की टीम ने 16वें ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार शिवांश कांडपाल को दिया गया। अंपायर की भूमिका में ललित कुमार, भूपेश शाही, प्रिंस और विनोद पंतोला जबकि स्कोरर की भूमिका निकित जोशी और हरप्रीत सिँह ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिकारी, दिग्विजय कनवाल, अभिषेक सिंह मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान बुद्ध की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को तिकोनिया स्थ्ति बुधपार्क मुंशी राय बहादुर हरि प्रसाद टम्टा पार्क में बौद्ध धर्म के संस्थापक महात्मा बुद्ध की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन विनोद कुमार बौद्ध के सहयोग से किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में



स्थानीय लोग और समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बौद्धाचार्य चेतराम सागर द्वारा बुद्ध वंदना के साथ हुई। इसके बाद भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के उपदेशों को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने बुद्ध के जीवन से जुड़ी प्रेरक कहानियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके विचार आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। वक्ताओं ने कहा कि तथागत बुद्ध ने करुणा, अहिंसा और मानवता का जो संदेश दिया, उसे आज पूरा विश्व उसे अपना रहा है। इस मौके पर पूर्व पार्षद राधा आर्या, समाजसेवी विनोद कुमार पिन्नु, बीएल आर्या, मुकेश बौद्ध, जगदीश कुमार विमल, राकेश कुमार बौद्ध, वीरेंद्र टम्टा, दीप दर्शन, सुनील कुमार, अमित कुमार, हरीश सिनौली, इंद्र पाल आर्या, ऊषा आर्या, दीपक चन्याल और विजय कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रोबोटिक सर्जरी से हल्द्वानी की 61 वर्षीय महिला को नई जिंदगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर हल्द्वानी की रहने वाली 61 वर्षीय महिला के लिए आधुनिक चिकित्सा तकनीक किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई। तल्ली बमौरी निवासी पूनम रौतेला का दिल्ली स्थित बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एडवांस रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से सफल इलाज किया गया, जिससे वे अब एक गंभीर प्री-कैंसरस स्थिति से उबरकर सामान्य जीवन जी रही हैं। बता दें कि पिछले एक महीने से पोस्ट-मेनोपॉजल ब्लीडिंग की समस्या से जूझ रहीं पूनम की मेडिकल जांच में गर्भाशय की लाइनिंग मोटी होने के संकेत मिले थे, जिससे कैंसर की आशंका बढ़ गई थी। जो समय पर उपचार न मिलने पर गर्भाशय कैंसर में बदल सकती है। अस्पताल की सीनियर कंसल्टेंट डा. अलका दहिया ने बताया कि पोस्ट-मेनोपॉजल ब्लीडिंग को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# सूरदास जयंती पर निबंध प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सक्षम (जिला नैनीताल) के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव विनोद जोशी, बिपिन बहुगुणा, तारा पांडे, जया भंडारी, दिलीप वार्ष्णेय द्वारा महाकवि सूरदास जयंती के पावन अवसर पर दिव्यांग छात्रों हेतु निबंध, दोहा, पेंटिंग एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक पुरस्कार वितरण समारोह शिव शक्ति गेस्ट हाउस मुखानी हल्द्वानी में हुआ। कार्यक्रम में दिव्यांग छात्रों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि पृथ्वीपाल



सिंह रावत रहे। उन्होने छात्रों और अभिभावकों को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि सुरेश कपिल ने विभिन्न क्षेत्रों में सफल दिव्यांग जनों के विषय में सभी लोगों को अवगत कराया। विनोद जोशी ने कहा कि प्रभु ने प्रकृति में विभिन्न पुष्प बनाए हैं, मनुष्यों को विभिन्न रूप दिए हैं, उसी प्रकार दिव्यांगता भी है। कार्यक्रम में आधुनिक युग के महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग का उदाहरण दिया गया, जिसपर तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूँज उठा। जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के लिए आवश्यक सरकारी सहयोग के विषय में और सक्षम के देहरादून में शुरू किए गए धीमहि प्रकोष्ठ की जानकारी साझा की। भावना धौनी और राखी पाठक ने सभी अभिभावकों और छात्रों की उनकी प्रतिभा और सहभागिता के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन बिपिन ने किया।

# मई दिवस पर बुद्ध पार्क में ट्रेड यूनियनों का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मई दिवस कार्यक्रम बुधपार्क में विभिन्न ट्रेड यूनियनों, राजनीतिक-सामाजिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। जिसमें ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू), पछास, उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, भाकपा माले, जनवादी लोक मंच, सनसेरा श्रमिक यूनियन, अखिल भारतीय किसान महासभा, उत्तराखंड परिवहन निगम संयुक्त परिषद, भीम आर्मी, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, मानवाधिकार रक्षा अभियान, आरएमएल यूनियन, जन मैत्री संगठन, पंजाब बेवल यूनियन, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन आदि संगठन शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस साल हम ऐसा अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस मना रहे हैं



जो 1 अप्रैल से मोदी सरकार के नए लेबर कोड थोपे जाने के बाद आया है। ये नए लेबर कोड मज़दूरों के अधिकार बेहतर करने, उनका दायरा बढ़ाने और श्रम कानूनों के पालन को मज़बूत करने के बजाय, भारत के विशाल मज़दूर वर्ग को एक कारपोरेट जंगलराज के हवाले कर रहे हैं जहाँ मालिकों की तानाशाही को राज्य का पूरा संरक्षण हासिल है। आठ घंटे का कार्यदिवस अब कोई सार्वभौमिक अधिकार नहीं रह गया है। ठेका मज़दूरी और गिग इकॉनमी के इस दौर में यह धीरे-धीरे एक विशेषाधिकार बनता जा रहा है। काम के घंटों में बढ़ोतरी का मतलब अब ओवरटाइम की मज़दूरी नहीं, बल्कि महज़ अतिरिक्त शोषण है। ट्रेड यूनियन बनाना पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल कर दिया गया है, और सामूहिक सौदेबाज़ी की ताकत को बुरी तरह कमज़ोर किया गया है। वहीं मालिकों को मनमाने ढंग से कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के और भी ज्यादा अधिकार दे दिए गए हैं। मई दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केके बोरा, बहादुर सिंह जंगी, रजनी जोशी, मनोज पांडे, महेश, चंदन, डा. कैलाश पाण्डेय, रिंकी जोशी, हेमा तिवारी, यतीश पंत, जोगेंद्र लाल, नवीन बिष्ट, कार्तिक नेगी, एडवोकेट कैलाश जोशी, नफीस अहमद खान, दिनेश आर्य, इस्लाम हुसैन, उमेश तिवारी विश्वास, दीपा आर्य, रीना आर्य, चंपा गिनवाल, अलिशा, हेमा पलड़िया, राहुल रावत, पार्षद रवि वाल्मीकि, पंकज थापा, बची सिंह बिष्ट, धन सिंह गड़िया, राजेन्द्र जोशी, महेश तिवारी, महेश जोशी, मंजू रावत, रोशनी, लीला, पुष्पा, रश्मि, रजनी, चन्द्रशेखर भट्ट, प्रकाश फुलोरिया, अमित कोहली, योगेश, सावित्री, ममता, भारती, तुलसी, कमला, सुनीता मेहरा आदि समेत बड़ी संख्या में मजदूर शामिल रहे।

# सरकार हर मोर्चे पर विफल: धीरेन्द्र प्रताप

## कांग्रेस नेता का हमला: महिला वंदन बिल को बताया ढकोसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा द्वारा लाया गया तथाकथित महिला वंदन बिल केवल एक ढकोसला है और इसका वास्तविक लाभ महिलाओं तक नहीं पहुंच रहा है। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के साथ लगातार विश्वासघात किया गया है। आंदोलनकारियों के लिए बनाए गए संरक्षण कानून और 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को कमजोर किया गया, जिससे हजारों परिवार खुद को आज भी ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यह बात भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहीं। शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम पहुंचे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जिसके बाद धीरेन्द्र



प्रताप ने पत्रकार वार्ता करते हुए आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा राजनीतिक दावा किया और कहा यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए वाटरलू साबित होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बड़े फैसलों के नाम पर केवल आश्वासन देती रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में कथित घोटालों, बेरा. जगारी, और युवाओं से जुड़ी घटनाओं को गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा भाजपा द्वारा लाया गया तथाकथित महिला वंदन बिल केवल एक ढकोसला है और इसका वास्तविक लाभ महिलाओं तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने चारधाम यात्रा के दौरान हुई मौतों का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे प्रशास. निक विफलता करार दिया और कहा कि यह राज्य के लिए चिंता का विषय है। साथ ही उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड का जिक्र करते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने और कथित वीआईपी कनेक्शन का खुलासा करने की मांग दोहराई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल को भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस के साथ विलय पर विचार करना चाहिए, क्योंकि दोनों दलों की विचारधारा में अधिक अंतर नहीं है और एकजुटता से ही भाजपा को हराया जा सकता है। धीरेंद्र प्रताप ने यह भी दावा किया कि छोटे क्षेत्रीय दल यदि अलग-अलग चुनाव लड़ते हैं, तो भाजपा उन्हें कमजोर करने में सफल हो जाती है, इसलिए विपक्षी एकता समय की आवश्यकता है।

# गैस के दाम बढ़ोतरी पर आक्रोश

## व्यापारियों ने कारोबार पर असर पड़ने की चिंता जताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में एकमुश्त 993 की भारी बढ़ोतरी को लेकर जिले के व्यापारियों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस वृद्धि के बाद कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 3000 के पार पहुंच गई है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग व्यवसाय और छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ा है। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता और जिला महामंत्री हर्ष वर्धन पांडे ने संयुक्त बयान जारी कर इस फैसले को पूरी तरह व्यापारी विरोधी बताया है। उन्होंने कहा पहले ही छोटे व्यापारी महंगाई और बढ़ती लागत से जूझ रहे हैं, ऐसे में यह मूल्य वृद्धि उनकी कमर तोड़ने का काम कर रही है। व्यापार मंडल ने सरकार से मांग की है कि इस मूल्य वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए और कमर्शियल गैस सिलेंडरों पर सब्सिडी प्रदान की जाए, ताकि छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो सभी इकाइयों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने महंगाई पर सरकार को घेरा

**हल्द्वानी।** कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने विरोध जताया है। मंडल के पदाधिका. रियों ने कहा कि मजदूर दिवस के मौके पर हुई यह मूल्य वृद्धि गरीब वर्ग, छोटे दुकानदारों, फड़-ठेले वालों और होटल-रेस्टोरेंट संचालकों के लिए बड़ा झटका है। व्यापारियों ने कहा कि इससे रोजमर्रा की जरूरतों पर सीधा असर पड़ेगा और जनता की थाली पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। भुवन भट्ट ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में अचानक इतनी बड़ी बढ़ोतरी से आम लोगों के साथ-साथ छोटे कारोबारियों पर भारी आर्थिक दबाव पड़ेगा। उन्होंने इसे जनविरोधी कदम बताया और कहा कि चुनाव के बाद इस तरह की बढ़ोतरी जनता को निराश करती है। वहीं ज्योति अवस्थी ने इसे चुनावी तोहफा बताते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार की नीतियों की कड़ी निंदा करते हुए इसे व्यापारियों और आम जनता के साथ छलावा बताया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ग्राम प्रधान के घर में लगी आग, तीन मवेशी जिंदा जले

**लाखों की क्षति, परिजनों ने भागकर बचाई जान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** पीलीभीत मझोला रोड स्थित ग्राम बगीरी की वर्तमान प्रधान नसीमा बेगम के घर में गुरुवार की रात अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया और गौशाला में बंधी तीन भैंसों की झुलसने से मौत हो गई। आग इतनी विकराल थी कि परिवार के सदस्यों ने बमुश्किल घर से भागकर अपनी जान बचाई। दमकल विभाग की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान नसीमा बेगम रॉयल गार्डन के समीप बने अपने मकान में परिवार सहित रहती हैं। गुरुवार रात जब परिवार के लोग जाग रहे थे, तभी अचानक मकान से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया।

परिजनों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। देखते ही देखते आग घर से सटी गौशाला तक फैल गई, जिसकी चपेट में आने से तीन दुधारू पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। अग्निशमन अधिकारी दुर्गा भंडारी ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और आग को अन्य घरों तक फैलने से रोका। ग्राम प्रधान पति मोहम्मद अली ने बताया कि आगजनी की इस घटना में घर में रखा सारा कीमती सामान, राशन और कपड़े जलकर नष्ट हो गए हैं। उनके अनुसार इस हादसे में लगभग 5 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। राजस्व विभाग की टीम को घटना की सूचना दे दी गई है ताकि क्षति का आकलन कर उचित मुआवजे की कार्रवाई की जा सके। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए शासन-प्रशासन से मदद की मांग की है।

# स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार, एक बाइक सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए अप्रैल माह में आठ नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 42 ग्राम स्मैक एवं 36 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए, साथ ही तस्करी में प्रयुक्त चार मोटरसाइकिलों को सीज किया गया।

गत 30 अप्रैल को चौकी इंचार्ज बाजार उ.नि. भूपाल राम पौरी द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान चांस रिकवरी में जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त जयविन्दर कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी नहर पार झाल के पास मंडवाखेडा कोतवाली जसपुर को 06.90 ग्राम स्मैक के साथ तथा चौकी इंचार्ज पतरामपुर उ.नि. गोविंद सिंह मेहता द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान चांस रिकवरी में जसपुर क्षेत्र से हाजाअभियुक्त राजेन्द्र कुमार पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी मोहल्ला नत्था सिंह कोतवाली जसपुर को मोटरसाइकिल पर स्मैक का परिवहन करते 10.25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर कोतवाली हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई भोपाल राम पौरी, चौकी इंचार्ज बाजार एसआई गोविंद सिंह मेहता, चौकी इंचार्ज पतरामपुर, का. अरुण कुमार, कुलदीप सिंह, विपिन चंद्र, हेम. गिरी, इंदर सिंह, एचजी सोनम आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### आरएएन किड्स में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** आरएएन किड्स के प्रांगण में मदर्स डे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों बिंदु वासिनी, शादाब बानू और प्रधानाचार्या मुक्ता शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

विद्यालय की एडवाइज़र रेखा कर्नाटक ने सभी अतिथियों व मातृगण का स्वागत किया। कक्षा एक व दो के बच्चों ने नृत्य व संगीत की प्रस्तुति दी। मातृगण के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जैसे - डांस, संगीत, पोस्टर कला, मेहंदी, फैशन शो, सलाद डेकोरेशन, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, टैटू मेकिंग, अन्ताक्षरी (मेरी आवाज सुनो) खुल जा सिमसिम आदि। विद्यालय की एडवाइजर रेखा कर्नाटक ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही मातृगण को पुरस्कार भी वितरित किए गए। अंत में विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस गरिमा घई ने सभी का धन्यवाद किया।

### नौ मई को मनाई जाएगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नौ मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती विशाल शोभा यात्रा के रूप में हर्षोल्लास के साथ धूम-धाम से मनाई जाएगी। शोभा यात्रा शुभारंभ सांय 5 बजे जसपुर के सिटी सेंटर मार्केट से होगा। उक्त जानकारी क्षत्रिय महासभा जसपुर,ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष राजकुमार सिंह चौहान ने दी। उन्होंने क्षेत्र के क्षत्रिय बंधुओं व सहयोगियों/आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# आरएएन स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** सीबीएसई केसीओई (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) देहरादून के सहयोग से आरएएन पब्लिक स्कूल, भूरारानी, रुद्रपुर में छात्रों में स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के शारी. रिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा विद्यालयी वातावरण को अधिक सकारात्मक एवं संतुलित. बनाने हेतु प्रशिक्षित करना था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में बीनू यादव, उप-प्रधानाचार्या, आरएएन. पब्लिक स्कूल तथा प्रतीक गोयल, प्रधानाचार्य, कृष्णा पब्लिक कॉलेजिएट, काशीपुर उपस्थित रहे।

संसाधन व्यक्तियों ने कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को बताया कि विद्यार्थियों के समग्र विकास क लिए स्वास्थ्य एवं कल्याण अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चाओं एवं सहभागितापूर्ण अभ्यासों के माध्यम से यह समझाया कि विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण, संतुलित दिनचर्या, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान एवं शारीरिक सक्रियता को बढ़ावा देकर विद्यार्थियों के प्रदर्शन और व्यवहार में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है। बीनू यादव ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कक्षा में ऐसा वातावरण विक. सित करें जहां विद्यार्थी स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित एवं प्रेरित महसूस करें। वहीं प्रतीक गोयल ने 21वीं सदी के शिक्षण परिप्रेक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं जीवन कौशल के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में लगभग 60 शिक्षकों ने भाग लिया और विभिन्न गति. विधियों में सक्रिय सहभागिता की।प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण उनके लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक रहा, जिससे वे अपने शिक्षण में स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्रभावी रूप से शामिल कर सकेंगे।

# बरहनी में गैस संकट गहराया, एजेंसी पर लंबी कतारें, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** बाजपुर के ग्राम बरहनी में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच एक उपभोक्ता द्वारा भेजा गया वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गैस एजेंसी के बाहर लोगों की लंबी कतारें साफ देखी जा सकती हैं।

वीडियो में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा घंटों तक सिलेंडर मिलने का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले तीन दिनों से गैस की गाड़ी क्षेत्र में नहीं पहुंची है, जिसके कारण यह संकट उत्पन्न हुआ है। अचानक आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के सप्लाई रुकने से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। समाजसेवी मुकेश ने बताया कि यदि जल्द ही गैस आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और गैस एजेंसी से जल्द आपूर्ति सुचारू करने की अपील की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### सीएम धामी ने जनता की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने खटीमा भ्रमण के दौरान अपने निजी आवास नगला तराई व हेलीपैड लोहियाहेड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

**सीएम धामी ने नवीन बोरा व स्व. मदन सिंह के घर पहुंच पूछी कुशलक्षेम**

सीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है इसलिए अधिकारी जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने नगला तराई में स्व. मदन सिंह धामी के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति और अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने नवीन बोरा के आवास पहुंच कर उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिला अध्यक्ष कमल जिन्दल, सतीश भट्ट , जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ उत्तम सिंह नेगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

# मजदूर दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन कर मजदूरों को श्रम कानून की दी जानकारी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर सचिव ममता पंत के निर्देशन में ग्राम प्रधान विजय कुमार की अध्यक्षता में श्री राधा कृष्ण गौ सेवा सदन ट्रस्ट ग्राम लखनपुर,बाजपुर में अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर की ओर से मिलने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हर वर्ष 1 मई को मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के श्रमिकों के संघर्ष, उपलब्धियां और उनके योगदान को समर्पित है साथ ही यह श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता का भी प्रतीक है। इस मौके पर संगीता,अलाउद्दीन, सुरेश कुमार,हरपाल सिंह, गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# दोस्त से मिलने गए युवक पर चाकू से हमला

**रास्ते में खड़े युवक ने पहले मांगा मोबाइल फिर अचानक कर दिया हमला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गुरुवार की रात्रि पंतनगर थाना क्षेत्र की झा कालोनी में काल करने के लिए युवक से मोबाइल मांगने के बाद उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार टा कालोनी पंतनगर निवासी सुमित वामल पुत्र सुशील कुमार गुरुवार की रात्रि अपने दोस्त से मिलने झा कालोनी की ओर जा रहा था। मार्ग में उसे यहीं का निवासी एक युवक मिला और उसने काल करने के लिए उससे मोबाइल मांगा। सुमित ने उसे अपना मोबाइल दे दिया। इसी दौरान उस युवक ने सुमित पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे सुमित जमीन पर आ गिरा। तभी युवक ने पास रखा चाकू निकाल लिया, जिसे देख सुमित वहां से जान बचाकर भागने लगा। युवक ने पीछा कर कुछ ही दूरी पर सुमित को दबोच लिया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। अपना बचाव करने को सुमित ने हाथ आगे किया तो चाकू उसके हाथ में जा घुसा और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। शोर की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग आ पहुंचे और उन्होंने सुमित को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। सुमित ने बताया कि यदि वह हाथ आगे नहीं करता तो चाकू उसके पेट में जा लगता, जिससे उसका जीवन खतरे में पड़ जाता। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

### सोशल मीडिया पर भद्दी गालियां देने वाले दो भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** पुलिस ने लम्बी जांच के बाद सोशल मीडिया पर पिडित व उसके भाईयों को गाली गलौच करने वाले दो सगे भाईयों के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नम्बर तीन निवासी मान सिंह पुत्र श्यामसुन्दर ने कोतवाली पुलिस सौंपी तहरीर में कहा की ग्राम चेतुआखेडा निवासी वीरेन्द्र प्रसाद पुत्र गुलाब चन्द्र द्वारा उसके व उसके परिवार के कुछ लोगों के विरुद्ध एक झूठी शिकायत नानकमत्ता थाने में की थी,जिसे पुलिस द्वारा जांच में खारिज कर दिया तो आरोपी द्वारा न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर पिडित व उसके भाई व भतीजे के विरुद्ध धारा 175(3) बीएनएस दायर कर दिया, जिसकी जांच पुलिस द्वारा कर न्यायालय को रिपोर्ट दी गयी जिस पर न्यायालय ने वाद को खारिज कर दिया, आरोप हैं की आरोपी वीरेन्द्र प्रसाद व उसके भाई रविन्द्र प्रसाद जो बिना वजह रंजिश रखते हैं, जिनके द्वारा अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पिडित व उसके भाई की फोटो का दुर्पायोग कर उसपर भद्दे शब्द लिखे गये, आरोप हैं कि गांव के कुछ लोगों द्वारा नो रोड नो वोट के नाम से बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप जिसके ग्रुप एडमिन ग्राम चेतुआखेडा निवासी अजय सिंह पुत्र सहदेव सिंह, ग्राम ठेरा निवासी मुकेश अटवाल, तथा विनोद भट्ट द्वारा बनाया गया है व्हाट्सएप ग्रुप पर पीड़ित के विरुद्ध अपमानजनक भाषा में लिखकर मानहानि व सामाजिक छवि को धूमिल किया गया है। पुलिस ने पीड़ित द्वारा सौंपी गई तहरीर के आधार मामले की जांच ने उपरांत आरोपी वीरेंद्र प्रसाद व रविंद्र प्रसाद ने विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 तथा बीएनएस की धारा 351(2),व 352 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

# हल्द्वानी मार्ग पर जंगली हाथी का आतंक, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवादाता**



**बाजपुर।** हल्द्वानी मार्ग स्थित गड्डपो जंगल क्षेत्र में उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक जंगली हाथी अचानक सड़क पर आ गया। हाथी को सामने देख राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत फैल गई, जिसके चलते कई लोगों ने तुरंत अपने वाहन रोक लिए। घटना के दौरान कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित रहा। हालांकि, लोगों ने समझदारी दिखाते हुए सुरक्षित दूरी बनाए रखी और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने हाथी के सड़क पर घूमने का वीडियो भी बनाया। स्थानीय लोगों के अनुसार, हाथी कुछ देर तक सड़क पर रहा और फिर धीरे-धीरे जंगल की ओर लौट गया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। वन विभाग से लोगों ने अपील की है कि ऐसे क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# खटीमा में बुद्ध पूर्णिमा पर गूंजे भगवान बुद्ध और बाबा साहेब के विचार

**भगवान बुद्ध और बाबा साहेब की प्रतिमा पर की गई पुष्पांजलि**
**तथागत बुद्ध और अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** ज्ञानोदय बुद्ध विहार अंबेडकर मिशन खटीमा में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में बुद्धिजीवियों ने भगवान बुद्ध के शांति संदेश और डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का प्रण लिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए डॉ. उत्तम कुमार ने बाबा साहेब के शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोश के नारे को गांव-गांव तक पहुँचाने की बात कही। वहीं, हरेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में बुद्ध के विचारों को जनतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य बताया। समाजसेवी रंदीप पोखरिया ने महापुरुषों के विचारों को साझा करते हुए उपस्थित लोगों से उनके बताए मार्ग को अपने व्यक्तित्व में उतारने का आह्वान किया।

वरिष्ठ समाज सेवी डाक्टर संजय दिवाकर ने मिशन को गति देने पर जोर देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करने की योजना साझा की। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर मातृशक्ति ने भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और सामा. जिक जागरूकता का संदेश दिया। हरिओम पारखी ने बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज में शिक्षा और समानता की अलख जगाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में अनिल, कपिल देव, मीना देवी, ममता, शारदा सागर, मनोज शाही, राजेश सागर, मोतीलाल, सुप्रसिद्ध गायक नागेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### हरिपुरा (बाजपुर) से श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर रवाना, क्षेत्र में उत्साह का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र हरिपुरा से श्रद्धालुओं का जत्था चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा की शुरुआत बनखंडी से होते हुए हरिद्वार पहुंचकर आगे चारधाम के लिए प्रस्थान किया गया। इस पवित्र यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के चेहरे पर आस्था और उत्साह साफ झलक रहा था। यात्रा में हेमंत देवरिया, जानकी मेहता, खीमा देवी, नीरज कुमार पांडे, इंदपाल, कैलाश कांडपाल, सुरेश कांडपाल, धीरज पांडे, सरस्वती पन्त, धन बिष्ट सहित समस्त यात्रियों ने भाग लिया। रवाना होने से पहले स्थानीय लोगों ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने बताया कि चारधाम यात्रा उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अनुभव है और वे पूरे उत्साह के साथ इस यात्रा को पूर्ण करेंगे।

# जलसे में उलेमाओं ने मुस्लिम समाज के लोगों से कुरीतियों को दूर करने का किया आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मोहल्ला बम्बाघेर में सम्पन्न हुए जलसे में उलेमाओं ने मुस्लिम समाज के लोगों से समाज मे बड़ती कुरीतियों को दूर करने की सलाह दी। ख्वाजा नोजवान कमेटी के तत्वधान में सम्पन्न हुए सुन्नी बरेलवी मुसलमानों के अजीमो शान जलसे में बतौर मुख्य अतिथि आये मुफ्ती अशरफ जिलानी अजहरी शहर काजी भीलवाड़ा राजस्थान ने अपनी तकरीर में नशे से दूर रहने, जिनाखोरी से बचने,ब्याज की रकम लेने व देने से बचने, शादी ब्याह में फिजूलखर्ची से बचने, पांच वक्तों की नमाज की पाबंदी करने, नबी के बताये गये रास्तो पर चलकर सुन्नत तरीको से जिंदगी जीने की बात कही।

प्रोग्राम में शायर ए इस्लाम मौलाना राशिद रजा मरकजी बरेली शरीफ ने अल्लाह, उनके नबी व आला हजरत इमाम अहमद रजा खां फाजिले बरेल. वी पर पेश की गई अपनी नात शरीफो के नजराने से माहौल को रूहानी बना दिया। प्रोग्राम की अध्यक्षता मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी काजी ए शहर रामनगर व संचालन मुफ्ती सलीम मिस्बाही सैफी मस्जिद नज्जारान भवानीगंज, सरपरस्ती मौलाना सय्यद गुलाम मुहिय्युद्दीन के द्वारा की गयी। इस मौके पर मुफ्ती मोहम्मद आजम, मौलाना अफजाल मोइन, मौलाना नाजिम, हाफिज मुजफ्फर हुसैन, सूफी नाजिम, हाफिज उमर, हाफिज मुनव्वर, हाफिज इम्तियाज, मुफ्ती महमूद रजा, मौलाना शहादत हुसैन, मौलाना अमजद, मौलाना फुरकान, हाफिज शम्स, कारी उबैद, मौलाना बदरुल इस्लाम, सैय्यद फरीद, अब्दुल रजा, नावेद सैफी एडवोकेट, बिलाल शेख, तहसीन रजा, आरिश सिद्दीकी, अल्तमश रजा, मोनू अंसारी आदि मौजूद रहे।

# श्री श्याम महोत्सव से पूर्व निकली भव्य निशान यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज दो मई को शिव नगर चामुंडा मंदिर के सामने स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में आयोजित भव्य श्री श्याम कृपा महोत्सव की पूर्व संध्या पर आज सायं ट्रांजिट कैंप फुटबॉल मैदान से प्रारंभ भव्य श्री श्याम निशान यात्रा ट्रांजिट कैंप मुख्य मार्ग, शिवनगर, झील के सामने, किच्छा बायपास, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, गांधी पार्क के साथ होते हुए, महाराजा रणजीत सिंह चौक, मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी रोड, व पंचमुखी हनुमान मंदिर ,से होते हुए गल्ला मंडी स्थित श्री श्याम खाटू मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पूजा अर्चना व आरती करके निशान यात्रा शिव नगर स्थित संकीर्तन स्थल पर पहुंची भव्य निशान यात्रा में आकर्षण का केंद्र महाकाल बैंड व बाबा श्याम का दिव्य रथ अपनी अनुपम छटा विक्रण कर रहा था।

जिसमें महंत सोमनाथ जी, महंत अशोक नाथ जी, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजीव गुप्ता, विकास बंसल, सुशील गाबा, संजय ठुकराल, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी, रणजीत राणा, पंडित राकेश शर्मा, पार्षद शुभम दास, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, हिमांशु मारवाड़ी, गगन ग्रोवर, करू मंडल, सुनील जालिम, हिम्मत राम कोली, संजय पाठक, विपिन सक्सेना, बाबूराम प्रजापति, सुरजीत गुप्ता, फतेहचंद बंसल, श्रीनिवास गुप्ता, अनुज गंगवार, अजय गुप्ता, बृजेश गुप्ता, अनिल पाल, प्रकाश गुप्ता, पवन पाल, आकाश जाटव, अर्जुन गुप्ता, सुनील पाल, अंकुश परमार, अवनीश पाल, नमन गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, भानु यादव, सुनील यादव, अंशुल पाल, पवन पाल, महेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, डॉ. ललित पाल, सचिन सक्सेना, विशाल गुप्ता आदि बाबा श्याम के भगत जिसमें काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी थे।

### फैशन डिजाइन व मशरूम उत्पादन का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम सभा नौगवांठग्गू एवं चंदेली मे उधमिता विकास प्रशिक्षण के निमित्त फैशन डिजाइन प्रशिक्षण व मशरुम उत्पादन एवं मूल्य संर्वधन के अन्तर्गत लगभग 200 महिलाओं ने तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमे प्रोजेक्ट परियोजना विन्द्रा तिवारी एवं ट्रेनर मिथलेश राणा व रीता राणा के मार्गदर्शन व प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण हेतु। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ.प्रेम सिहं राणा उपस्थित रहें। इस दोरान पूर्व विधायक ने महिलाओ द्वारा लगातार तीन माह का सिलाई व मशरुम उत्पादन प्रशिक्षण निश्चित ही मातृशक्ति जीवनोर्पाजन मे सहयाक होगा साथ ही उत्तराखंड सरकार व केन्द्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओ के बारे मे भी बताया। इस दौरान ललिता राणा,भुवन जोशी,किशोर जोशी,बलदेव सिहं,महेश राणा,राजीव राणा,प्रकाश शर्मा, गोकुल ओली आदि थे।

# मजदूरी पर निकले युवक का नहर में मिला शव, इलाके में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के मंगलार क्षेत्र में सिंचाई नहर में एक युवक का शव मिला। घटना के बाद जहां इलाके में हड़कंप मच गया, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया।

शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का शव सिंचाई विभाग की नहर में मिला।सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शिनाख्त के प्रयास किए।मृतक की पहचान 24 वर्षीय अलाउद्दीन पुत्र मोहम्मद हनीफ के रूप में हुई है, जो कॉर्बेट कॉलोनी का निवासी था। बताया जा रहा है कि अलाउद्दीन शुक्रवार सुबह हर रोज की तरह अपने घर से मजदूरी के लिए निकला था। लेकिन कुछ ही समय बाद आसपास के लोगों ने उसके परिवार को सूचना दी कि उसका शव मंगलार स्थित सिंचाई नहर में पड़ा हुआ है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और फिर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस खबर के बाद परिवार में कोहराम मच गया और इलाके में भी शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक के बड़े भाई सलमान ने बताया कि उनका भाई सुबह काम पर गया था और उन्हें इस तरह की घटना की कोई आशंका नहीं थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद वह तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को भी इसकी जानकारी दी।

वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पावन बुद्ध पूर्णिमा पर खुले आदि कैलाश के कपाट

## देखने को मिला धार्मिक आस्था, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पावन बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित आदि कैलाश में भगवान शिव के पवित्र मंदिर के कपाट आज विधिवत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस पावन अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक आस्था, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।



कपाट उद्घाटन के साथ ही वर्ष 2026 की आदि कैलाश यात्रा एवं ॐ पर्वत दर्शन यात्रा का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनता, प्रशास. निक अधिकारी, पुलिस, आईटीबीपी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के दौरान सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं विश्व कल्याण की कामना की। जिला प्रशासन द्वारा यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने हेतु व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। यात्रा मार्गों की स्थिति, आवास व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, संचार प्रणाली एवं सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को निर्बाध एवं सुरक्षित यात्रा अनुभव प्राप्त हो सके। प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानियां अवश्य बरतें। यह यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## एक नजर

# पूर्णागिरि में क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन दुरुस्त, आपूर्ति बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चम्पावत।** पूर्णागिरि क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की समस्या का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार अधिशासी अभियंता जल संस्थान रवि प्रकाश डोबवाल ने सभी प्रभावित लाइनों को सुचारु कर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पुन: सुचारु कर दी है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिवस हुई मूसलाधार बारिश के कारण कुछ स्थानों पर पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे अस्थायी रूप से जलापूर्ति प्रभावित हुई। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जल संस्थान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अल्प समय में सभी बाधाओं को दूर कर आपूर्ति बहाल कर दी है। अधिशासी अभियंता जल संस्थान रवि प्रकाश डोबवाल ने बताया कि वर्तमान में पूर्णागिरि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।

# रात भर गूंजते डीजे, प्रशासन बेखबर: लोहाघाट में नींद हुई हराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- शादी हो या बर्थडे पार्टी रात 10 बजे की सीमा बेअसर
- सुबह तीन बजे तक ध्वनि प्रदूषण से त्रस्त लोग

**लोहाघाट।** क्षेत्र में डीजे संचालकों की मनमानी अब लोगों के सब्र का इम्तिहान लेने लगी है। शादी हो या बर्थडे पार्टी, हर आयोजन में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाना आम बात हो गई है। हालात यह हैं कि ग्रामीण इलाकों में रात से लेकर सुबह 3 बजे तक ध्वनि का शोर गूंजता रहता है और आमजन की नींद पूरी तरह हराम हो चुकी है। सबसे गंभीर बात यह है कि नियमानुसार शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र रात 10 बजे के बाद डीजे संचालन प्रतिबंधित है, लेकिन इसके बावजूद नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कानून की अनदेखी के बीच पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, जिससे डीजे संचालकों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। नतीजा यह है कि नियम सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं और जमीन पर उनका कोई असर नहीं दिख रहा। ग्रामीणों के अनुसार, इस अनियंत्रित शोर का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर पड़ रहा है। रातभर नींद न मिलने से लोगों की सेहत और दिनचर्या दोनों प्रभावित हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और रात 10 बजे के बाद डीजे संचालन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। बड़ा सवाल: जब नियम साफ हैं, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं? आखिर कब तक यूं ही मूकदर्शक बना रहेगा प्रशासन?

# पिथौरागढ़ में लगा बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर

- 5,000 से अधिक लोग हुए लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ़ के तत्वावधान में आज शुक्रवार को न्यू बियरशिवा पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन, पिथौरागढ़ में वृहद बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 5,000 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग कर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति/कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में न्यायमूर्तियों ने कहा कि ऐसे शिविर आमजनता के लिए अत्यंत लाभकारी एवं दूरगामी परिणाम देने वाले होते हैं। इनके माध्यम से विधिक सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित होता है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय तक समान पहुंच प्रदान की जा सकती है। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने आमजन से अपील की कि वे इस प्रकार के शिविरों में सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर विभिन्न विभागों द्वारा संचा. लित योजनाओं का लाभ उठाएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ़




की सचिव मंजू देवी ने "बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक अधिकार योजना-2024" सहित विभिन्न विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी प्राधिकरण के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड, मातृ वंदना योजना, नन्दा गौरा योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा बैसाखी एवं व्हीलचेयर, कृषि विभाग द्वारा 50 वनराजी महिलाओं को टूल किट, श्रम विभाग द्वारा 100 लाभार्थियों को कंबल व छाते, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महालक्ष्मी किट, अग्रणी बैंक द्वारा लाभार्थियों को चेक वितरण, गैर सरकारी संस्था द्वारा लैपटॉप एवं स्कूल बैग वितरित की गई।

इसके अतिरिक्त राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा स्वास्थ्य विभागों द्वारा सैकड़ों लोगों का उपचार कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के लिए दवाइयों का वितरण भी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 16 मुकदमेबाजी मुक्त ग्रामों के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। साथ ही सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तिकाओं का वितरण कर जनजागरूकता बढ़ाई गई।

शिविर में जिला जज धनंजय चतुर्वेदी, जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई, पुलिस अधीक्षकअक्षय प्रहलाद कोंडे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन, मुख्य विकास अधिकारी दीपक सैनी, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पीएलवी/अधिकार मित्रों एवं संबंधित विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** डा. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति रामनगर के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद रामनगर के अंबेडकर पार्क रामनगर में महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती मनाई गई। समारोह का आयोजन संयोजक रेवी राम



खेरिया के अध्यक्षता व संचालन एडवोकेट विनोद कुमार अंजान के द्वारा किया गया। सभा में चंद्रहास गौतम एवं फकीर राम द्वारा बुद्ध वंदना प्रस्तुत की गई। इस दौरान मदन राम, रमेश चंद, महेंद्र आर्या,नंदराम देव भारती, मोहन चंद्र, प्रकाश शिल्पी द्वारा बुद्ध के विचारों को व्यक्त किया गया सभा का समापन बुद्ध वंदना से सभी का कल्याण मंगल आदि भावनाओं के साथ किया गया सभा के अंत में सभी को खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

# सीओ का सख्त संदेश: हर फरियादी से करें मधुर व्यवहार

- चंपावत कोतवाली निरीक्षण में दिखी नई सोच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** स्थानीय कोतवाली के अपने पहले निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक देवेन्द्र सिंह क्रपरवाण ने पुलिस कर्मियों को स्पष्ट संदेश दिया कि थाने में आने वाला हर फरियादी सम्मान और संतुष्टि के साथ लौटना चाहिए। उन्होंने कहा कि मधुर व्यवहार और विनम्रता ही पुलिस की असली पहचान है यदि फरियादी संतुष्ट होकर जाएगा, तो वहीं व्यक्ति आगे चलकर पुलिस का सहयोगी बनकर अपराध रोकने में मदद करेगा।



निरीक्षण के दौरान सीओ ने सलामी गारद का निरीक्षण किया और कोतवाली परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना परिसर इतना स्वच्छ और सुसज्जित होना चाहिए कि यहां आने वाले व्यक्ति पर सकारात्मक प्रभाव पड़े, क्योंकि यही किसी भी थाने की पहली छवि होती है। सीओ ने अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग एक संयुक्त परिवार की तरह है, जो अनुशासन और कर्तव्य की डोर से बंधा है। यदि हर कोई अपने उत्तरदायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करेगा, तो न सिर्फ समस्याओं का समाधान होगा बल्कि आपसी समन्वय भी मजबूत होगा। उन्होंने लंबित विवेचनाओं, सीएम हेल्पलाइन के मामलों और अन्य प्रकरणों का शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि आज का काम कल पर न छोड़ें अपनी कार्यशैली ऐसी बनाएं जिससे अलग पहचान स्थापित हो। स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर जोर देते हुए सीओ ने कहा कि योग, प्राणायाम और नशामुक्त जीवन पुलिस कर्मियों को सशक्त बनाता है। उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के साथ उनकी पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण तैयार करें जिससे पुलिस के सिपाही का बेटा या बेटी भी आईपीएस बन सकेंगे। कोतवाली क्षेत्र के सीएलजी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप चंपावत को मॉडल जिला बनाया जा रहा है, ऐसे में सभी मिलकर इसे अपराध मुक्त मॉडल जिला बनाने की दिशा में कार्य करें। यह उत्तराखंड के लिए नया उदाहरण बनेगा।

# फर्जी मेडिकल नहीं बनाया, तो भड़के शिक्षक दंपति

- चंपावत जिला अस्पताल में डॉक्टर से बदसलूकी, मचा हड़कंप
- जनगणना की ड्यूटी से बचने के लिए शिक्षिका डॉ. धनंजय पाठक पर बना रही थी दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** सरकारी नियमों का पालन करना एक डॉक्टर को भारी पड़ गया। जिला चिकित्सालय में उस वक्त सनसनी फैल गई जब फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने से इनकार करने पर एक शिक्षक दंपति ने लोकप्रिय हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय पाठक पर ही हमला बोल दिया।

बताया जा रहा है कि दंपति बिना गंभीर बीमारी के मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने पहुंचे थे, ताकि सरकारी ड्यूटी से बच सकें, लेकिन जैसे ही डॉक्टर ने साफ शब्दों में मना किया और मेडिकल बोर्ड के सामने पेश होने की सलाह दी, दंपति का पारा चढ़ गया। आरोप है कि गुस्से में बेकाबू दंपति ने डॉक्टर के चैंबर में ही हंगामा खड़ा कर दिया। न केवल अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, बल्कि डॉक्टर को धमकाने तक की कोशिश की। यह सब अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों के सामने हुआ, जिससे माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। घटना की खबर फैलते ही अन्य डॉक्टरों में उबाल आ गया। प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ के बैनर तले डॉक्टरों ने एकजुट होकर प्रभारी जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और साफ चेतावनी दी अगर आरो. पियों पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

सीएमओ डा. देवेश चौहान ने भी दो टूक कहा कि डॉक्टर ने बिल्कुल सही किया। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर हर स्वस्थ व्यक्ति को फर्जी मेडिकल दिया जाने लगे, तो फिर सरकारी व्यवस्थाएं कैसे चलेंगी? सीएमओ ने फिलहाल स्थिति को संभाला हुआ है और जिले के डॉक्टर कार्रवाई न होने पर आंदोलन के आमादा है।

सूत्रों के मुताबिक, संबंधित शिक्षिका पहले लोहाघाट अस्पताल में भी मेडिकल बनवाने गई थी, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मामूली समस्या बताते हुए साफ मना कर दिया था। इसके बाद वह जिला अस्पताल पहुंची, जहां विवाद और बढ़ गया। अब इस मामले में पुलिस को तहरीर दे दी गई है और प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ता जा रहा है।

# रहस्यमय तरीके से व्यक्ति लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर में सरकारी अस्पताल से गया एक व्यक्ति रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। परि. जनों ने काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया है।

नई बस्ती वार्ड नंबर 20 काशीपुर उधमसिंह नगर निवासी सईदा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति फईम को बीमार होने के कारण 28 अप्रैल को रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल सुबह को वह रामनगर बाजार फल खरीदने गए थे।तब से वह लापता है। उनकी काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर उनकी खोजबीन शुरू कर दी है।

# डॉ. भुवन चंद जोशी को मिला 'वरिष्ठ नागरिक सम्मान'

- मुख्यमंत्री धामी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** समाज सेवा, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वर्षों से उल्लेखनीय कार्य कर रहे चंपावत के वरिष्ठ शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. भुवन चंद जोशी को उत्तराखंड सरकार ने प्रतिष्ठित 'वरिष्ठ नागरिक सम्मान' से सम्मानित किया है। 30 अप्रैल 2026 को हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से एक-एक वरिष्ठ नागरिक का चयन किया गया था। चंपावत जिले से डॉ. भुवन चंद जोशी को उनके समाज के प्रति समर्पण, शिक्षा के क्षेत्र में योगदान और सामाजिक सरोकारों के लिए चुना गया। डॉ. भुवन चंद जोशी ने अपने जीवन के 40 वर्ष राजकीय सेवा को समर्पित किए और प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने खुद को समाज सेवा में समर्पित रखा। पिछले 14 वर्षों से वे शिक्षा के प्रसार, पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा, बाल कल्याण और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रयासों से समाज में जागरूकता बढ़ी



है और कई सामाजिक अभियानों को नई दिशा मिली है।

सम्मान ग्रहण करने के बाद डॉ. भुवन चंद जोशी ने कहा मैंने अपने जीवन के 40 साल राजकीय सेवा को दिए, लेकिन असली आत्मिक संतोष मुझे समाज की सेवा से मिला। समाज के मुद्दों के साथ खड़ा रहना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। यह सम्मान मेरे लिए गर्व और प्रेरणा दोनों है।

भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, शिक्षाविद डॉ. तिलकराज जोशी, प्रकाश तिवारी, कीर्ति वल्लभ सक्टा, अमरनाथ वर्मा, दिनेश पांडे, महेंद्र सिंह बोहरा, इंद्र सिंह बोहरा, अंचला बोहरा (ब्लॉक प्रमुख), प्रेमा पांडे (नगर पालिका अध्यक्ष) और शंकर पांडे सहित जिले के तमाम गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# टनकपुर पावर स्टेशन बनबसा में मजदूर दिवस पर भव्य आयोजन समर्पित कर्मियों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बनबसा।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर टनकपुर पावर स्टेशन बनबसा में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों के सबसे बड़े संगठन शारदा वैली एनएचपीसी कर्मचारी संघ (इंटक) द्वारा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी मजदूर दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया एनएचपीसी वर्कर्स एंड इम्प्लाइज फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद उप्रेती ने मजदूर दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की मेहनत और समर्पण ही किसी भी संस्थान की असली ताकत होती है।

मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में संघ द्वारा पावर स्टेशन के प्रति निष्ठावान और समर्पित 12 पुरुष एवं महिला संविदा कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके योगदान की सराहना करते हुए सभी को प्रेरित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के लिए सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन संघ के महासि. चव अमित कुमार ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष गोविंद सोनाल, कोषाध्यक्ष केशव थलाल, संगठन सचिव प्रवीण गर्ग, कार्यालय सचिव नरेंद्र थलाल, कार्यकारिणी सदस्य मोहन राम, वीरेंद्र कुमार, अरुण दिलवाला, जावेद हसन, महेश वाल्मीकि, रामबरन सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों ने भागीदारी कर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम ने श्रमिक एकता, सम्मान और समर्पण का संदेश देते हुए सभी में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

# आयुश्री भावे केलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** आयुश्री भावे की प्रतिभा और कड़ी मेहनत ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। अपनी लगन और मेहनत के दम पर उन्होंने सात समुंदर पार अमेरिका की एक प्रतिष्ठित केलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर का पद हासिल किया है। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने जीआरपी जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की।

मूल रूप से अल्मोड़ा जिले के कुल्हेल गांव की निवासी आयुश्री का परिवार लंबे समय से लोहाघाट में रह रहा है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा देवीधुरा के योगेश जोशी मेमोरियल शिव शक्ति पब्लिक स्कूल से प्राप्त की, जबकि आगे की पढ़ाई मल्लिकार्जुन पब्लिक स्कूल लोहाघाट से पूरी की। इसके बाद उन्होंने भीमताल से बी-फार्मा और जयपुर से एम-फार्मा की डिग्री हासिल की। अध्ययन के साथ-साथ लेखन में भी उनकी गहरी रुचि रही है। उन्होंने फार्माकोलाजी क्षेत्र में एक पुस्तक लिखी है और दूसरी पुस्तक प्रकाशनाधीन है। इसके अलावा आयुश्री ने फाइन आर्ट और संगीत में भी डिग्री हासिल की है, जो उनके बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मां भावना आर्य के संरक्षण में हुई, जो वर्तमान में देवीधुरा के राजकीय इंटर कॉलेज की कार्यवाहक प्रधानाचार्य हैं। आयुश्री को आगे बढ़ने की प्रेरणा उनके पिता किशोर चंद्र व माता भावना से मिली। वे अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, नानी और गुरुओं को देती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, नगर पालिका लोहाघाट के अध्यक्ष गोविंद वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमा पांडे, जिलाधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी, सोनिया आर्य, रीता गहकोटी, सतिश चन्द्र पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दीं।

# डबल वोटर पर गिरी अदालत की गाज

- चंपावत में मचा सियासी भूचाल
- जिला पंचायत सदस्य का चुनाव रद्द
- कई जनप्रतिनिधियों पर लटक रही तलवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** अदालत के एक अहम फैसले ने पंचायत राजनीति में हलचल मचा दी है। एक जिला पंचायत सदस्य का चुनाव रद्द किए जाने के बाद अब उन सभी जनप्रति. निधियों में हड़कंप मच गया है, जिनके नाम दो अलग-अलग स्थानों की मतदाता सूचियों में दर्ज हैं।

पंचायती चुनाव के दौरान ही कई लोगों ने इस मामले में सक्षम अधिकारियों के सामने आपत्तियां दर्ज कराई थीं, लेकिन उस समय उनकी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब अदालत के फैसले ने उन सभी शिकायतकर्ताओं को मजबूती दे दी है और वे दोबारा सक्रिय हो गए हैं। जिले में पहले से ही इस मामले को लेकर कई पिटीशन तैयार की गई थीं, लेकिन अब फैसले के बाद बड़ी संख्या में लोग कोर्ट का दरवा. जा खटखटा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कई ग्राम प्रधानों के साथ लोहाघाट के ब्लॉक प्रमुख भी इस मामले में शामिल हैं और उन्होंने उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त किए हैं।

इसके बाद दूसरा पक्ष भी पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मामले का केंद्र वे जनप्रतिनिधि हैं, जो रोजगार के चलते शहरों में रहते हैं और वहीं मतदान भी करते हैं, जबकि उनका नाम उनके मूल गांव की मतदाता सूची में भी बना रहता है। ऐसे में वे दो जगह वोट डालने के साथ-साथ गांव से चुनाव जीतकर प्रतिनिधि भी बन जाते हैं। अदालत का यह फैसला अब ऐसे सभी मामलों पर सीधा असर डाल सकता है।

जनता ने इस फैसले का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि जनप्रतिनिधि पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ चुनाव प्रक्रिया में भाग लें।

अब माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में चंपावत में और भी कई जनप्रतिनिधियों के चुनाव पर सवाल उठ सकते हैं और पंचायत राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक-88/नामान्तरण सूचना/2026-27 दिनांक-29-4-2026

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण/संसोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमती राबिया बेगम पत्नी स्व. श्री मो. याकूब | भवन सं. 122 वार्ड नं. 5 टनकपुर | श्रीमती राबिया बेगम पत्नी स्व. श्री मो. याकूब | श्री हामिद अली पुत्र श्री मो. यूकूब | आवेदन मय गृहकर रसीद, परिवारिक इकरारनामा, आधार कार्ड |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# शहीद रेवाधर के नाम पर होगा खेतीखान आईटीआई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** खेतीखान स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का नाम अब वीर शहीद रेवाधर के नाम पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश की आन, बान और शान के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को सम्मान देने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार द्वारा शहीदों के नाम विभिन्न संस्थानों से जोड़ने का सिलसिला लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री की इस पहल का क्षेत्र में व्यापक स्वागत हो रहा है। शिक्षाविद चिरंजी लाल वर्मा, डॉ. लक्ष्मी दत्त ओली, हिमेश कलखुडिया, जिला पंचायत सदस्य अशोक महरा, ब्लॉक प्रमुख शंकर सिंह अधिकारी तथा जिला पत्रकार संगठन के अध्यक्ष सीवी ओली सहित कई गणमान्य लोगों ने इस निर्णय की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# मेधावी बच्चों, समाजसेवियों का सम्मान

## नैनीताल में सांसद अजय भट्ट के बर्थडे पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के राज्य अतिथि गृह में शुक्रवार को सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन के विशेष मौके पर भाजपाईयों की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर के सभी स्कूलों के कक्षा 10वीं के मेधावी बच्चों समेत श्रमिकों तथा गणमान्य जनों के साथ ही उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में 12वीं में बोर्ड की वरियता सूची में 25वां स्थान पाने वाले नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के मेधावी छात्र सुमित सिंह फर्तियाल को सम्मानित किया गया।



समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या, विशिष्ट अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शांति मेहरा, कार्यक्रम संयोजक सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। विधायक सरिता आर्या ने सांसद अजय भट्ट को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए मेधावी छात्रों को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए निरंतर संघर्ष और परिश्रम का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक गोपाल सिंह रावत ने बताया कि पत्रकार, श्रमिक, मेधावी युवा एवं शिक्षक ही विकसित भारत का भविष्य हैं। इन सभी को समर्पित यह जन्मदिन कार्यक्रम भी है। संचालन भाजपा मंडल महामंत्री हरीश सिंह राणा ने किया।

समारोह में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक कामेश्वर प्रसाद काला एवं डा. डीपी गंगोला का भी शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही श्रमिक प्रेम राम एवं कविता कोहली को भी शॉल स्मृति चिन्ह एवं विशेष पुरस्कार दिया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा नैनीताल शहर के 10वीं कक्षा के सभी विद्यालयों के मेधावी छात्रों का स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व विशेष पुरस्कार एवं फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया।

इस दौरान बिड़ला विद्या मंदिर के छात्र साचन, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के वर्णिता पांडे, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल के केशव शर्मा, सेंट जेवियर के लक्ष्य पंत, सनवाल स्कूल की राशि बाराकोटी, बिशप स्कूल के सौरभ तिवारी, सेंट जॉन्स के अंश राणा, राधा चिल्ड्रन के मनीष कुमार, भारतीय शहीद सैनिक की रश्मि नयाल, राष्ट्रीय शहीद निशांत की कोमल राज आर्या, मोहन लाल साह इंटर कॉलेज की सारा परवीन, अटल उत्कृष्ट राजकीय कन्या इंटर कालेज की निधिमनी ओली, सीआरएसटी के निखिल कुमार, के एल साह एशडेल की नीमा बिष्ट, सरस्वती विद्या मंदिर के विराट कनवाल, पार्वती प्रेमा जगाती के आर्यमान अग्रवाल, सेंट जोसेफ के अरुणाभ गंगोला एवं मयंक रैकवाल, सेंट मेरी कॉन्वेंट की मैत्रेयी बिष्ट तथा शेरवुड कॉलेज के शौर्यवीर गुप्ता को सम्मानित किया गया।

समारोह में जिला उपाध्यक्ष दया पोखरिया, सह संयोजक विक्रम सिंह रावत व आनंद सिंह बिष्ट समेत भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य समेत लोकेश जोशी, पंकज बरगली, अरविंद सिंह पडियार, मनोज जोशी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कविता गंगोला, अध्यक्ष अमिता साह, रेखा जोशी, सभासद लता दफौटी, गजाला कमाल, भगवत रावत, पूरन बिष्ट समेत मीरा बिष्ट, मीनू बुधलाकोटी, करन साह, हेमलता पांडे, मोहित साह, श्याम सिंह बिष्ट, प्रदीप कुमार, भूपेंद्र बिष्ट, रोहित थापा, लाल सिंह बिष्ट, प्रेम सागर, हेमंत बेदी, रितुल कुमार, भारत मेहरा, युवराज करायत, विनय कुमार, गौरव हार्पर तथा गौरव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## विधायक सरिता आर्या ने जताया सीएम का आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी के बीते दिवस हल्द्वानी पहुंचने पर नैनीताल विधानसभा की



विधायक सरिता आर्या ने चार्टनलॉज क्षेत्र के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के सुरक्षात्मक कार्य एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य हेतु 6 करोड़ 17 लाख 83 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिलने पर उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञात हो कि विगत कुछ वर्ष पूर्व नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला चिकित्सालय के पास चार्टनलॉज क्षेत्र के पास एक बड़े भू भाग में भूस्खलन हुआ था जिस कारण दर्जनों परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसके साथ ही ऊपर की ओर चार्टनलॉज क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों पर भी मकान ढहने और भूस्खलन का खतरा बना हुआ था। इस दौरान सांसद अजय भट एवं विधायक सरिता आर्या ने संबंधित आपदा क्षेत्र का मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया था एवं तुरंत संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा कार्य हेतु निर्देशित भी किया था। विधायक सरिता आर्या ने कई बार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आपदा प्रभावित चार्टनलॉज क्षेत्र के सुरक्षात्मक कार्य करवाने हेतु अनुरोध किया था। विधायक के मुताबिक कि मुख्यमंत्री लगातार नैनीताल क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए करोड़ों की धनराशि प्रदान कर चुके हैं जिसके अंतर्गत नैनीताल के सभी पैदल मार्गों का नवनिर्माण किया जा रहा है। तल्लीताल डांठ चौराहा, मस्जिद चौराहा, गाड़ी पड़ाव क्षेत्र, रिकशा स्टैंड मल्लीताल चौराहा, चीना बाबा चौराहा, मन्नू महारानी चौराहा का चौड़ीकरण का कार्य भी मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई मानसखंड मंदिर माला मिशन योजना के तहत माँ नैना देवी मंदिर क्षेत्र का भव्य गेट निर्माण पूरा हो चुका है।

## एक नजर

### बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों से गटका कीटनाशक, मौत

**नैनीताल।** शहर के समीपवर्ती बगड़ क्षेत्र में 76 वर्षीय बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक गटक लिया। हालात बिगड़ने पर देर रात स्वजन उसे लेकर बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की मौत के बाद स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामे व पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बगड़ निवासी 76 वर्षीय गोधन सिंह के पड़ोस में गुरुवार को विवाह समारोह था। दोपहर में समारोह में शामिल होने के बाद वह देर शाम घर पहुंचे। रात खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चले गए। देर रात अचानक उनकी तबियत बिगड़ गयी। बिस्तर के समीप ही कीटनाशक की खाली बोतल देख स्वजनों के भी हाथ पांव फूल गए। आनन फानन उन्हें बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### वानिकी विषय को यूजीसी नेट के लिए मान्यता

**नैनीताल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वानिकी विषय को यूजीसी नेट हेतु मान्यता दी है। यूजीसी के सचिव श्यामा रथ द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि जून 2026 में होने वाली नेट परीक्षा में वानिकी विषय को शामिल कर लिया गया है तथा पाठ्यक्रम को वेबसाइट में अपलोड किया जा चुका है। बताया कि यूजीसी की 597वीं बैठक 13 अप्रैल 2026 को हुई जिसमें वानिकी को शामिल किया गया। इससे पूर्व ड्राफ्टिंग 8 सदस्यीय समिति की अध्यक्षता डा. शेर सिंह सामंत फैलो ऑफ नेशनल अकादमी एवं पूर्व निदेशक एचएफआरआई शिमला द्वारा की गई। 5 बैठकों के बाद पाठ्यक्रम तैयार किया गया। उक्त मांग को कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) द्वारा कई बार प्रस्तुत किया गया। वानिकी को नेट परीक्षा में शामिल किए जाने से विशेष रूप से पूरे देश के वानिकी के विद्यार्थी तथा विशेष रूप से हिमालय प्रदेश के छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगी तथा वन संरक्षण में भी मदद मिलेगी एवं वानिकी को हिमालयी क्षेत्र के महाविद्यालयों में भी प्रारंभ किए जाने की बहुत जरूरत है। डा. बीएस कालाकोटी तथा प्रो. ललित तिवारी द्वारा मामले में यूजीसी का धन्यवाद किया गया है।

### बारिश के दौरान नौकायन का वीडियो वायरल

**नैनीताल।** नैनीताल में बृहस्पतिवार को बारिश के दौरान नौकायन का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें पैडल बोट में बैठे पर्यटक फंसे नजर आ रहे हैं। बता दें कि बृहस्पतिवार को बारिश के दौरान झील में नौका संचालन बंद हो गया था। लेकिन एक पैडल बोट में बारिश के दौरान झील में ही तैरती नजर आई। इस दौरान झील किनारे किसी युवक ने वीडियो बना लिया। जिसमें पर्यटक बार बार किनारे आने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा के चलते वह बोट को किनारे नहीं ला पाए। जब हवा हल्की हुई तो वह बोट लेकर किनारे पहुंचे। झील किनारे आकर पर्यटकों ने राहत की सांस ली। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने इसको जान को जोखिम में डालना कहा है। साथ ही पालिका से झील में नौकायन के समय नजर रखने की अपील की है। ताकि ऐसी वजहों के चलते कोई हादसा न हो। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने बताया कि पालिका की एक टीम झील में नाव संचालन पर नजर रखती है। ताकि कोई झील में गंदगी न करे। साथ ही नौकायन करने वालों से नियमों का पालन कराया जा सके।

### अनियंत्रित होकर रपटी स्कूटी, युवती चोटिल

**नैनीताल।** शहर के भवाली रोड में पाइंस के समीप युवती की स्कूटी अनियंत्रित होकर रपट गयी। हादसे में युवती गंभीर रूप से चोटिल हो गयी। सूचना पर पहुंचे स्वजनों ने मौके पर पहुंच युवती को बीडी पांडे अस्पताल दिलाया। जानकारी के मुताबिक तल्लीताल निवासी प्रतिभा सिलेलान शुक्रवार को स्कूटी से नैनीताल आ रही थी। पाइंस के समीप मोड़ में अचानक एक वाहन रॉन्ग साइड पर आ गया। जिससे स्कूटी अनियंत्रित होकर रपट गयी। हादसे में उसके पैर में गंभीर चोट आ गयी। सूचना पर स्वजन मदद को मौके पर पहुंचे। जहां एक्सरे जांच के साथ ही उसे उपचार दिया गया।

### क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सरिता आर्या को विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग जनपद नैनीताल में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सरिता आर्या के अधिवर्षता पूर्ण होने पर आपूर्ति परिवार द्वारा एक समारोह में विदाई दी। इस मौके पर मौजूद सभी विभागीय अधिकारियों व कर्मियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने विदाई समारोह के अवसर पर मंच का संचालन करते हुए सभी अतिथियों का विभाग की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सरिता आर्या के पति राजेन्द्र प्रसाद सहित उनके पारिवारिक सदस्य भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल के दौरान उनके साथ कार्य करने का जो अनुभव रहा साझा किया और सभी के द्वारा उनके कार्यों की प्रशंसा की गई । इस मौके पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, चित्रा रौतेला, रवि सनवाल, पुष्कर सिंह असवाल, पूर्ति निरीक्षक दीप चन्द्र बेलवाल, मोहित कठायत, राजेन्द्र भट्ट, गौरव जोशी, मनीष उप्रेती, दर्शनानंद, पूर्ति लिपिक मीनाक्षी बोरा, सुनीता समेत सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता हेमंत रूबाली तथा किशन सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# ऑल सेंट्स कॉलेज की छात्रा ने रचा इतिहास

## 99.5 फीसदी अंक लाकर सैयदा आमना कामरान बनीं प्रदेश टॉपर, शिक्षकों को दिया श्रेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के खूबसूरत शहर नैनीताल की शांत वादियों से इस बार ऐसी खबर आई है, जिसने पूरे प्रदेश को गर्व से भर दिया है। गुरुवार को आए इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आइएससी) के रिजल्ट में 12वीं बोर्ड परीक्षा में ऑल सेंट्स कॉलेज की छात्रा सैयदा आमना कामरान ने 99.5 प्रतिशत अंक हासिल कर न सिर्फ शहर, बल्कि पूरे प्रदेश में टॉप कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी भी मंच पर पीछे नहीं हैं। इस साल नैनीताल के स्कूलों का प्रदर्शन बेहद उत्कृष्ट रहा। ऑल सेंट्स कॉलेज की ही छात्रा शांभवी शाह ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि सेंट मेरी कॉन्वेंट कॉलेज की असलीला साह ने 98.75 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। खास बात यह रही कि शहर के सभी प्रमुख स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो शिक्षा के स्तर को दर्शाता है। ऑल सेंट्स कॉलेज में कुल 58 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई और सभी ने सफलता हासिल की। विद्यालय में अनाया गुप्ता ने 97 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं सेंट मेरी कॉन्वेंट कालेज में 64 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं, जिनमें से सभी उत्तीर्ण रहीं। यहां युगांतिका ने 98 प्रतिशत के साथ दूसरा और भूमिका गंगोला ने 97.75 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया।



### लेखन की दुनिया में बनाना है नाम

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी प्रदेश टॉपर सैयदा आमना कामरान की सफलता सिर्फ अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके सपने भी उतने ही बड़े हैं। सैयदा का कहना है कि वह भविष्य में ऑथर और पब्लिशर बनना चाहती हैं और साहित्य के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं। वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के साथ-साथ अपने नाना नईम सिद्दीकी और नानी शमा सिद्दीकी को देती हैं। सैयदा बताती हैं कि पढ़ाई के दौरान परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन उनके लिए सबसे बड़ी ताकत रहा। सैयदा आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश लेना चाहती हैं. उनके पिता डा. सैय्यद कामरान हबीब अलीगढ़ मेडिकल कालेज में चिकित्सक हैं, जबकि उनकी माता लुबना सिद्दीकी गृहिणी हैं। बेटी की सफलता ने न सिर्फ शहर, बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है।



## नैनीताल के स्कूलों में रहा 100 प्रतिशत रिजल्ट

**नैनीताल।** सेंट जोसेफ कालेज के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। आशुतोष तिवारी ने 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया, जबकि धनंजय प्रताप सिंह बिष्ट 97.75 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। मोहम्मद सूफयान सिद्दीकी और गर्वित कुमार टम्टा ने 95.75 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस स्कूल में 74 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और सभी सफल रहे। वहीं नैनीताल के प्रतिष्ठित शेरवुड कॉलेज का परिणाम भी बेहद उत्साहजनक रहा। विद्यालय के छात्र सजल गंगवार ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि सचकिरत अग्रवाल और रुद्र नारायण गुप्ता ने 96.25 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा इशिता सिंह ने 95 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। यहां भी सभी 64 छात्र सफल रहे। स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने इस उपलब्धि पर छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्य अंजना रिचर्ड, शेरवुड कालेज के अमनदीप सांधू, सेंट मेरी कालेज के टॉमसी और सेंट जोसेफ कालेज के ब्रदर सेबास्चियन जॉर्ज ने छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के योगदान को सराहा।

## देवीधूरा में बिजली गुल नहीं आया पानी

**नैनीताल।** समीपवर्ती देवीधूरा गांव में आंधी तूफान में बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र में बिजली गुल हो गई।बिजली गुल होने से ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड़ा। बता दें कि बृहस्पतिवार की शाम को क्षेत्र में चले तेज आंधी तूफान व बादीश के बीच बिजली की लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। जिससे देवीधूरा ज्योलीकोट क्षेत्र में बिजली गुल रही। जिसके चलते लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की सुबह गांव में लाइट नहीं आ पाने से देवीधूरा कूण पंपिंग योजना ठप रहने से गांव में पानी नहीं आया। उर्जा निगम के एसडीओ प्रयंक पांडे ने बताया क्षेत्र में क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर दी गई है। विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

## सांसद अजय भट्ट का जन्मदिन मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट का जन्मदिवस लालकुआं विधानसभा क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माँ अवंतिका शक्तिपीठ, लालकुआं में एक भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सांसद प्रतिनिधि एवं मंदिर अध्यक्ष लक्ष्मण खाती के नेतृत्व में किया गया, जिसमें हवन-पूजन, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, वृक्षारोपण, मिष्ठान एवं प्रसाद वितरण सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियाँ संपन्न हुईं। इस अवसर पर लाल. कुआं की विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र लोटनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट संजीव शर्मा, संजय अरोड़ा, नारायण बिष्ट, धन सिंह बिष्ट, पवन चौहान, मोहित म्यान, गोपाल जोशी, पंडित चंद्रशेखर जोशी, हरीश नैनवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लालचंद सिंह, बॉबी संभल, राजकुमार सेतिया, सभासद भुवन पांडे, हेमंत पांडे, मीरा बोरा, राखी जोशी, चंद्रकला खाती, निशा बिष्ट, दीपा खाती, रौनक कनवाल सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



## आर्या स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 5 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल शहर की बहुप्रतीक्षित स्वर्गीय एनके आर्या मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन हेतु आयोजन समिति की आवश्यक बैठक शुक्रवार को आहूत की गई। तय किया गया कि अबकी बार प्रतियोगिता 5 मई मंगलवार से शुरु होगी। बैठक में प्रतियोगिता के संयोजक व समाजसेवी एवं भाजपा नेता मोहित आर्या ने बताया कि नैनीताल विधानसभा के युवाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वर्गीय एनके आर्या मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन विगत कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। अबकी बार चौथी आर्या स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 5 मई से शुरु होगी। ज्ञात हो कि पूर्व चीफ रेवन्यू कमिश्नर स्व एन के आर्या की स्मृति में इस प्रतियोगिता को करवाया जाता है। इस वर्ष विजेता टीम को एक लाख पच्चीस हजार रुपए जबकि उपविजेता टीम को पचास हजार रुपए जबकि तृतीय स्थान सुनिश्चित करने वाली टीम को इक्कीस हजार रुपए वहीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पंद्रह हजार रुपये, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को पांच हजार रुपये, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को पांच हजार रुपए, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक को पांच हजार रुपये तथा सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर को पांच हजार रुपए एवं एक नए उभरते खिलाड़ी को पांच हजार रुपए की पुरुष्कार राशि प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति की बैठक में संयोजक मोहित आर्या समेत अधिवक्ता प्रदीप उप्रेती, सैयद रियान, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, गबबर सिंह नेगी तथा मिलन कुमार आदि उपस्थित रहे।



## नैनीताल में डीएसए ने की खेल प्रशिक्षकों की तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** डीएसए के महासचिव मनोज जोशी ने बताया कि डीएसए की ओर से नगर के निपुण, जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करने हेतु निशुल्क खेल प्रशिक्षण योजना प्रारंभ की जा रही है। जोशी के मुताबिक इस योजना के अंतर्गत क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल जैसे प्रमुख खेलों में इच्छुक खिलाड़ियों को नियमित एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। खिलाड़ी पंजीकरण कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं जिससे उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इन खेलों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों की तैनाती भी कर दी गयी है जिसके तहत फुटबॉल एवं हॉकी हेतु गोविंद सिंह बोरा, क्रिकेट सौरभ सिंह रावत, वॉलीबॉल नीरज सिंह बिष्ट, बास्केटबॉल प्रशिक्षक दीपक सिंह बिष्ट को तैनात किया गया है। जोशी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को आगे लाना है जो आर्थिक कारणों से उचित प्रशिक्षण एवं संसाधनों से वंचित रह जाते हैं। कहा कि चयनित खिलाड़ियों को आवश्यकतानुसार शैक्षिक सहायता, आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जाएगा तथा खिलाड़ियों को आवश्यक खेल किट भी निशुल्क मुहैया कराई जाएगी। बोले कि यह पहल न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम बनेगी।



# डिग्री से पहले नौकरी, छात्र व अभिभावक सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में डिग्री से पहले प्लेसमेंट पाने वाले छात्र छात्राओं को भव्य फेलिसिटेशन समारोह 2026 में सम्मानित किया गया। ग्राफिक एरा के चेयरमैन डा. कमल घनशाला ने कहा कि नौकरी जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं बल्कि एक नई यात्रा का आगाज है।

समारोह में वर्ष 2026 में छात्र छात्राओं को 612 प्लेसमेंट ऑफर्स की ऐतिहासिक उपलब्धि को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। भीमताल और हल्द्वानी परिसर के इन विद्यार्थियों ने डिग्री मिलने से पहले ही प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन प्राप्त कर सफलता का नया मानक स्थापित किया। कार्यक्रम में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा रही कर्णिका नेगी को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 152 प्राप्त करने पर 1.51,000 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। बीटेक सीएसई (2022-2026) बैच की भीमताल की छात्रा गुंजन भनवाल को एटलासियन में 66.01 लाख वार्षिक पैकेज प्राप्त करने पर ट्राफी एवं एक लाख रुपए की नकद राशि से सम्मानित किया गया। वहीं इसी बैच की भीमताल की छात्रा विभा चंदोला को गूगल में 54.84 लाख वार्षिक पैकेज मिलने पर ट्राफी एवं 1 लाख की नकद राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त वैश्नवी करायत को बीएनवाई मेलॉन में 22 लाख, दिव्या शाह को जेपी मॉर्गन में 19.75 लाख तथा 10 विद्यार्थियों को इन्फोसिस में 11 लाख तथा दिया बिष्ट को नायका में 10 लाख वार्षिक पैकेज पर चयनित होने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में ग्राफिक एरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डा. कमल घनशाला ने अपने संघर्षपूर्ण सफर को साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि नौकरी जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं बल्कि नई यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, कौशल विकास, ईमानदारी और कृतज्ञता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को माता. पिता के त्याग का सम्मान करने और उनके आशीर्वाद को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि आज का डिजिटल युग असीम अवसरों से भरा है। इसलिए विद्यार्थियों को मजबूत नेटवर्क बनाकर दुनिया से जुड़े रहना चाहिए। समारोह का संचालन श्री साहिब सबलोक ने किया। कार्यक्रम का समापन समूह छायाचित्र सत्र के साथ हुआ जिसमें विद्यार्थियों अभिभावकों और शिक्षकों ने सफलता के इन सुनहरे पलों को संजोया।

### ग्राफिक एरा में प्लेसमेंट फेलिसिटेशन समारोह



# महंगाई: पर्यटन सीजन में पर्यटकों व आम लोगों की जेब होगी काफी ढीली

## गहराते कमर्शियल गैस संकट की वजह से अब बाजार में खाना हो गया महंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में गहराते कमर्शियल गैस संकट की वजह से अब बाहर खाना खाना महंगा हो गया है। बता दें दो माह से एलपीजी सिलेंडरों की भारी किल्लत झेल रहे होटल और रेस्टोरेंट संचालक को व्यवसायिक सिलेंडर के दामों में 950 रुपए की वृद्धि होने से अपने मेन्यू के दाम 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला किया है। गैस न मिलने के कारण कारोबारी अब कोयले की भट्टियों और इंडक्शन जैसे महंगे विकल्पों पर निर्भर हैं जिससे उनकी लागत बढ़ गई है। सीजन से ठीक पहले आए इस फैसले से सैलानियों की जेब पर सीधा असर पड़ना तय है। शहर के होटल तथा रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों ने खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं वहीं यदि दाम बढ़ते हैं तो इसका सीधा असर पर्यटकों की जेब पर पड़ेगा तथा एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों और बढ़ती लागत के कारण कारोबारियों को यह कदम उठाना पड़ा है। कई रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि गैस की कीमतों में लगातार इजाफा और समय पर सप्लाई न मिलने से उन्हें वैकल्पिक स्त्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है वहीं बिजली और कोयले की लागत बढ़ने के कारण अब मेन्यू की कीमतों में 25 प्रतिशत यां उससे ज्यादा की बढ़ोतरी की जाएगी स इस फैसले का असर आने वाले पर्यटन सीजन पर भी पड़ सकता है कयोंकि नैनीताल गर्मियों में सैलानियों की पहली पसंद रहता है हालांकि रेस्टोरेंट कारोबारियों का कहना है कि वे गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेंगे और पर्यटकों को बेहतर सेवाएं देने की कोशिश जारी रहेगी।

**रेस्टोरेंट में रेट बढ़ाने की तैयारी**

नैनीताल। नैनीताल के मल्लीताल स्थित रेस्टोरेंट संचालक रुचिर साह ने बताया कि गैस किल्लत के बीच रेस्टोरेंट संचालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने बताया कि गैस किल्लत होने की वजह से रेस्टोरेंट को पारंपरिक तरीकों में निर्भर होना पड़ रहा है। कई होटल इंडशन और कोयले की भट्टियों में खाना पकाने को मजबूर हैं। कोयले के रेट भी काफी बढ़ चुके हैं और बिजली का बिल भी काफी आ रहा है, जिस वजह से उन्हें अपने मेन्यू में 10 से 15 प्रतिशत तक का इजाफा करना होगा। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट संचालकों को एलपीजी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है स सरकार ओर से जारी एसओपी धरातल पर देखने को नहीं मिल रही है इसके साथ ही व्यवसायिक सिलेंडर की कीमत में 950 रुपए की वृद्धि हुई है 18 रुपए के सिलेंडर के अब तीन हजार चुकाने होंगे जहां एक ओर व्यापारियों को खाने के दाम बढने पड़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर व्यापारियों के प्रॉफिट में दाम बढ़ने से गिरावट आएगी रेस्टोरेंट की स्वामियों ने बताया पहले ही कमर्शियल सिलेंडर के दाम बड़े हुए थे लेकिन अब 930 रुपए बढ़ा देने के बाद उन्हें अपने मेनू में भी 10 से 30 परसेंट तक बदलाव करना पड़ेगा।

## पति पर लगाए आरोप

**नैनीताल।** मल्लीताल कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपने ही पति पर दूसरी महिला के साथ प्रेम संभंध होने की बात कही है। महिला ने उसके पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मल्लीताल निवासी सोनम ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उसका पति तल्लीताल निवासी एक महिला के चक्कर मे पड़ गया है। महिला ने कहा कि वह जब भी अपने पति से इस विषय पर बात करती है वह मारपीट में उतर आता है। उसने कहा कि जबकि उसके व दूसरी महिला के भी दो दो बच्चे हैं। बताया कि शिकायत के बाद भी उसको पति से मारपीट का भय लगा रहता है। उसने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पति व दूसरी महिला को भी काउंसिल के लिए कोतवाली बुलाया गया है।

## मेधावी निधिमणी ओली को किया विधायक ने सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कॉन्वेंट स्कूल को छोड़कर सरकारी स्कूल से सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में अटल उत्कृष्ट राजकीय कन्या इंटर कॉलेज नैनीताल से प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा निधिमणी ओली को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए क्षेत्रीय सांसद व पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट के जन्मदिन के अवसर विधायक सरिता आर्या ने स्मृति चिन्ह में भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपनी माता चंद्रा ओली के साथ उपस्थित निधिमणी ओली ने बताया कि इस कामयाबी से वह तथा उनके माता-पिता, परिवारजन एवं स्कूल प्रशासन सभी काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह के बेहतर प्रदर्शन के लिए मेहनत करेगी। एक मुलाकात में उनके पिता भुवन चन्द्र ओली जो जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत हैं ने बताया कि उनकी बेटी के मेहनत एवं लगन से प्राप्त इस प्रदर्शन से वह खुश हैं और आगे भी बेहतर प्रदर्शन की आशा करते हैं।



# RR ने दिल्ली को 226 का टारगेट दिया

### पराग शतक से चूके फरेरा के तेज 47 रन स्टार्क को 3 विकेट

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल में शुक्रवार को दिल्ली कैपिल्टस के खिलाफ 226 रन का टारगेट सेट किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। होम टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 225 रन बनाए। कप्तान रियान पराग ने 90 रन की पारी खेली।

50 बाल की पारी में रियान ने 8 चौके और 5 छक्के लगाए। उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ शतकीय साझेदारी की। जुरेल ने 42 रन बनाए। आखिरी डोनोवान फरेरा ने 14 बाल पर 6 छक्कों के सहारे नाबाद 47 रन बनाए। दिल्ली की ओर से मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके। काइल जैमिसन, अक्षर पटेल और टी नटराजन को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर में टी. नटराजन ने 18 रन खर्च कर दिए। फरेरा ने उनके इस ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। ओवर की पहली बाल पर नजराजन ने शुभम दुबे को आशुतोष शर्मा के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर में राजस्थान ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। डोनोवान फरेरा ने मिचेल स्टार्क की 5वीं बाल पर चौका लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। उन्होंने आखिरी बाल पर छक्का भी लगाया। 18वें ओवर में कुलदीप यादव ने 20 रन खर्च कर दिए। डोनेवान फरेरा ने कुलदीप यादव के इस ओवर में तीन छक्के लगाए। उन्होंने तीसरी, चौथी और छठी बाल पर सिक्स लगाया। 17वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने दो विकेट झटके। उन्होंने दूसरी बाल पर रवींद्र जडेजा (20 रन) को आशुतोष शर्मा के हाथों कैच कराया। फिर चौथी बाल पर रियान पराग (90 रन) को अक्षर पटेल से कैच कराया। स्टार्क ने यशस्वी जायसवाल का विकेट भी लिया। 16वें ओवर में रियान पराग ने काइल जैमिसन की बाल पर लगातार तीन चौके लगाए। उन्होंने दूसरी, तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। जैमिसन के इस ओवर से 15 रन आए। 13वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा रनआउट होने से बच गए। नटराजन की गेंद आफ स्टंप के काफी बाहर थी। जडेजा ने इसे हल्के से थर्ड मैन की तरफ खेला और ऐसे रन के लिए दौड़ पड़े, जो था ही नहीं। वे तो क्रीज में वापस आने की कोशिश भी छोड़ चुके थे, लेकिन बैकवर्ड पाइंट से अशुतोष का थ्रो काफी दूर से चूक गया और बड़ा मौका निकल गया। 12वें ओवर की चौथी बाल पर अक्षर पटेल ने ध्रुव जुरेल को ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी बनते ही टूट गई। इससे पहले तीसरी बाल पर जुरेल ने छक्का लगाकर साझेदारी को 100 पार पहुंचाया था।



राजस्थान रॉल्स के कप्तान रयान पराग को अर्द्धशतक बनाने पर बधाई देते जुरेल।

## हैदराबाद ने शिवम की जगह अंबरीश को टीम में लिया

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाकी मैचों के लिए शिवम मावी की जगह आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया है। शिवम मावी, जो एक दाएं हाथ के मीडियम पेसर हैं, ग्रोइन में चोट लगने के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं। आरएस अंबरीश, जो एक ऑलराउंडर हैं, आईसीसी मेन्स अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। वह इस टूर्नामेंट में भारतीय अंडर-19 टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त खिलाड़ी भी थे, उनके नाम 11 विकेट थे। अंबरीश, जो एक दाएं हाथ के मीडियम पेसर और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, एसआरएच में 30 लाख रुपये में शामिल होंगे।




**खेल विशेष**

### चोटिल सैंटनर एक महीने तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे

**वेलिग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को कहा कि सफेद गेंद कप्तान मिचेल सैंटनर कंधे में लगी गंभीर चोट के कारण कम से कम एक महीने के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहेंगे। आज यहां न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि सैंटनर को ग्रेड थ्री एसीएल कंधे की चोट है, जिससे वह आयरलैंड के एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। सैंटनर को 23 अप्रैल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के लिए फील्डिग करते समय कैच लेने के प्रयास में कंधे पर चोट लगी थी। उनका सिर भी जमीन पर टकरा गया था जिसके बाद मुम्बई इंडियंस ने उनके कनकशन रिप्लेसमेंट के तौर पर शार्दुल ठाकुर को बुलाया। बाद में उन्हें ड्रेसिग रूम में कंधे

### भारतीय टीमें टेबल टेनिस चैंपिशिप में स्टेज 2 में पहुंची

**लंदन।** भारत की पुरुा और महिला टीमें अपने-अपने स्टेज 1 ग्रुप में जीत के साथ शीर्ा पर रहने के बाद आईटीटीएफ वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के स्टेज 2 में पहुंच गईं। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने रवांडा को 3-0 से हराया, जबकि पुरुाों ने ओवीओ एरिना वेम्बली में ग्वाटेमाला को हराया। इससे पहले, भारतीय महिलाओं ने युगांडा के खिलाफ वॉकओवर के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर अपने दूसरे मुकाबले में यूक्रेन को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 6 में शीर्ा पर रहीं। दूसरी ओर, भारतीय पुरुा टीम ने अपने पहले मुकाबले में ट्यूनीशिया को 3-0 से हराया और फिर दूसरे मुकाबले में स्लोवाकिया को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 7 में शीर्ा पर रहीं। वर्ल्ड नंबर 48 और ओलंपियन मनिका बत्रा ने भारतीय महिला टीम के लिए शुरुआत की, उन्होंने चैंटल हिरवा को 3-0 (11-3, 11-3, 11-3) से आसानी से हरा दिया।

### इन्फेंटिनो ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में ईरान की भागीदारी की पुष्टि की

**वैंकूवर, वार्ता।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने गुरुवार को फिर से पुटि की कि ईरान 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा और अपने मैच अमे. रिका में ही खेलेगा, जैसा कि पहले से तय था। इन्फेंटिनो ने वैंकूवर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 76वीं फीफा कांग्रेस के दौरान ए बातें कहीं। हालिया क्षेत्रीय तनावों के बीच ईरान की भागीदारी को लेकर चल रही अफवाहों पर बात करते हुए इन्फेंटिनो ने कहा कि मैं सीधे तौर पर यह पुटि करते हुए अपनी बात शुरू करना चाहूंगा कि, बेशक, ईरान 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा। और निश्चित रूप से, ईरान अपने मैच अमेरिका में ही खेलेगा। यह पुटि तब सामने आई जब ईरानी अधिकारियों ने पहले सुझाव दिया था।

## 17 विकेटों के साथ पर्पल कैप आई भुवनेश्वर कुमार के पास

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ तीन विकेट लेते हुए पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है। इस सीजन में उन्होंने पांचवीं बार तीन विकेट लेने का कारनामा किया है।

भुवनेश्वर कुमार ने गुरुवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ ही इस सीजन उनके कुल 17 विकेट हो गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के ईशान मलिगा 15 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। कगिसो रबाडा के हाथ गुरुवार को एक ही विकेट लगा और तीसरे स्थान पर 14 विकेट के साथ वह राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के जोफ्रा आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं ऑरेंज कैप को लेकर इस मैच में अधिक बदलाव नहीं हुआ, इसलिए क्योंकि विराट कोहली ने 28, शुभमन गिल ने 43 रन बनाए लेकिन यह काफी नहीं था। बी साई सुदर्शन भी मात्र छह ही रन बना पाए। इसके परिणामस्वरूप बुधवार रात तक पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे अभोिक शर्मा, हाइनरिक क्लासन और वैभव सूर्यवंशी अपने-अपने स्थान पर बने हुए हैं। इसके साथ ही यह तीन मात्र ऐसे बल्लेबाज हैं।




## आखिरी उम्मीद बनाए रखने के लिए उतरेंगे मुंबई इंडियंस

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 44वें मैच में एक बार फिर दो पुराने राइवल आमने-सामने होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने घर में मुंबई इंडियंस (एमआई) का सामना करेगी और सीजन में दूसरी बार उन्हें हराने की कोशिश भी करेगी। इस सीजन आठ में से छह मैच गंवा चुकी मुंबई भी कोशिश करेगी कि अपने घर में मिली करारी हार का बदला चेपक में ले पाए। हालांकि, उनके लिए यह आसान नहीं होने वाला है।

मुंबई के लिए यह मैच आखिरी उम्मीद बनाए रखने वाला मैच है जबकि एक जीत चेन्नई को प्लेऑफ की होड़ में बनाए रखेगी। बुमराह और बोल्ट लेंगे सीएसके की सलामी जोड़ी की परीक्षा जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में सीएसके की सलामी जोड़ी ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन को जल्दी आउट करने की कोशिश करेंगे। बोल्ट पहले ही दोनों को तीन-तीन बार आउट कर चुके हैं, जो उन्हें एक बड़ा खतरा बनाता है। गायकवाड़ ने बोल्ट के खिलाफ छह पारियों में सिर्फ 34 रन बनाए हैं और तीन बार आउट हुए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 110 है। जबकि बुमराह के खिलाफ गायकवाड़ ने चार पारियों में 29 रन बनाए हैं और एक बार भी आउट नहीं हुए और उनका स्ट्राइक रेट 153 रहा है। वहीं सैमसन का रिकॉर्ड बुमराह के खिलाफ 14 पारियों में 84 रन और दो बार आउट हुए हैं जबकि उन्होंने 114 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। बोल्ट के खिलाफ आठ पारियों में उन्होंने 32 रन बनाए हैं और तीन बार आउट हुए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 119 का रहा है। मुंबई के मिडिल ऑर्डर के सामने स्पिनर्स की चुनौती मुंबई के मिडिल ऑर्डर सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या को नूर अहमद और अकील हुसैन जैसे स्पिनर्स के खिलाफ चुनौती का सामना करना होगा।




## पर्याप्त सबूत, वैध नहीं था होल्डर का कैच: इयान बिशप

**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर इयान बिशप का मानना है कि गुजरात टाइटंस (जीटी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच गुरुवार की रात खेले गए मैच में जेसन होल्डर द्वारा रजत पाटीदार का पकड़ा गया कैच पूरी तरह वैध नहीं था।

इयान बिशप ने क्रिकइंफो के स्टूडियों में अभिनव मुकुंद के साथ होल्डर के कैच पर चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस बारे में मेरी बहस इस चीज पर होगी: जेसन होल्डर ने पहले गेंद को पकड़ा जिसमें कोई समस्या नहीं थी। फिर शुरुआत में जब उनका हाथ स्लाइड कर रहा था तो उस पर विशो ध्यान दिया जाना चाहिए था। इसके बाद हाथ के नियंत्रण की बात करते हैं और साथ ही शरीर के नियंत्रण की भी। जब आप मैदान पर स्लाइड करने के बाद खड़े होने की कोशिश कर रहे हैं तो क्या वे ए मान रहे हैं कि उंगलियां गेंद के नीचे थीं। उन्होंने कहा कि क्योंकि हाथ का पिछला हिस्सा ऊपर की ओर था जिसका मतलब है कि गेंद मैदान की ओर थी। अब मेरे लिए संदेह की बात गेंद और जमीन को लेकर है क्योंकि जब तक आप स्लाइड करना नहीं रोक लेते हैं और वापस खड़े हो जाते हैं तब आपका शरीर पूरी तरह नियंत्रण में नहीं है। तो, आउट या नॉट आउट। मुझे लगता है कि मेरे दिमाग में इस बात के पर्याप्त सबूत थे कि ए 'नॉट आउट' था। मैं जानता हूं कि नियमों में भी काफी अस्पटता है। लेकिन यदि गेंद जमीन पर छू रही है तो मेरे लिए ए नॉट आउट है। जो मैंने देखा वह मुझे भरोसा है कि टीवी अंपायर ने भी देखा होगा और हमारे ढेर सारे दर्शकों ने भी कि गेंद जमीन पर छू रही थी। अभिनव मुकुंद ने कहा कि एमसीसी के क्रिकेट के नियम कहते हैं कि कैच तभी वैध माना जाता है जब फील्डर का गेंद और अपनी मूवमेंट पर पूरी तरह नियंत्रण रहे इससे पहले कि गेंद जमीन को छू जाए। इससे कैच वैध माना जाएगा।



## सायली सतघरे, साइमा ठाकोर व हुमैरा 'आइकन प्लेयर्स' घोषित

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने सायली सतघरे, साइमा ठाकोर और हुमैरा काजी को पहली टी-20 मुंबई महिला लीग के लिए 'आइकन प्लेयर्स' के तौर पर घो. ित किया है। यह इस प्रतियोगिता के पहले सीजन से पहले इसे आकार देने की दिशा में एक अहम कदम है।

सायली 'सोबो मुंबई फाल्कन्स' का प्रतिनिधित्व करेंगी, जबकि साइमा और हुमैरा क्रमशघ्'ठाणे स्काई राइजर्स' और 'आकाश टाइगर्स' टीम में शामिल होंगी। सायली और साइमा, दोनों ही भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और इस लीग में अपना अंरर्राष्ट्रीय अनुभव लेकर आएंगी, वहीं, हुमैरा घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी हैं और उन्हें 'इंडिया-ए' टीम के साथ खेलने का अनुभव भी है। एमसीए के अध्यक्ष अजिक्य नाइक ने कहा कि आइकन प्लेयर्स का चयन पहली टी-20 मुंबई महिला लीग के लिए एक मजबूत नींव रखता है। इस लीग की परिकल्पना एक ऐसे दीर्घकालिक मंच के रूप में की गई है, जो प्रतिभाओं को निखारे, घरेलू क्रिकेट की संरचना को मजबूत करे और भारत में महिला क्रिकेट के विकास में सार्थक योगदान दे। ए खिलाड़ी अपने साथ बेजोड़ गुणवत्ता, अनुभव और नेतृत्व क्षमता लेकर आती हैं, जिससे इस प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊंचा उठेगा और पूरे शहर की युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी। लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन राजदीप गुप्ता ने आगे कहा कि ए आइकन प्लेयर्स टीमों की मजबूत पहचान बनाने और एक प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगी। इनकी मौजूदगी यह सुनिश्चित करती है कि लीग की शुरुआत अनुभव और उत्साह के सही तालमेल के साथ हो, क्योंकि हमारा लक्ष्य महिला क्रिकेट के लिए एक उच्च-प्रदर्शन वाला मंच तैयार करना है। टी-20 मुंबई लीग और टी-20 मुंबई महिला लीग, दोनों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी शनिवार (2 मई) को होगी, जिसका जियो हॉटस्टार पर सुबह 9 बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नीलामी के लिए कुल 2,411 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 2,048 पुरुा और 363 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह आंकड़ा शहर में मौजूद क्रिकेट प्रतिभाओं के विशाल दायरे और गहराई को दर्शाता है।

## इस सीजन के आखिर में टेनिस खिलाड़ी निशिकोरी केई लेंगे संन्यास

**टोक्यो, वार्ता।** ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले एशियाई पुरुा और रियो ओलंपिक 2016 के कांस्य पदक विजेता जापान के निशिकोरी केई ने इस सीजन के आखिर में टेनिस से संन्यास लेने की घोाणा की है।

36 साल के निशिकोरी केई ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम और एक्स पर जापानी और इंग्लिश में लिखा कि आज, मैं एक घोाणा कर रहा हूं। मैंने इस सीजन के आखिर में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जब मैं बच्चा था, तब से मुझे टेनिस का जुनून रहा है और मैंने अपने दिल में सिर्फ एक सपना लेकर इसे जारी रखा है 'मैं वर्ल्ड स्टेज पर मुक. ाबला करना चाहता हूं। एटीपी टूर तक पहुंचना, सबसे ऊंचे स्तर के मुकाबले में खेलना और टॉप 10 में अपनी मौजूदगी बनाए रखना, ऐसी चीज है जिस पर मुझे बहुत गर्व है। चाहे जीत हो या हार, खचाखच भरे एरीना में मुझे जो खास माहौल महसूस हुआ, उसकी जगह कोई नहीं ले सकता। निशिकोरी ने पहली बार पांच साल की उम्र में रैकेट उठाया था, और 13 साल की उम्र में चले गए। उन्होंने फरवरी 2008 में डेलरे बीच ओपन में टूर पर अपना पहला खिताब जीता। जापान के पहले पुरुा खिलाड़ी जो कभी टॉप 10 में पहुंचे, निशिकोरी ने 2014 में यूएस ओपन सेमीफाइनल में उस समय के टॉप रैंक वाले नोवाक जोकोविच को हराया (वह चैंपियनशिप मैच में मारिन सिलिक से हार गए)। रियो में अपने दूसरे ओलंपिक में, निशिक. ोरी ने कांस्य पदक मुकाबले राफेल नडाल को हराया। हालांकि, निशिकोरी अपने पीक सालों में कई चोटों के कारण एक मुश्किल ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने का मौका चूक गए। अभी उनके करियर में 451 जीत और 12 खिताब हैं। निशिकोरी ने कहा कि ऐसे भी समय थे जब बार-बार चोट लगने की वजह से मैं फ्स्ट्रेशन और एंग्जायटी से बहुत ज्यादा परेशान हो जाता था, जिससे मैं जैसा चाहता था वैसा नहीं खेल पाता था। फिर भी, टेनिस के लिए मेरा प्यार और मेरा यह विश्वास कि मैं एक मजबूत खिलाड़ी बन सकता हूं, मुझे हमेशा कोर्ट पर वापस लाता था। मुझे लगता है कि इन सभी अनुभवों ने मेरी जदिगी को बेहतर बनाया है और उसे आकार दिया है।

## फेडरर, नडाल व सिनर की उपलब्धि की बराबरी कर सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव

**मैड्रिड, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन में एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर अपनी शानदार निरंतरता बनाए रखी, जहां उन्होंने फ्लेवियो कोबोली को आसानी से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

म्यूनिख सेमीफाइनल में कोबोली से हारने के ठीक 12 दिन बाद, ज्वेरेव ने मनोलो सैन्टाना स्टेडियम के अंदर 6-1, 6-4 की जबरदस्त जीत के साथ पासा पलट दिया। दो बार के मैड्रिड चैंपियन ने स्पेनिश राजधानी में अपने चौथे सेमीफाइनल के रास्ते में, अपनी पहली सर्विस पर 39 में से सिर्फ सात अंक गंवाए। ज्वेरेव ने कहा कि कोई बदला नहीं। मैं फ्लेवियो को पसंद करता हूं। वह टूर पर मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक है।

मेरे उसके साथ और उसके पिता के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। यह खेल हैं, खेल बहुत तेजी से बदल सकता है। म्यूनिख में, उसने एक शानदार मैच खेला और मैंने बहुत अच्छा मैच नहीं खेला। आज, शायद इसका उल्टा हुआ। अपनी 90 मिनट की जीत के साथ, ज्वेरेव 1990 में इस सीरीज के शुरू होने के बाद से, सीजन के पहले चार मास्टर्स 1000 इवेंट में से हर एक के सेमीफाइनल में पहुं. चने वाले सिर्फ चौथे खिलाड़ी बन गए हैं, उन्होंने रोजर फेडरर (2006), राफेल नडाल (2010, 2011) और जानिक सिनर (2026) की बराबरी की है। एटीपी रैंकिंग में नंबर 3 खिलाड़ी ज्वेरेव इस साल इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे-कार्लो में इसी चरण में सिनर से हार गए थे। मैड्रिड सेमीफाइनल में अपने 3-0 के शानदार रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने की चाह में, ज्वेरेव का अगला मुकाबला शुक्रवार शाम के सेशन में 21 साल के बेल्जियम के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स से होगा। ब्लॉकक्स, जो वर्ल्ड नंबर 69 हैं, ने इससे पहले डिफेंडिग चैंपियन कैस्पर रूड को 6-4, 6-4 से हराकर अपना पहला मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।



# मगरमच्छ के हमले में मासूम की दुखद मौत

## बुग्गावाला क्षेत्र के बंजारेवाला गांव में मातम, विभाग के खिलाफ आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** बुग्गावाला क्षेत्र के गोकुलवाला गांव के समीप नदी किनारे हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। गुरुवार दोपहर नदी में नहाने गए एक मासूम बच्चे को मगरमच्छ ने अपना शिकार बना लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बंजारेवाला निवासी राजा पुत्र प्रमोद अपने कुछ दोस्तों के साथ दोपहर के समय नदी में नहाने गया था। तेज गर्मी के चलते बच्चे अक्सर नदी में नहाने के लिए जाते रहते हैं। गुरुवार को भी सभी बच्चे नदी में नहा रहे थे, लेकिन कुछ देर बाद बाकी बच्चे वापस गांव लौट आए, जबकि राजा अकेला ही नदी में नहाता रहा जिसके बाद मगरमच्छ ने राजा पर हमला कर दिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता या मदद के लिए पुकारता, मगरमच्छ उसे गहरे पानी में खींचकर ले गया। आसपास कोई वयस्क मौजूद नहीं होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका।

शाम तक जब राजा घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने गांव और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। देर रात परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत खोजबीन शुरू की। शुक्रवार सुबह पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से नदी किनारे सघन तलाश अभियान चलाया गया। इसी दौरान राम रहीम स्टोन क्रेशर के पास नदी के किनारे राजा का शव बरामद हुआ। शव की स्थिति देखकर स्पष्ट था कि उस पर जंगली जानवर, संभवतः मगरमच्छ, ने हमला किया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी, हालांकि प्रारंभिक जांच में मगरमच्छ के हमले की आशंका जताई जा रही है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता और अन्य परिजन गहरे सदमे में हैं। गांव के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं और मृतक के घर पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है।

घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि इस क्षेत्र में मगरमच्छ की मौजूदगी की जानकारी पहले भी कई बार वन विभाग को दी जा चुकी थी, लेकिन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते उचित कदम उठाए जाते, तो शायद इस मासूम की जान बचाई जा सकती थी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नदी किनारे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग उठाई गई है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन मामले की जांच में जुटे हैं और क्षेत्र में लोगों को नदी के पास जाने से बचने की सलाह दी जा रही है। वन विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने और मगरमच्छ की तलाश शुरू करने की भी खबर है। यह घटना एक बार फिर मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव को उजागर करती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में एक गंभीर समस्या बनती जा रही है।

# महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक 40 वर्षीय महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने से उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इस संबंध में थाने में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। इकबालपुर पुलिस चौकी इंचार्ज योगेश कुमार ने बताया कि ग्राम अकबरपुर झोझा निवासी एक 40 वर्षीय महिला ने गुरुवार देर शाम कोई जहरीला पदार्थ खा लिया ।महिला के परिजनों को महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का पता उस समय चला जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी ।महिला के परिजनों द्वारा महिला को इलाज के लिए झबरेड़ा स्थित एक डॉक्टर के यहां लाया गया ।डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर ले जाने को कहा जहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में अभी तक थाने में कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी ।पुलिस द्वारा अपने स्तर से उक्त मामले की जांच कि जा रही है।

# पति बोला-रखूंगा दूसरी औरत, पीड़िता ने लगाई इंसाफ की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने के बाद जहां एक ओर सख्त कानून व्यवस्था की बात की जा रही है, वहीं रुड़की के गंगनहर कोतवाली क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और दूसरी शादी की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता अपनी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ न्याय की मांग को लेकर दर-दर भटकने को मजबूर है।रुड़की निवासी एक महिला ने अपने पति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुई मारपीट की तस्वीरों के बाद पीड़िता ने मीडिया के सामने फोटो, वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग जैसे सबूत पेश किए हैं। वायरल ऑडियो में आरोपी पति कथित तौर पर दूसरी शादी और लिव-इन रिलेशनशिप की बात करता सुनाई दे रहा है।

पीड़िता का आरोप है कि उसका पति उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए व्हाट्सएप पर एक अज्ञात महिला की दुल्हन के लिबास में सजी तस्वीर भेजता है। महिला को आशंका है कि उसके पति ने गुपचुप सगाई कर ली है और जल्द ही निकाह करने की तैयारी में है। कायनात का कहना है कि लगातार उत्पीड़न के चलते वह अपनी 6 साल की बच्ची के साथ घर से बेघर हो चुकी है। उसने उत्तराखंड सरकार और पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए सवाल उठाया कि जब प्रदेश में न्छ लागू है तो उसका पति दूसरी शादी की बात खुलेआम कैसे कर रहा है। पीड़िता ने गंगनहर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाती है और पीड़िता को न्याय कब तक मिल पाता है।

## सत्संगी बाबा निकला चिकित्सक पर जानलेवा हमले का मास्टरमाइंड

# डॉक्टर पर की थी फायरिंग, तमंचे सहित चेला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत लक्सर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस ने बाडीटीप क्षेत्र में कार सवार डॉक्टर और उनके साथियों पर हुई फायरिंग के मामले का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड एक सत्संगी बाबा निकला, जिसने अपने चेले के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। 27 अप्रैल 2026 को डॉ. सुमित कुमार निवासी दाबकी कलां ने पुलिस को तहरीर दी थी कि जब वह अपने साथियों के साथ बहादराबाद से लौट रहे थे, तब बाडीटीप के पास मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों ने उनकी कार पर अंधाधुंध फायरिंग कर दीजांच में सामने आया कि इससे पहले 14 अप्रैल को भी इसी तरह का हमला हुआ था, जिसमें डॉक्टर की गाड़ी के टायर में बुलेट फंसी मिली थी। पुलिस ने धारा 109 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। घेराबंदी कर दबोचा गया मुख्य आरोपी लक्सर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से संदिग्धों की



पहचान की चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने भागने की कोशिश की घेराबंदी कर पुलिस ने शुभम सैनी उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और315 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ है। सत्संग की आड़ में रची गई साजिश-पूछताछ में शुभम सैनी ने सनसनीखेज खुलासा किया उसने बताया कि वह पिछले तीन सालों से एक कथित बाबा के संपर्क में था और उसके लक्सर स्थित आश्रम में रहता था पुरानी रंजिश बाबा ने करीब 5-6 महीने पहले डॉक्टर सुमित को रास्ते से हटाने की इच्छा जताई थी। दो बार किया हमला पहली कोशिश 14 अप्रैल को की गई थी जिसमें नाकाम रहने के बाद 27 अप्रैल को दोबारा डॉक्टर की गाड़ी पर 4 राउंड फायर किए गए पकड़ा गया आरोपी शुभम सैनी बाबा का बेहद करीबी है बाबा के कहने पर ही उसने इस खूनी खेल में साथ दिया। फिलहाल पुलिस फरार बाबा की तलाश में दबिश दे रही है और जल्द ही उसे भी सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इस मामले को सुलझाने में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कोशियारी चौकी इंचार्ज यशवीर नेगी पंचम प्रकाश गंगा सिंह ध्वजवीर सिंह मनमोहन भंडारी महिपाल तोमर सीआईयू रुड़की की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# पेट्रोल पंपों पर खाद्य आपूर्ति विभाग की छापेमारी, तीन केंद्रों पर मिली खामियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** मुकेश पाल के नेतृत्व में खाद्य आपूर्ति विभाग की चार सदस्यीय टीम ने लक्सर क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण कर छापेमारी की। विभागीय कार्रवाई से क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप मच गया।

निरीक्षण के दौरान राम राणा फिलिंग स्टेशन, हबीबपुर कुड़ी, एम वी फिलिंग स्टेशन, नमारा हबीबपुर कुड़ी तथा रायसी डीजल सेंटर, रायसी में कई खामियां मौके पर पाई गईं। टीम ने व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड और मूलभूत सुविधाओं की जांच की, जिसमें निर्धारित मानकों के अनुरूप कमियां सामने आईं। जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल ने बताया कि सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी मूलभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें। साथ ही आगामी चार धाम यात्रा को देखते हुए ईंधन का पर्याप्त एवं सुरक्षित स्टॉक बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों



को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। संतोषजनक उत्तर न मिलने की स्थिति में नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मदन रावत, दिवेश कुमार शर्मा तथा तोशनाथ शर्मा भी निरीक्षण टीम के साथ मौजूद रहे।

# सिविल अस्पताल में बढ़े उल्टी दस्त व टायफाइड के मरीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भीषण गर्मी और दूषित खानपान के चलते सिविल अस्पताल की ओपीडी में लगातार उल्टी-दस्त और टायफाइड के मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सक के अनुसार ओपीडी में रोजाना पहुंचने वाले मरीजों में 8 से 10 मरीज टायफाइड व उल्टी-दस्त से ग्रसित हैं।

सिविल अस्पताल के डॉ॰ मशरूफ अली ने बताया कि तापमान बढ़ने के साथ ही खाद्य पदार्थ जल्दी खराब हो रहे हैं जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। उनके अनुसार, गर्मी के साथ ही बाहर खुले में बिकने वाला खाना, दूषित पानी और साफ-सफाई की कमी इस स्थिति के मुख्य कारण हो सकते हैं। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने के साथ ही केवल उबला या फिल्टर किया हुआ पानी ही पीने और ताजा व स्वच्छ भोजन का सेवन करने की सलाह दी। सड़क किनारे मिलने वाले कटे फल और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन न करने की सलाह भी दी। उन्होंने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की बात कही। साथ ही तेज बुखार होने पर बिना डॉक्टर का परामर्श लिए लोगों को स्वयं दवा का सेवन से बचने को कहा है।

# डंपर की टक्कर से किसान की मौत, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** दिल्ली-देहरादून हाईवे पर अमानतगढ़ के पास तड़के सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बुग्गावाला क्षेत्र के हसनावाला से भूसा भरकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सहारनपुर के रसूलपुर गांव की ओर जा रही थी। सुबह करीब पांच बजे अमानतगढ़ के पास स्थित नानकसर ढाबे के पास सर्विस रोड पर डंपर ने ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के प्रयास में साइड से जोरदार टक्कर मार दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी अचानक और तेज हुई कि ट्रैक्टर असंतुलित हो गया। इसी दौरान ट्रैक्टर के बोनट पर बैठे रसूलपुर निवासी किसान इरशाद उर्फ भूरा (45) पुत्र फैजू सड़क पर गिर पड़े। गिरते ही पीछे से आ रहे डंपर के पहिए उनके ऊपर से गुजर गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया।

घटना के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कई ग्रामीण सवार थे, जो बाल-बाल बचे। हालांकि हादसे से सभी दहशत में हैं। सूचना मिलते ही भगवानपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच कर लोगों से पूछताछ कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी लेकिन परिजनों ने सामाजिक और धार्मिक कारणों का हवाला देते हुए पोस्टमार्टम से इन्कार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस अज्ञात डंपर और उसके चालक की तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। मृतक इरशाद उर्फ भूरा अपने परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य बताए जा रहे हैं। उनकी असमय मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव रसूलपुर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

# विधायक के विरोध पर अतिक्रमण हटाए बिना बैरंग लौटी टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** शुक्रवार को लंढौरा में अतिक्रमण हटाने पहुंची तहसील प्रशासन की टीम को विधायक उमेश कुमार के विरोध के चलते अतिक्रमण हटाए बिना ही बैरंग लौटने पर मजबूर होना पड़ा। विधायक का कहना है कि अगर राजस्व टीम को नगर से अतिक्रमण हटाना है तो पहले अतिक्रमण कर्ता को नोटिस दिया जाए।

लंढौरा में मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ के नेतृत्व में 28 और 29 अप्रैल को रुड़की लक्सर और जौरासी मार्ग से अतिक्रमण हटाया गया था। इस



दौरान अतिक्रमण कर्ताओं के चालान भी काटे गए थे। शुक्रवार को भी अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पंचायत की ओर से अनाउंसमेंट कराया था। जैसे राजस्व टीम लंढौरा में अतिक्रमण हटाने पहुंची तो तभी विधायक उमेश कुमार ने मौके पर पहुंच कर इसका कड़ा विरोध जताया। विधायक ने नायब तहसीलदार यूसुफ अली को कहा कि अतिक्रमण हटाने से पहले आप दुकानदारों को नोटिस देने के बाद ही इस तरह की कार्रवाई कर सकते है। विधायक के सख्त रवैये के चलते राजस्व टीम को कार्रवाई किए बिना ही वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। टीम को देख कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी थी। टीम लौटने के बाद दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोली। दो दिन चले अतिक्रमण के दौरान 40 से अधिक दुकानदारों 93 हजार रुपये के चालान काटने के साथ कुछ सामान जब्त कर लिया गया था। नायब तहसीदार यूसुफ अली का कहना कि शुक्रवार को जवाइंट मजिस्ट्रेट किसी और कार्य में बिजी होने के कारण अतिक्रमण की कार्रवाई नहीं हो पाई है। नायब तहसीलदार का कहना है कि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# यूरिया के 285 बैग कम मिले दोबारा सीज किया गोदाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** गन्ना समिति के गोदाम में आधी रात के समय उर्वरक की लोडिंग के मामले में गठित संयुक्त जांच टीम ने समिति गोदाम की जांच की। दो दिनों तक चली जांच प्रक्रिया में गोदाम में 285 बैग यूरिया कम पाया गया। जांच पूरी होने के बाद गोदाम को वापस सील कर दिया गया। 16 अप्रैल की रात को किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने समिति परिसर में उर्वरक से भरे एक ट्रक को पकड़ा था। आरोप है कि, ट्रक में लदे उर्वरक को कहीं बेचने के लिए भेजा जा रहा था। मामले में गन्ना समिति के निदेशक अखिल पंवार की ओर से एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कर्मचारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। प्रकरण में गन्ना आयुक्त के निर्देश पर सहायक गन्ना आयुक्त ने जांच टीम गठित की है। जांच टीम में शामिल नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित सैनी, हेड कांस्टेबल शमशेर खां, मनोज मिनान और गन्ना समिति के विशेष सचिव सूरजभान सिंह सहित अधिकारियों ने बुधवार और बृहस्पतिवार को समिति गोदाम में जांच की। इस दौरान गोदाम की सील हटाकर गोदाम में मौजूद उर्वरक की गिनती कराई गई व 285 बैग यूरिया कम मिला। एनपीके और डीएपी स्टॉक के अनुसार मिला। बताते चलें कि, यूरिया से भरा एक ट्रक 16 अप्रैल के बाद से पुलिस के कब्जे में है। मामले में अब जांच टीम निरीक्षण की रिपोर्ट सहायक गन्ना आयुक्त को भेजेगी।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# मोबाइल झपटने वाले दो शातिर लुटेरे दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सड़क चलते लोगों से मोबाइल झपटने वाले 02 शातिर लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से लूटे हुए 12 मोबाइल भी बरामद कर लिये हैं।

जानकारी के अनुसार दिनांक 30.04.2026 को क्रमशः ग्राम शाहपुर व मंडावर निवासी व्यक्तियों से दो मो0सा0 सवार व्यक्तियों द्वारा मोबाईल फोन झीन कर ले जाने के सम्बन्ध मे कोतवाली भगवानपुर पर मु0अ0सं0 182/26 , मु0अ0सं0 183/26 अन्तगर्त धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किये गये। एसएसपी हरिद्वार के आदेश पर तत्काल टीम का गठन करते हुए घटना के अनावरण में लगाया गया। टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास साक्ष्य संकलन कर स्थानीय मुखबिरों से व्यक्तिगत मुलाकात करते हुए लाभप्रद सूचनाओं से अवगत कराने हेतु कहा गया। प्रयासों के फलस्वरुप दिनांक 30.04.2026 को खानपुर से खेलपुर जाने वाले चकरोड से पुलिस टीम ने अंकुल उर्फ अंकुर व गुलशन नाम के संदिग्ध को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त के मोबाईल फोन के साथ अन्य 10 मोबाईल फोन व घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 बरामद की। पकड़ ने आया आरोपी गुलशन



पूर्व में भी कई वारदात अंजाम दे चुका है। दोनों को नियमानुसार मा0 न्या0 मे पेश किया जायेगा। नाम पता आरोपी-अंकुल उर्फ अंकुर पुत्र सोमपाल निवासी रायपुर थाना सदर, जिला यमुनानगर हरियाणा हाल प्रताप कालोनी कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार व गुलशन पुत्र राजकुमार निवासी रायपुर कोतवाली भगवानपुर जिला हरिद्वार हैं।

# प्रशासनिक टीम ने दरगाह क्षेत्र से हटाया अवैध अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया। तहसीलदार एवं दरगाह प्रबंधक विकास अवस्थी ने पुलिस बल और दरगाह कर्मियों के साथ मिलकर बाजारों और नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया।

शुक्रवार पिरान कलियर पहुंचे तहसीलदार विकास अवस्थी ने साबरी गेस्ट हाउस, वीआईपी रोड, पीपल चौक, जीरो जोन समेत विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान कई दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान भी काटे गए।



तहसीलदार विकास अवस्थी ने बताया कि दरगाह क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से नालों और जीरो जोन में किए गए अतिक्रमण को हटाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।इस दौरान एसएसआई देवेन्द्र सिंह तोमर, सुपरवाइजर इंतखाब आलम, असलम कुरैशी, अफजाल, लेखाकार शादाम अली, हेड कॉन्स्टेबल जमशेद अली, जितेंद्र सिंह, नीरज राणा सहित अन्य दरगाह कर्मचारी मौजूद रहे।

भगवानपुर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
**आशू मलिक** (संवाददाता भगवानपुर)
**कार्यालय :** जिला पंचायत मार्किट भगवानपुर,
मोबाइल नं0 9761496669

# बांग्लादेश का विरोध

असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा के एक बयान को लेकर गुरुवार को ढाका में भारतीय कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाधे को विदेश मंत्रालय ने तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराने की बात सामने आई है। यूं तो मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा अपने कई विवादित बयानों को लेकर जाने जाते हैं, लेकिन ताजा मामले में 26 अप्रैल को हेमंत बिसवा ने कहा था कि असम में पकड़े गए 20 विदेशी नागरिकों को पुशबैक कर बांग्लादेश भेज दिया गया है। तभी से उनके इस बयान पर विवाद शुरू हो गया और बांग्लादेश ने ऐतराज जताना शुरू कर दिया। बांग्लादेश के अधिकारियों ने उनकी इस टिप्पणी को काउंटर प्रोडक्टिव बताया और साफ कहा कि इससे दोनों देशों के बीच विश्वास पर असर पड़ सकता है। यहां यह कहना भी जरूरी है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते ऐतिहासिक और रणनीतिक रूप से बेहद मजबूर रहेंगे। इन रिश्तों की नींव 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पड़ी थी। जब भारत ने बांग्लादेश को आजादी दिलाई थी। यह आजादी हमारे जवानों ने अपनी जान की बाजी खेलकर पाकिस्तान से दिलाई थी, लेकिन देखने में आ रहा है कि पिछले कुछ समय से बांग्लादेश के साथ रिश्ते हमारे ठीक दिशा की ओर नहीं जा रहे हैं। विशेषकर घुसपैठियों को लेकर भी दोनों देशों के बीच तनाव देखने में आता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि कोई भी देश घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगा, भारत भी नहीं। अगर भारत सरकार यह चाहती है कि कोई विदेशी घुसपैठिया भारत में प्रवेश न करे, तो उसका हर कोई समर्थन करेगा और इस पर किसी को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि बांग्लादेश हमारा पड़ोसी देश व परम मित्र है, तो ऐसे में घुसपैठिए को लेकर टिप्पणी में संयम बरतना भी चाहिए। वह टिप्पणी इस अंदाज में नहीं होनी चाहिए जिससे किसी देश के मान-सम्मान को चोट पहुंचती हो। दुर्भाग्य से ऐसा कई बार देखने में आया कि जब सरकार में जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्ति ने घुसपैठिए को लेकर कठोर टिप्पणी कर डाली। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा सरमा तो दिन-रात बांग्लादेश घुसपैठियों का राग अलापते ही रहते हैं। जाहिर है ऐसे में यह मुद्दा बेहद संवेदनशील बन जाता है। जिस तरह आज दुनिया का हाल हमारे सामने है, उसको देखते हुए भारत को विदेशी संबंधों के मामले में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। केवल राजनीतिक एजेंडा पूरा करना ही काफी नहीं होता, बल्कि दूरगामी परिणाम भी देखने होते हैं। जैसाकि इस समय देखने में भी आ रहा है कि ढाका में हालिया राजनीतिक बदलाव के बाद दोनों देशों के संबंध बेहद नाजुक दौर से गुजर रहे हैं।

# डेंगू और मलेरिया को लेकर रहना होगा सतर्क





रोहिताश सिंह वर्मा

**डेंगू बुखार आमतौर पर तेजी से बढ़ता है। हर चरण के साथ लक्षण और भी गंभीर होते जाते हैं। पहले तेज बुखार के बाद अगले लक्षण दिखाई देते हैं, जो गंभीर बीमारी का संकेत देते हैं। जब डेंगू के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं, तो खून में प्लेटलेट की संख्या घटनी शुरू हो जाती है।**

डेंगू और मलेरिया दोनों ही रोग मच्छर जनित हैं। फर्क इतना है कि मलेरिया का मच्छर रात में काटता है, जबकि डेंगू का मच्छर दिन के समय में काटता है, इसलिए दोनों रोगों को लेकर अभी से सतर्क रहना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सरकारी परामर्शों के अनुसार बीमारियों से बचने के लिए तुरंत अहतियाती उपाय शुरू कर देने चाहिए। कूलर, गमले, टायर और खुले बर्तनों में एक सप्ताह से अधिक पानी जमा न रहने दें, दिन में सोते समय भी मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी बाजू के कपड़े और फुल पैंट पहनें। विशेषकर बच्चों के लिए घर में सुबह और शाम को मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का प्रयोग करें। घर के आसपास मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करें। तेज बुखार, कमजोरी, या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं और डॉक्टर की सलाह लें। यह याद रखना चाहिए कि सावधानी हटी, बीमारी बढ़ी।


इसलिए सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। डेंगू बुखार आमतौर पर तेजी से बढ़ता है। हर चरण के साथ लक्षण और भी गंभीर होते जाते हैं। पहले तेज बुखार के बाद अगले लक्षण दिखाई देते हैं, जो गंभीर बीमारी का संकेत देते हैं। जब डेंगू के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं, तो खून में प्लेटलेट की संख्या घटनी शुरू हो जाती है। यही वह अवस्था है, जो एक रोगी को शारीरिक और मानसिक बीमार कर देती है। इसलिए इसका समय रहते इलाज जरूरी है। मेडिकल शिक्षा के अनुसार जुलाई से अक्टूबर तक बारिश के कारण चारों तरफ पानी जमा हो जाता है, जो डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के पनपने के लिए सबसे अनुकूल माहौल होता है, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में रहना पसंद करता है। सितंबर और अक्टूबर में डेंगू के मामलों में सबसे ज्यादा उछाल देखा जाता है। नवंबर में भी कभी-कभी शुरुआती सर्दियों के महीनों में भी डेंगू के मामले बढ़ सकते हैं, क्योंकि उस समय भी मच्छर पनपते रहते हैं। मलेरिया फैलाने वाले मादा एनाफिलीज मच्छर के लारवा मुख्य रूप से बरसात के मौसम (जुलाई से सितंबर-अक्टूबर) के दौरान सबसे तेजी से वृद्धि करते हैं।

इस दौरान मच्छर के प्रजनन और लारवा के पनपने के लिए सबसे अनुकूल स्थितियां होती हैं। गर्मी में भी मार्च से लेकर मई में भी जब लोग पानी जमा करके रखते हैं, तब भी कूलर और पानी की टंकियों में मच्छर तेजी से पनप सकते हैं। अंडे से मच्छर बनने की प्रक्रिया में 4 से 14 दिन लगते हैं। नेशनल सेंटर फार वेक्टर-बॉर्न डिजीज कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार मलेरिया कई क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी इस बीमारी से प्रभावित क्षेत्रों में रहती है। मलेरिया तब होता है जब संक्रमित एनोफिलीज मादा मच्छर प्लास्मोडियम परजीवी को रक्तप्रवाह में इंजेक्ट करता है। परजीवी परिपक्व होने के लिए यकृत(लीवर) में चले जाते हैं, फिर लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसी)को संक्रमित करने के लिए रक्तप्रवाह में वापस आ जाते हैं, जिससे मलेरिया के लक्षण पैदा होते हैं। संक्रमित मच्छर द्वारा काटे जाने के 10 से 15 दिन बाद मलेरिया के लक्षण आम तौर पर दिखाई देते हैं। सामान्य लक्षणों में तेज बुखार के चक्रीय एपिसोड जिसके बाद ठंड लगना और पसीना आना, गंभीर सिरदर्द होना आम बात है, कुछ लोगों को मतली और उल्टी जैसे जठरांत्र संबंधी लक्षण अनुभव होते हैं, सामान्य मांसपेशियों में दर्द और अत्यधिक थकान, परजीवियों द्वारा लाल रक्त कोशिक. ाओं को नष्ट करने के परिणामस्वरूप एनीमिया, लीवर की वजह से गंभीर मामलों में त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, संक्रमित लाल रक्त कोशिकाओं को निकालने की को. शिश करने पर तिल्ली बढ़ सकती है, गंभीर मामलों में विशेष रूप से प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के साथ सेरेब्रल मलेरिया (मस्तिष्क को प्रभावित करना), श्वसन संकट, अंग विफलता और मृत्यु जैसी जटिलताएं हो सकती हैं।

डेंगू के प्रमुख लक्षण: अचानक बहुत तेज बुखार (102-103) आना। आंखों के पीछे बहुत तेज दर्द होना। जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर दर्द (जिसे हड्डी तोड़ बुखार) भी कहा जाता है। इसके अलावा जी मिचलाना, उल्टी और त्वचा पर लाल चकत्ते आना। एडीज एजिप्टी नाम का मच्छर डेंगू को फैलाता है। यह मच्छर किसी डेंगू से बीमार व्यक्ति को काटता है और उसका खून पीने के साथ ही डेंगू वायरस भी अपने शरीर में ले लेता है, लेकिन यह वायरस तुरंत किसी और को संक्रमित नहीं कर सकता। इस वायरस को पूरी तरह से एक्टिव होने में 8 से 12 दिन लगते हैं। तब तक यह वायरस उस मच्छर के पेट में ही रहता है। इस समय के बीत जाने के बाद जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तो अपने साथ लाया हुआ खतरनाक डेंगू वायरस उस व्यक्ति के खून में छोड़ देता है। यही वायरस उस व्यक्ति को बीमार बना देता है, जिसे हम डेंगू बुखार कहते हैं। डेंगू बुखार में प्लेटलेट्स की संख्या में उतार-चढ़ाव आता है। सामान्य तौर पर स्वस्थ व्यक्ति का प्लेटलेट्स 1.5 से 4 लाख यूनिट के बीच होना चाहिए। यदि प्लेटलेट्स 1 लाख से कम हो जाते हैं, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत देता है।

## श्रीमुख से...

### श्रम संहिता से कामगारों की स्थिति कमजोर हुई



बढ़ती बेरोजगारी सरकार की नीतियों का परिणाम है और सरकार ने जो श्रम संहिता लागू की है, उससे कामगारों की स्थिति कमजोर हुई है, इसके अलावा ठेका श्रमिक व्यवस्था तथा हायर एंड फायर जैसी नीतियों को बढ़ावा दिया गया है, इन श्रम कानूनों की समीक्षा की जानी चाहिए, मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया है, जिससे राज्यों के लिए योजना को प्रभावी ढंग से चलाना कठिन हो गया है, सरकार की नीतियों के कारण श्रमिकों को असंगठित और गिग कार्य की ओर धकेला जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम करने को मजबूर हैं, महंगाई को ध्यान में रखा जाए तो पिछले वर्षों में मजदूरी वृद्धि बहुत कम रही है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# जनता की भी तो सुनो बालेन सरकार...





यशोदा श्रीवास्तव

इसमें दो राय नहीं कि नेपाल की बालेन सरकार नेपाल को नया बनाने की दिशा में बहुत कुछ नया करना चाह रही है लेकिन इसमें दुश्वारियां ढेर सारी है। वेशक उनके इस प्रयास की सराहना तो हो रही है लेकिन एक बड़ा वर्ग नाराज भी हो रहा है। प्रतिनिधि सभा के चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफ जीत मिली है जिसमें पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक का भरपूर जनसमर्थन रहा है। बालेन सरकार इसी पार्टी से प्रधानमंत्री का चेहरा थे। निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिले भारी जनादेश के पीछे बालेन शाह का चेहरा ही था।

उनके नेतृत्व में सरकार गठन के अभी महीना भर ही हुए हैं, इस बीच जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है लेकिन जनता से ही जुड़े दिनचर्या में बाधा भी आई है। इसमें एक तो भारत नेपाल सीमा के नेपाली नागरिकों के सीमावर्ती भारतीय बाजारों से रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी को नितांत सीमित कर देना है। इससे भारत सीमा से सटे नेपाली नागरिकों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के गरीब व मध्यम वर्गीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। हालांकि नेपाल उच्च न्यायालय ने दायर एक याचिका का संज्ञान लेते हुए इस पर सरकार से जवाब मांगा है। जनता से ही जुड़ा इससे भी बड़ा मामला अतिक्रमण के नाम पर मकानों के ध्वस्तीकरण का है। बता दें कि काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में चौड़ीकरण के नाम पर अवैध मकानों और बस्तियों को बुलडोजर से ढहाया जा रहा है। सरकार के इस निर्णय पर नेपाली कांग्रेस की ओर से आई प्रतिक्रिया में कहा गया है कि जेन जी के हिंसक और उग्र आंदोलन के समय राजधानी में कई सारे सरकारी इमारतें, होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान आग के हवाले हुए थे,बालेन सरकार जरा भी संवेदनशील होती तो पहले छतिग्रस्त इमारतों के निर्माण पर ध्यान देती लेकिन यहां तो अजीब हाल है, निर्माण को दरकिनार कर विध्वंस को प्राथमिकता दी जा रही है। काठमांडू के मनोहरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल और सेना की घेरेबंदी में सुकुम्बासी बस्ती पर सरकारी बुलडोजर चलाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों के विरोध और प्रशासन की सख्ती के बीच हालात बेहद संवेदनशील बने रहे। राजधानी और इसके पहले वीरगंज और कुछ अन्य इलाकों में तोड़फोड़ की घटना को बेहद तकलीफदेह बताते हुए नेपाली कांग्रेस के सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने बालेन सरकार पर निशाना साधा है। नेपाल में अतिक्रमणकारियों को सुकम्बासी कहा जाता है। इसका अर्थ भू स्वामित्व के बिना संपत्ति पर कब्जा करना होता है। नेपाल में ऐसे लोगों की संख्या करीब तीस लाख से अधिक है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि जो लोग पीढ़ियों से वैध कागजात के साथ अपने मकान में रह रहे हैं, उनके मकानों को भी 12 घंटे की मोहलत देकर ध्वस्त कर दिया जा रहा है। बालेन सरकार का शहर के बीचोबीच 50 मीटर चौड़ा राजमार्ग निकालने का निर्णय समझ से परे है। अमूमन ऐसे राजमार्ग शहर के बाहरी हिस्से से निकाले जाते हैं।बालेन सरकार के इस फैसले से काठमांडू ही नहीं नेपाल के लगभग सभी प्रमुख शहरों के प्रभावित होने का खतरा है।

प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह, जो पहले काठमांडू महानगर के मेयर रह चुके हैं, लंबे समय से शहर के भीतर फैली अवैध बस्तियों को हटाने के पक्ष में रहे हैं। मेयर रहते हुए उन्होंने काठमांडू क्षेत्र के थापाथली क्षेत्र में कई बार अवैध बस्ती हटाने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। अब प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह ने वही अभियान और अधिक सख्ती के साथ आगे बढ़ाया है। अब चूंकि गृह मंत्रालय भी उनके हाथ में है इसलिए प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आई है।

# शरीर पर चढ़ाना है मांस, तो मोरिंगा के पत्तों का करें इस्तेमाल




आजकल के बच्चे हरी सब्जियां खाना बिलकुल पसंद नहीं करते हैं। हरी सब्जियों को घास-फूस समझते हैं, लेकिन यह लोग नहीं जानते कि इनमें प्रोटीन का खजाना छिपा है, जो शरीर को ताकत देती है। ऐसे ही सहजन पेड़ के पत्ते होते हैं। इन्हें मोरिंगा के पत्ते भी कहा जाता है। एक अध्ययन के मुताबिक इनके अंदर दूध, दही, पनीर से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। वहीं, इनमें कैल्शियम की कमी पूरी की जा सकती है। चलिए आपको इसके फायदे के बारे में बताते हैं।

**हस्ट-पुष्ट होगी बॉडी**

मोरिंगा के पत्तों में दूध, दही और अंडे से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। मोरिंगा के पत्तों को पाउडर बनाकर इसका सेवन किया जा सकता है। इसे आप सलाद, अंडे, पास्ता के ऊपर छिड़कर खा सकते हैं। इसे सूप, डिप्स बनाकर खा सकते हैं। इसे जूस, नारियल पानी, स्मूदी, आइसक्रीम में मिलाकर खा सकते हैं।

**10 गुना प्रोटीन और 20 गुना कैल्शियम का सोर्स मोरिंगा**

शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन डाइट का विकल्प बहुत ही कम मिलता है। शाकाहारी लोगों के लिए दूध प्रोटीन का मुख्य सोर्स होता है। यूएसडीए के मुताबिक 100 ग्राम दूध 3.28 ग्राम प्रोटीन देता है। हालांकि, यूएसडीए के मुताबित 100 ग्राम मोरिंगा पाउडर से 33 ग्राम से ज्यादा प्रोटीन मिलता है। बता दें कि, इतना पोषण तो अंडा में भी नहीं मिलता। हड्डियों को मजबूत करने में मोरिंगा पाउडर अधिक बलशाली है। जहां दूध से करीब 123 उह कैल्शियम मिलता है, वहीं इतनी ही मात्रा में मोरिंगा पाउडर 2667 mg कैल्शियम देता है।

**आंखों के लिए फायदेमंद**

मोरिंगा पाउडर आपकी आंखों और इम्यून सिस्टम को मजबूत बना सकता है, क्योंकि इसमें विटामिन यह की भरमार होती है। जो आपकी नजर और इम्यूनिटी को तेज करने में मदद करता है।

**शुगर लेवल को कंट्रोल करता है**

डायबिटीज रोगियों के लिए यह चूर्ण रामबाण इलाज बन सकता है। यह ब्लड शुगर कम करने वाले गुणों की वजह से डॉक्टर इसका ज्यादा सेवन करने से मना करते हैं। क्योंकि यह ब्लड ग्लूकोज को बहुत ज्यादा भी गिरा सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल से राहत दिलाता**

गंदे कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने में मोरिंगा लीव्स काफी फायदेमंद है। नसों में कोलेस्ट्रॉल जमने से दिल पर प्रेशर बढ़ जाता है। यह दिल का दौरा का कारण भी बन सकता है।

## हर मौसम के लिए नहीं है कॉफी, गर्मी में हो सकता है नुकसान

गर्मियों में थोड़ी देर के लिए भी घर से बाहर जाने से शरीर की एनर्जी कम होने लगती है। भीषण गर्मी और धूप से बचाव करने के लिए हमें अपनी डाइट का सही ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। साथ ही ऐसे खाने से दूरी बनानी चाहिए, जो गर्मियों में आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाए। ऐसा ही एक फूड आइटम कॉफी है। हर व्यक्ति रोजाना दिन में एक-दो कप कॉफी पी लेता है। वहीं भीषण गर्मी में भी लोग ऑफिस आदि में कॉफी पीते हैं। भले ही एक कप कॉफी काम में एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती हो, लेकिन इसमें मौजूद कैफीन स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। क्योंकि गर्मियों में हमारे शरीर का तापमान बढ़ा होता है, ऐसे में आपको अपने शरीर को ठंडक पहुंचाने की जरूरत होती है। लेकिन कॉफी शरीर को ठंडा करने में मदद नहीं करती है। कॉफी में कैफीन की मात्रा पाई जाती है। वहीं अगर आप कॉफी का अधिक सेवन करते हैं, तो इससे आपके शरीर का टेंपरेचर बढ़ सकता है और पसीने की मात्रा बढ़ सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। गर्मियों में डिहाइड्रेशन होना एक आम परेशानी है, ऐसे में आप कॉफी की जगह पानी पीते रहें। इससे आपका शरीर भी ठंडा रहेगा। कॉफी में मौजूद कैफीन आपके शरीर के टेंपरेचर को बढ़ाने का काम कर सकती है। जो गर्मी में आपके लिए असहनीय हो सकता है। शरीर का तापमान बढ़ने से पसीना अधिक आ सकता है।

# अल-कायदा ने भी पाक के खिलाफ छेड़ी लड़ाई

## ईरान व अमेरिका के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश में घरेलू मोर्चे पर घिरता जा रहा इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश में घरेलू मोर्चे पर घिरता जा रहा है। दरअसल खुफिया रिपोर्ट में पता चला है कि खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा, पाकिस्तान में अशांति भड़काना चाहता है और उसने इसकी कोशिशें भी शुरू कर दी हैं।

खुफिया एजेंसियों के अनुसार, इस बात के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। अल-कायदा को लेकर यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब पहले से ही पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अल कायदा, अफगान तालिबान के समर्थन में ही पाकिस्तान के खिलाफ हुआ है। खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में अल-कायदा की मीडिया इकाई ने पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। अल कायदा का मानना है कि पाकिस्तान सरकार पश्चिमी देशों के करीब जा रही है, जिससे क्षेत्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं। अल-कायदा ने पाकिस्तान सेना और अफगानिस्तान में उसकी भूमिका की आलोचना करते हुए अपने समर्थकों से पाकिस्तान में शासन के खिलाफ लड़ाई छेड़ने का आह्वान किया है। एक खुफिया ब्यूरो अधिकारी के मुताबिक, यह घटनाक्रम अपेक्षित था। पाकिस्तान न केवल अफगानिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, बल्कि वह अल-कायदा के प्रतिद्वंद्वी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) को भी बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएसकेपी ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ लड़ाई में लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मोर्चा संभाला है। हालांकि पहले आईएसकेपी पाकिस्तान के खिलाफ बोलता रहा है, लेकिन अब वह उसका सहयोगी बन गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आईएसकेपी का मुख्य लक्ष्य तालिबान के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करना है। तालिबान के कमजोर होने से आईएसकेपी को अफगानिस्तान में विस्तार का मौका मिल सकता है। हालांकि अब तक अफगान तालिबान ने आईएसकेपी को काफी हद तक नियंत्रित रखा है। वर्तमान हालात में अल-कायदा को लगता है कि वह पाकिस्तान में जनभावनाओं का फायदा उठाकर आंतरिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। पाकिस्तान में बड़ी संख्या में लोग सरकार और खासकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ हैं, लेकिन सेना की सख्ती के कारण उनकी आवाज दबा दी गई है। अल-कायदा इन्हीं भावनाओं को भुनाने की कोशिश कर रहा है।



■ पाक सरकार पश्चिमी देशों के करीब जा रही है, जिससे क्षेत्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं: अल कायदा

### ईरान में इंटरनेट बैन से ऑनलाइन अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर

**तेहरान।** ईरान की लगभग नौ करोड़ की आबादी पिछले दो महीनों से इंटरनेट पर भारी पाबंदियों का सामना कर रही है। यह 'ब्लैकआउट' दुनिया के सबसे लंबे और सख्त प्रतिबंधों में से एक बन गया है, जिसने देश की ऑनलाइन अर्थव्यवस्था को पूरी तरह तबाह कर दिया है। इंटरनेट बंद होने का सबसे बुरा असर छोटे और मध्यम उद्योगों पर पड़ा है। फैशन, फिटनेस, विज्ञापन और खुदरा व्यापार जैसे क्षेत्रों से जुड़े कारोबारियों की आय पूरी तरह खत्म हो गई है। गौरतलब है कि ईरान की ऑनलाइन अर्थव्यवस्था ने लंबे समय तक सरकारी पाबंदियों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद खुद को संभाले रखा था लेकिन अब यह चरमरा गई है। अमेरिका और इजरायल के साथ हुए अस्थिर और नाजुक समझौते के बावजूद, ईरान के शासकों ने इंटरनेट सेवा बहाल करने से इनकार कर दिया है।



बीकानेर। राजस्थान में गर्मी के दिनों में मिट्टी के बर्तनों को बिक्री के लिए सजाता विक्रता।

### आंग सान सू की को जेल से घर नजरबंद किया, सजा में भी कटौती

**नेपीडा।** म्यांमार की सैन्य अधिकारियों ने देश की प्रमुख नेता आंग सान सू की को जेल से निकाल कर घर में नजरबंद कर दिया है। सरकारी मीडिया ने आधिकारिक बयानों के हवाले से बताया कि कैदियों को दी गई माफी के तहत उनकी सजा में कटौती के बाद यह फैसला लिया गया है। देश में सत्तासीन जुंटा प्रमुख मिन आंग हलिंग ने कथित तौर पर 80 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता सू की की सजा का कुछ हिस्सा कम कर दिया है और आदेश दिया है कि शेष सजा एक तयशुदा निवास स्थान पर काटी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एर्दोगन और रूसी राजदूत ने तुर्की-रूस सहयोग पर चर्चा की

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को रूसी राजदूत सर्गेई वर्शिनिन से मुलाकात की और रूस और तुर्की के बीच सहयोग के वर्तमान मुद्दों पर चर्चा की। यह जानकारी तुर्की में रूसी दूतावास ने गुरुवार को दी। दूतावास ने टेलीग्राम पर कहा कि एर्दोगन ने वर्शिनिन को तुर्की में रूसी राजदूत के रूप में नियुक्ति पर बधाई दी और उनके काम में सफलता की कामना की। बातचीत के दौरान, रूस-तुर्की सहयोग के वर्तमान मुद्दों पर चर्चा की गई और रूस तथा तुर्की के लोगों की समृद्धि और कल्याण के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को मजबूत करने के प्रति रूस और तुर्की की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

### एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती (वैसाख दिवस) के अवसर पर दुनिया भर के बौद्ध समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए वैश्विक शांति और एकजुटता का आह्वान किया है। गुटेरेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वैसाख दिवस पर दुनिया भर के बौद्ध भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और उनके महापरिनिर्वाण का स्मरण करते हैं। उन्होंने वर्तमान वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष वैसाख का यह अवसर ऐसे समय में आया है जब दुनिया भू-राजनीतिक तनावों, विभाजन और संघर्षों से जूझ रही है।

### अमेरिका के स्कूल में हुए चाकू हमले में पांच लोग घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन राज्य के टैकोमा शहर के एक स्कूल में चाकू से हुए हमले में चार स्कूली बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। यह जानकारी एबीसी प्रसारक ने स्थानीय पुलिस के हवाले से दी। घायलों की सूची में एक सुरक्षा गार्ड और हमलावर भी शामिल है, जिसे हिरासत लिया गया है। पुलिस के अनुसार, हमलावर उसी स्कूल में पढ़ता है लेकिन हमले के कारण का अभी पता नहीं चला है। जांच जारी है।

# होर्मुज में 90% घटी जहाजों की आवाजाही

## गिरावट अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों तथा तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद दर्ज हुई

**लंदन/दुबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही में भारी कमी आई है। समुद्री सुरक्षा अधिकारियों के आकलन के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से यातायात 90 फीसदी से अधिक घट गया है। यह गिरावट अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों तथा तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद हुई है।

ब्रिटेन के समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) ने 1 मार्च से 27 अप्रैल के बीच 40 से अधिक घटनाओं की सूचना दी है। इनमें व्यापारिक जहाजों पर हमले, क्षति, उत्पीड़न और बाल-बाल बचने की घटनाएं शामिल हैं। निगरानी टीम ने बताया कि कम से कम 26 घटनाओं में व्यापारिक जहाजों पर सीधे हमले हुए। तनाव बढ़ने से पहले, 28 फरवरी को, प्रतिदिन करीब 130 जहाज इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे। अब यह संख्या प्रतिदिन 10 से भी कम जहाजों पर आ गई है।

इससे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग में से एक लगभग ठप हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा शिपिंग का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। वाशिंगटन और तेहरान के बीच चल रहे सत्ता संघर्ष के कारण इसमें बड़ी बाधाएं आई हैं। यूकेएमटीओ के अधिकारियों ने बताया कि इस स्थिति के कारण खाड़ी के अंदर 850 से 870 बड़े व्यापारिक जहाज फंसे हुए हैं। सुरक्षा जोखिमों के कारण वे सुरक्षित रूप से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। यूकेएमटीओ के संचालन प्रमुख कमांडर जो ब्लैक ने कहा कि उनकी पहली चिंता नाविकों की सुरक्षा है। उन्होंने बताया कि करीब 20000 नाविक ऐसे जहाजों पर हैं जो कहीं नहीं जा रहे हैं। चालक दल में बदलाव नहीं हो रहा है और आपूर्ति भी बाधित हो रही है। कमांडर जो ब्लैक ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो नाविकों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर चिंताएं बढ़ेंगी। यूकेएमटीओ लाल सागर, खाड़ी क्षेत्र और उत्तरी हिंद महासागर में जहाजों के लिए एक प्रमुख समुद्री सुरक्षा सूचना केंद्र के रूप में कार्य करता है। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि क्षेत्र में लंबे समय तक व्यवधान वैश्विक व्यापार मार्गों को प्रभावित कर सकता है। वहीं पश्चिम एशिया में जारी जंग को सुलझाने के लिए कई पहलुओं पर चर्चा और मंथन जारी है। कई बार शांति वार्ता और बैठकें भी हुई हैं, जिनका कोई खास असर नहीं देखने को मिला है। इसी बीच संयुक्त अरब अमीरात ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। दरअसल, संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह बयान ईरान युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में गहरे अविश्वास का संकेत है। संघर्ष के दो महीने बाद भी यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग ईरानी नाकाबंदी के कारण बंद है। अमेरिकी नौसेना ईरानी कच्चे तेल के निर्यात को रोक रही है। इस नाकाबंदी ने दुनिया की 20 फीसदी तेल और गैस आपूर्ति बाधित की है। इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं और आर्थिक मंदी की चिंताएं बढ़ी हैं। बता दें कि, 8 अप्रैल से अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम लागू है, लेकिन नए सैन्य हमलों की खबरों से तेल की कीमतें बढ़ीं। ईरान ने हवाई सुरक्षा सक्रिय की है और हमले की स्थिति में व्यापक प्रतिक्रिया की योजना बनाई है।



■ शांति के प्रयासों को झटका यूएई बोला: होर्मुज के मुद्दे पर ईरान पर नहीं किया जा सकता है भरोसा

### ईरानी सीमाओं की घरोबंदी भौगोलिक रूप से असंभव: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी को भौगोलिक रूप से असंभव बताते हुए इसे चुनौती किया। उन्होंने कहा कि ईरान की सीमाओं का विशाल आकार किसी भी देश के लिए उसे पूरी तरह बंद करना असंभव है। कालीबाफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ईरान के भूगोल की तुलना करते हुए सुझाव दिया कि यदि अमेरिका में दो लंबी दीवारें बनाई जाएं, एक न्यूयॉर्क शहर से पश्चिमी तट तक और दूसरी लॉस एंजिल्स से पूर्वी तट तक, तो भी उनकी कुल लंबाई ईरान की सीमाओं के बराबर नहीं होगी। उन्होंने लिखा कि यदि आप न्यूयॉर्क से पश्चिमी तट तक और लॉस एंजिल्स से पूर्वी तट तक दो दीवारें बनाते हैं, तो उनकी कुल लंबाई 7755 किलोमीटर होगी, जो ईरान की कुल सीमाओं से लगभग 1000 किलोमीटर कम है। इतनी बड़ी सीमाओं वाले देश की घेराबंदी करने के लिए आपको शुभकामनाएं। कालीबाफ ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के लिए एक विशेष नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने दूरी मापने की इकाई समझाते हुए कहा, पीएस पीट हेगसेथ के लिए-1 किलोमीटर =0.62 मील। ईरान की धरती और समुद्री सीमाएं 8,700 किलोमीटर से अधिक लंबी हैं।

# अमेरिकी संसद चीन निर्मित एआई मॉडलों की कर रही जांच

■ चीनी कंपनियां 'मॉडल डिस्टिलेशन' नाम की तकनीक का इस्तेमाल कर रही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की दो शक्तिशाली समितियों ने चीन से जुड़ी कंपनियों द्वारा बनाए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल की एक बड़ी जांच शुरू की है। सांसदों को डर है कि इन चीनी एआई मॉडलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है, जिसमें डेटा की चोरी और रणनीतिक रूप से चीन पर बढ़ती निर्भरता शामिल है।

होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी के अध्यक्ष एंड्रयू आर-गारबारिनो और चीन मामलों की कमेटी के अध्यक्ष जॉन मूलनार ने इस जांच का ऐलान किया। उनका मुख्य ध्यान डीपसीक, अलीबाबा, मूनशॉट एआई और मिनीमैक्स जैसी चीनी कंपनियों पर है, जिनके सस्ते एआई सिस्टम दुनिया भर में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। जांच में सबसे बड़ा आरोप यह है कि चीनी कंपनियां 'मॉडल डिस्टिलेशन' नाम की तकनीक का इस्तेमाल कर रही हैं। आसान भाषा में कहें तो, ये कंपनियां अवैध तरीकों और फर्जी खातों के जरिए अमेरिका के महंगे और आधुनिक एआई सिस्टम की खूबियां चुरा लेती हैं। फिर वे उन्हीं खूबियों को अपने सस्ते एआई मॉडल में डाल देती हैं, लेकिन उनमें वो सुरक्षा घेरे (सेफगार्ड्स) नहीं होते जो अमेरिकी सिस्टम में अनिवार्य हैं। सांसदों ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी कंपनियां शोध में अरबों डॉलर खर्च करती हैं, जबकि चीनी कंपनियां बहुत कम लागत में उस मेहनत को चुरा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना सुरक्षा मानकों वाले इन मॉडलों का इस्तेमाल आतंकी संगठन, अपराधी या दुश्मन देश गलत कामों के लिए कर सकते हैं। जांच के पहले चरण में 'एनीस्फीयर' और 'एयरबीएनबी' जैसी कंपनियों से जवाब मांगा गया है। एयरबीएनबी से पूछा गया है कि वह अपनी ग्राहक सेवा के लिए अलीबाबा के एआई मॉडल पर क्यों निर्भर है।

# बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू करने की अपील की

■ पीड़ितों को तुरंत डॉक्टर मनोवैज्ञानिक मदद और कानूनी सलाह मिले: संसद

**स्ट्रासबर्ग/ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए मांग की है कि पूरे यूरोपीय संघ में बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू होनी चाहिए। सांसदों का कहना है कि बलात्कार के मामलों में केवल शारीरिक हिंसा या बल प्रयोग को ही आधार न माना जाए, बल्कि 'सहमति' के अभाव को मुख्य आधार बनाया जाए। संसद में भारी बहुमत से पास हुई इस रिपोर्ट में मांग की गई है कि सभी सदस्य देश अपने पुराने कानूनों को बदलें।

सांसदों ने साफ कर दिया है कि सहमति का मतलब केवल 'हां' होना चाहिए। अगर कोई महिला चुप है, विरोध नहीं कर पा रही है या उसने साफ तौर पर 'ना' नहीं कहा है, तो इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि उसकी सहमति थी। यहां तक कि पुराने रिश्तों या पहले दी गई किसी सहमति को भी मौजूदा मामले में आधार नहीं बनाया जा सकता। सांसदों का तर्क है कि कई बार डर, नशे, बेहोशी या किसी मजबूरी की वजह से पीड़ित विरोध करने की स्थिति में नहीं होता। कभी-कभी सदमे की वजह से शरीर सुन्न पड़ जाता है, जिसे कानून और अदालतों को समझना होगा। संसद चाहती है कि पीड़ितों को तुरंत डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक मदद और कानूनी सलाह मिले। इसके लिए हर वक्त खुले रहने वाले सहायता बनाने की बात भी कही गई है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुलिस, जज और वकीलों को खास ट्रेनिंग दी जानी चाहिए ताकि वे पीड़ितों के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं।

# अफगानिस्तान सीमा के पास 13 दहशतगर्द ढेर

## पाकिस्तानी सेना ने खैबर पख्तूनख्वा में की कार्रवाई

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कम से कम 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह जानकारी पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने शुक्रवार को दी। अंतर-सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) ने बताया कि फिटना-अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकवादी 28 और 29 अप्रैल को मोहम्मंद और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में मारे गए। फितना अल-ख्वारिज एक ऐसा शब्द है, जिसका इस्तेमाल सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को संदर्भित करने के लिए करती है। मोहम्मंद जिले में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के रास्ते घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे ख्वारिजों के एक समूह की गतिविधियों का पता लगाया। बयान में कहा गया है कि सैनिकों ने समूह के साथ प्रभावी ढंग से मुठभेड़ की और आठ ख्वारिज मारे गए। एक अन्य मुठभेड़ में, सैनिकों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास ख्वारिजों के एक समूह द्वारा घुसपैठ के एक और प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया और भीषण गोलीबारी के बाद पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया। दरअसल, क्षेत्र में मौजूद किसी भी आतंकवादी को खत्म करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा था। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि राष्ट्रीय कार्य योजना पर संघीय सर्वोच्च समिति की ओर से अनुमोदित अज्म-ए-इस्तेहकाम की दृष्टि के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान पूरी गति से जारी रहेगा। बयान में आगे कहा गया है, अफगान तालिबान शासन को अपने दायित्वों को पूरा करना चाहिए। इसके साथ ही ख्वारिज की ओर से अफगान भूमि के उपयोग और पाकिस्तान के अंदर आतंकवाद में अपने नागरिकों की संलिप्तता को रोकना चाहिए। रिकॉर्ड संख्या में आतंकवादियों की मौत के बावजूद पाकिस्तान में 2025 में आतंकवादी हिंसा में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई, जिसमें आतंकवादी हमलों में 34 प्रतिशत और आतंकवाद से संबंधित मौतों में साल दर साल 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह जानकारी इस्लामाबाद स्थित पाक इंस्टीट्यूट फार पीस स्टडीज की ओर से जारी एक रिपोर्ट में दी गई है। पिछले एक साल में विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है।



### बालेन्द्र शाह ने दी देशवासियों को बुद्ध जयंती की बंधाई


**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर विश्व शांति की कामना करते हुए कहा है कि सच्ची क्रांति 'क' से नहीं, बल्कि 'ज्ञ' यानी 'ज्ञान' से शुरू होती है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में भगवान बुद्ध के उपदेशों को उद्धृत करते हुए लिखा कि बुद्ध ने कहा था कि दुख है, दुख का कारण है, दुख का निवारण है और दुख निवारण का मार्ग भी है। उन्होंने कहा कि बुद्ध द्वारा दिखाया गया रास्ता वास्तव में दुख के निवारण का मार्ग है। नेपाली प्रधानमंत्री ने ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अंधेरा केवल प्रकाश का अभाव है।

# एपस्टीन ने मरने से पहले लिखा था सुसाइड नोट

## 7 साल से अदालत में सील, जांच एजेंसियों को भी नहीं मिला ये अहम सबूत

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के मरने से पहले उसके सुसाइड नोट लिखने का दावा किया गया है। यह कथित सुसाइड नोट पिछले करीब 7 साल से न्यूयार्क की अदालत में सील है। इस वजह से इसे अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक एपस्टीन की मौत की जांच कर रही एजेंसियों को भी यह अहम सबूत नहीं मिला। अगर यह नोट सच में एपस्टीन ने लिखा था, तो यह उसकी मानसिक स्थिति के बारे में अहम जानकारी दे सकता था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोट जुलाई 2019 में एपस्टीन के साथी कैदी निकोलस टारटाग्लियोने को मिला था। उस समय एपस्टीन जेल में बेहोश हालत में मिला था और उसकी गर्दन पर कपड़ा बंधा हुआ था। उस घटना में उनकी जान बच गई थी। लेकिन कुछ हफ्तों बाद जेल में उनकी मौत हो गई, जिसे मेडिकल अधिकारियों ने आत्महत्या बताया। टारटाग्लियोने के मुताबिक, इस नोट में लिखा था कि जांच एजेंसियों ने महीनों तक एपस्टीन की जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। नोट में यह भी लिखा था, आप मुझसे क्या चाहते हैं, क्या मैं रोऊं? अब अलविदा कहने का समय है। हालांकि, अमेरिकी जस्टिस डिपोर्टमेंट का कहना है कि उनके पास यह नोट नहीं है, इसलिए वे इसकी पुष्टि नहीं कर सकते। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोट बाद में टारटाग्लियोने के अपने आपराधिक केस का हिस्सा बन गया और एक फेडरल जज ने इसे सील कर दिया। इसी वजह से एपस्टीन की मौत की जांच करने वालों को यह अहम सबूत नहीं मिल पाया। न्यूयार्क टाइम्स ने हाल ही में अदालत से इस नोट को सार्वजनिक करने की मांग की है। इसी बीच, रिकॉर्ड में मौजूद दो पेज की टाइमलाइन बताती है कि टारटाग्लियोने के वकीलों ने इस नोट को असली बताया, लेकिन कैसे, यह साफ नहीं है। जस्टिस डिपार्टमेंट की प्रवक्ता ने कहा कि एपस्टीन केस से जुड़े सभी दस्तावेज जुटाने के लिए एजेंसी ने काफी कोशिश की, जिसमें जेल ब्यूरो और इंस्पेक्टर जनरल आफिस के रिकॉर्ड भी शामिल थे।



■ अगर यह नोट सच में एपस्टीन ने लिखा था, तो यह उसकी मानसिक स्थिति के बारे में अहम जानकारी दे सकता था

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)